आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 25 जून 2024
वर्ष 5, अंक 91, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वेस्टइंडीज को हराकर अफ्रीका सेमीफाइनल में 15

अक्षय कुमार की सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी रिलीज 16

एक नजर

ईडी ने मुंबई में जब्त की 37 करोड़ रुपये की संपत्ति

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंबर दलाल मामले में जारी जांच के तहत सोमवार को मुंबई में कई ठिकानों पर छापों के दौरान 37 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की और आपत्तिजनक दस्तावेज तथा डिजिटल उपकरण जब्त किए। दलाल (59) के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जांच जारी है। उसने कथित तौर पर जोखिम-मुक्त वस्तुओं के व्यापार में निवेश के जरिए उच्च रिटर्न का वादा करके अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात के निवेशकों सहित कई लोगों से करोड़ों रुपये ठगे। दलाल को मार्च में गिरफ्तार किया गया था।

फर्जी निकली हवाई अड्डे पर बम रखने की धमकी

कर्नाटक। कर्नाटक के कलबुर्गी हवाई अड्डे को सोमवार को ईमेल के जरिए बम रखे होने की धमकी मिली जो व्यापक तलाश अभियान के बाद फर्जी निकली। पुलिस ने बताया कि ईमेल मिलने के तुरंत बाद बम निरोधक दस्ता और श्वान दस्ता हवाई अड्डा परिसर की तलाशी में लगाया गया। कलबुर्गी के पुलिस आयुक्त चेतन आर. ने बताया कि हवाई अड्डे के निदेशक चिलका महेश को आज सुबह एक अज्ञात आईडी से ईमेल मिला जिसमें दावा किया गया कि हवाई अड्डा परिसर में एक बम रखा गया है। धमकी के ईमेल के बारे में सूचना मिलने पर हमने एक बम निरोधक दस्ता भेजा। बेंगलुरु से पहुंचे विमान में सवार सभी यात्रियों को उतारा गया।

18वीं लोकसभा की पहली बैठक में नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

नीट-नीट के नारे, लहराईं संविधान की प्रतियां

प्रधानमंत्री मोदी के शपथ लेने के दौरान लगे जय श्रीराम और मोदी-मोदी के नारे

शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान और गृहमंत्री शाह को झेलना पड़ा विपक्ष का विरोध

प्रधानमंत्री ने रखा अपना विजन, लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की बात कही

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू हुआ। सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि यह सदन संकल्प की पूर्ति का सदन है। विकसित भारत के संकल्प के साथ नई लोकसभा की शुरुआत हो रही है। 60 साल बाद देश की जनता ने किसी सरकार को तीसरी बार सेवा का मौका दिया है। यह बेहद गौरवपूर्ण है।

उन्होंने देश के सामने अपना विजन रखा और लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की बात कही। सत्र की शुरूआत में प्रधानमंत्री व उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ ही अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री जैसे ही शपथ लेने के लिए उठे कांग्रेस समेत सभी विपक्षी सदस्य संविधान की प्रतियां लेकर खड़े हो गए, यह देखकर सत्ता पक्ष के सदस्य भी मोदी-मोदी के नारे लगाने लगे। गृहमंत्री अमित शाह जब शपथ लेने जा रहे थे, तब भी राहुल गांधी व अन्य कांग्रेसियों ने संविधान की प्रति लहराई। इससे पहले प्रधानमंत्री ने संसद में प्रवेश से पहले देश में आपातकाल लागू किए जाने के 50 वर्ष पूरे होने पर जनता को जागरूक करने का अभियान चलाने का एलान किया। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे उखड़ गए। उन्होंने पीएम मोदी को कठोरता से जवाब दिया। पहले दिन कुल 262 सदस्यों ने शपथ ग्रहण की, बाकी के अन्य सदस्य मंगलवार को शपथ ग्रहण करेंगे। कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब ने सदन की कार्यवाही का संचालन किया और सदस्यों को शपथ दिलाई। जब मोदी शपथ लेने जा रहे थे सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मोदी-मोदी और जय श्रीराम के नारे लगाए। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जब शपथ लेने पहुंचे तो विपक्ष ने नीट-नीट के नारे लगाए। प्रधानमंत्री के बाद भाजपा के वरिष्ठ सदस्य राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते ने शपथ ली। कांग्रेस सदस्य के. सुरेश, द्रमुक के टीआर बालू और टीएमसी के सुदीप बंदोपाध्याय को भी सिंह और कुलस्ते के साथ पीठासीन सभापतियों के पैनल में चुना गया है लेकिन उन्होंने प्रोटेम स्पीकर के रूप में महताब के निर्वाचन पर आपत्ति जताते हुए शपथ नहीं ली और सदन से बहिर्गमन किया। कैबिनेट मंत्रियों राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, मनोहरलाल खट्टर, एचडी कुमार स्वामी, पीयूष गोयल आदि ने शपथ ली।



संसद भवन परिसर में हाथ उठाकर अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री मोदी और संविधान की प्रति लहराते राहुल गांधी व अन्य।

मोदी बोले-देश चाहता है जिम्मेदार विपक्ष

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश की जनता विपक्ष से नखरे, ड्रामा, नारेबाजी और व्यवधान की जगह ठोस काम और संसद की गरिमा बनाए रखने की उम्मीद करती है। एक अच्छे और जिम्मेदार विपक्ष की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं व आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उनकी सरकार हर किसी की सहमति के साथ और हर किसी को साथ लेकर चलने का निरंतर प्रयास करेगी। 18वीं लोकसभा की शुरुआत के अवसर पर संसद भवन परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने संसदीय चुनावों में राजग की जीत को महान और भव्य बताया।

शपथ ग्रहण में भाषायी विविधता की झलक दिखी

शपथ ग्रहण के दौरान भारत की भाषायी विविधता की झलक देखने को मिली। अधिकतर सदस्यों ने हिंदी में शपथ ली तो कई सदस्यों ने संस्कृत, असमिया, मैथिली, तेलुगू, कन्नड, मलयालम तथा पंजाबी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी कैबिनेट के कई सदस्यों ने हिंदी में शपथ ली। नागर विमानन मंत्री तथा तेदेपा के सदस्य राममोहन नायडू और कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने तेलुगू में, केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी और प्रह्लाद जोशी ने कन्नड में शपथ ली। किसी भी केंद्रीय मंत्री ने अंग्रेजी में शपथ नहीं ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज ने संस्कृत में शपथ ली।

नड्डा बनाए गए राज्यसभा में सदन के नेता

भाजपा अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को राज्यसभा में नेता सदन बनाया गया है। नड्डा को पीयूष गोयल की जगह यह जिम्मेदारी दी गई है क्योंकि गोयल हाल ही में हुए चुनाव में जीत के बाद लोकसभा के सदस्य चुने गए हैं। नड्डा को गत फरवरी में एक बार फिर से राज्यसभा के लिए चुना गया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पहले से ही नेता विपक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

आप नेता आतिशी की तबीयत बिगड़ी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की तबीयत सोमवार को उनके अनिश्चितकालीन अनशन के चौथे दिन बिगड़ गई, चिकित्सकों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी है। हालांकि आतिशी ने हरियाणा द्वारा दिल्ली के पानी का हिस्सा जारी किए जाने तक अस्पताल में इलाज कराने से इनकार कर दिया है। मेरा रक्तचाप और शर्करा का स्तर गिर रहा है और मेरा वजन भी कम हो गया है।

केजरीवाल की बेल पर 26 को सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट आबकारी घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ उनकी याचिका पर 26 जून को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने सोमवार को कहा कि वह इस मुद्दे पर हाईकोर्ट के आदेश का इंतजार करना चाहेगी। केजरीवाल के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने जमानत आदेश पर अंतरिम रोक हटाने का अनुरोध किया।

नौकरियों में 5 % बोनस असंवैधानिक

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें भर्ती परीक्षाओं में हरियाणा के निवासियों को अतिरिक्त अंक देने की राज्य सरकार की नीति को रद कर दिया गया था।

हरियाणा सरकार की नीति को लोकलुभावन उपाय करार देते हुए न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की अवकाशकालीन पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की नौकरियों में कुछ वर्गों के उम्मीदवारों को अतिरिक्त अंक देने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित सामाजिक-आर्थिक मानदंडों को असंवैधानिक करार दिया था। पीठ ने कहा कि ये सभी लोकलुभावन उपाय हैं।

किसी को पांच अंक अतिरिक्त मिलने के कदम का आप किस तरह बचाव कर सकते हैं? नीति को उचित ठहराते हुए अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने उन लोगों को अवसर देने के लिए कृपांक नीति शुरू की, जो सरकारी नौकरियों से वंचित थे। सुप्रीम कोर्ट पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 31 मई के आदेश के खिलाफ हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी।

हाईकोर्ट ने 31 मई को हरियाणा सरकार की उस नीति को खारिज कर दिया था, जिसके तहत ग्रुप सी और ग्रुप डी पदों के लिए सीईटी में कुल अंकों में राज्य के निवासी अभ्यर्थी की सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आधार पर पांच प्रतिशत बोनस अंक दिए जाने थे। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा था कि कोई भी राज्य पांच प्रतिशत अंकों का लाभ देकर रोजगार को केवल अपने निवासियों तक सीमित नहीं कर सकता है।

हरियाणा सरकार को झटका

- सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा

टैंकर ने एक ही परिवार के पांच लोगों को कुचला, सभी की मौत

संवाददाता, प्रयागराज

- सरायममरेज थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना, मृतक जौनपुर निवासी

अमृत विचार : शादी समारोह से बाइक पर लौट रहे एक ही परिवार के पांच लोगों को तेज रफ्तार टैंकर ने कुचल दिया। सभी की मौके पर मौत हो गई। मृतकों में 2 बच्चे हैं।

हादसा सोमवार सुबह सात बजे सराययममरेज थाना क्षेत्र के हंडिया रस्तीपुर गांव के समीप हुआ। पुलिस के अनुसार जौनपुर जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के चौकी खुर्द गांव निवासी ये लोग रविवार को बाइक से रिश्तेदारी में गए थे। वहां से बरात में हंडिया चले गए। बरात से लौटने पर पांचों लोग बाइक से घर लौट रहे थे। सराययममरेज के रस्तीपुर स्थित पेट्रोल पंप के सामने डंपर ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार विकास (25), सुम्मरी (60), जनता (34), दीवाना (7), लक्ष्मी (8 माह) की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने टैंकर चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया कि परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

आईपीएस अंकित मित्तल निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पत्नी-बच्चों के साथ बदसलूकी के आरोप में की गई कार्रवाई

अमृत विचार : पत्नी के साथ विवादों के चलते 2014 बैच के आईपीएस अंकित मित्तल को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं।

वर्तमान में अंकित चुनार के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में एसपी के पद तैनात थे। इससे पहले भी इन्हीं विवादों की वजह से उन्हें एसपी गोंडा के पद से हटाकर चुनार भेजा गया था। शासन ने पत्नी, बच्चों के साथ बदसलूकी के आरोप सही पाए जाने पर उन्हें सोमवार को निलंबित कर दिया।

पूर्व डीजी गोपाल गुप्ता के दामाद अंकित मित्तल पर अपनी एक महिला मित्र के साथ संबंध रखने का आरोप है। उनकी पत्नी ने शासन को भेजी अपनी शिकायत में बदसलूकी करने का आरोप लगाया था। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के रिश्ते ठीक नहीं चल रहे हैं। पत्नी उनके ऊपर तरह-तरह के आरोप लगाती रही हैं।

रसूखदार है आईपीएस की महिला मित्र

बताया जाता है कि निलंबित आईपीएस की महिला मित्र पूर्वांचल के एक जिले से संबध रखती हैं। उसके कई ऊंची पहुंच रखने वालों और आपराधिक किस्म लोगों से भी नजदीकियां हैं।

फर्जी एनकाउंटर करने के भी लगे हैं आरोप

बैच 2022 के आईपीएस अंकित से जुड़ी फर्जी एनकाउंटर की कहानी भी सामने आई थी। चित्रकूट में फर्जी मुठभेड़ मामले में अंकित मित्तल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। तत्कालीन एसपी समेत एसटीएफ टीम के 15 सदस्यों के खिलाफ चित्रकूट की अदालत ने केस दर्ज करने का आदेश दिया था।

पहली बारिश में ही टपकने लगा श्रीराम मंदिर में पानी

अयोध्या कार्यालय

- अधिक वर्षा पर बाधित हो सकती पूजा-अर्चना, दर्शन : मुख्य पुजारी
- गर्भगृह से पानी की निकासी की व्यवस्था पहले से ही नहीं है

अमृत विचार : पहली बारिश में ही श्रीराम मंदिर के भूतल पर पानी टपकने लगा। मंदिर के गर्भगृह से पानी की निकासी की समस्या पहले से ही है। अगर समुचित इंतजाम नहीं किया गया तो ज्यादा बारिश होने पर मंदिर में पूजा अर्चना और दर्शन बाधित हो सकता है। मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने जल्द इसका समाधान कराए जाने की मांग की है। कहा कि श्रीराम मंदिर का निर्माण अभी चल रहा है। संस्था एलएंडटी से जुड़े टॉप के इंजीनियर इसका निर्माण करा रहे हैं, लेकिन जितना निर्माण हुआ है उसमें ही कमियां सामने आई हैं।

आचार्य सत्येंद्र दास ने सोमवार को बताया कि शनिवार को हुई बारिश में रामलला के मंदिर के अंदर पुजारी के स्थान पर और उसके आगे ज्यादा पानी ऊपर छत से टपक रहा था। पानी भी भर गया था। यहां से वीवीआईपी श्रद्धालु दर्शन करते हैं। पानी निकलने की जगह पहले से ही नहीं है। एक-दो दिन में सोचकर समाधान निकाल लेना चाहिए। कहा कि मंदिर परिसर में प्रकोष्ठों में अन्य मूर्तियों की स्थापना मंदिर निर्माण के बाद साल 2025 तक किए जाने की बात बताई गई लेकिन इन सब की व्यवस्था पहले से ही सोच लेनी चाहिए। जो निर्माण हो गए हैं उन पर ध्यान भी दिया जाना चाहिए। श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रथम मंजिल पर फर्श बनाने और वायरिंग का काम जारी है। पानी का रिसाव न हो, इसके लिए वाटर प्रूफिंग का काम सभी स्थानों पर चल रहा है। वायरिंग के कारण खंभों के पास से थोड़ा पानी आ सकता है। मैकेनिक कुछ कार्य को आधा छोड़कर चले जाते हैं। इस दौरान जब बारिश होती है तो कहीं से थोड़ा पानी आ सकता है। पानी टपकने का मामला खंभों के आसपास का ही रहा। वायरिंग के लिए लगने वाली पाइप को बंद किया जा रहा है। आगे किसी भी प्रकार से पानी आने की संभावना नहीं रहेगी।



मंदिर की दीवार से रिसता बारिश का पानी।

20 स्थानों पर धंसा नवनिर्मित रामपथ

पहली बारिश में ही नविनर्मित रामपथ 20 स्थानों पर धंस गया। सड़क और मिट्टी बैठने से नई डाली गई सीवर लाइन की पाइप जगह-जगह सामने आ गई। हालांकि गिट्टी की भराई करके यातायात सामान्य कर दिया गया। सहादतगंज से नया घाट तक रामपथ 12.94 किमी लंबा है। यह लगभग पौने आठ सौ करोड़ की लागत से बना है। रात की बारिश में 20 स्थानों पर यह धंस गया। सीवर चैंबर वाले स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे। शहर के मुख्य सड़क से गली के मार्गों में बिछाई गई सीवर लाइन की दुर्दशा भी सामने आ गई।

सीबीआई ने कई राज्यों से 5 और मामलों की जांच संभाली

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट-यूजी

- ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा, केंद्रीयकृत परीक्षा प्रणाली खत्म करने की मांग

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित गड़बड़ी के पांच नए मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है। इन मामलों की जांच गुजरात, राजस्थान और बिहार की पुलिस कर रही थी।

वहीं महाराष्ट्र के लातूर से आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने जिला परिषद स्कूल के एक शिक्षक को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) मामले में गिरफ्तार किया है और चार व्यक्तियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखकर आग्रह किया कि 'पेपर लीक' विवाद को देखते हुए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) खत्म करने और राज्यों द्वारा परीक्षा आयोजित कराने की पुरानी प्रणाली बहाल करने पर विचार किया जाए।

सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने गुजरात और बिहार से एक-एक मामला और राजस्थान से तीन मामलों को अपनी प्राथमिकी के रूप में फिर से दर्ज किया है, वहीं महाराष्ट्र के लातूर से एक और मामले की जांच भी एजेंसी के अपने हाथ में लेने की संभावना है।

पटना और गोधरा पहुंची सीबीआई की टीम

पटना/गोधरा। सीबीआई का एक दल नीट-यूजी में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के सिलसिले में सोमवार को पटना में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंचा। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई अधिकारी ईओयू से इस मामले के सबूत ले रहे हैं। सीबीआई की एक टीम सोमवार को गुजरात के पंचमहल जिले में स्थित गोधरा शहर पहुंची। गोधरा पुलिस ने आठ मई को एक मामला दर्ज किया था। पंचमहल के पुलिस अधीक्षक, हिमांशु सोलंकी ने कहा कि सीबीआई टीम गोधरा पहुंची और पुलिस अधिकारियों से मिली।

अधिकारियों ने बताया कि बिहार के मामले को छोड़कर, अन्य चार मामले अभ्यर्थी की जगह अन्य व्यक्ति द्वारा परीक्षा देने तथा स्थानीय अधिकारियों, निरीक्षकों और अभ्यर्थियों द्वारा धोखाधड़ी से संबंधित छिटपुट मामले प्रतीत होते हैं। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से व्यापक जांच के लिए एक संदर्भ जारी किये जाने पर सीबीआई ने पहले ही मामले के संबंध में अपनी प्राथमिकी दर्ज कर ली है। अधिकारियों ने बताया कि इन नये मामलों की जांच संभालने के बाद सीबीआई अब नीट-यूजी में कथित गड़बड़ी से संबंधित कुल छह मामलों की जांच कर रही है।

उत्तराखंड में वज्रपात से भाई-बहन की मौत

संवाददाता, खटीमा

- धान की रोपाई कर रहे थे दोनों दो भाई और मां बाल-बाल बचीं

अमृत विचार : वज्रपात से सैजना गांव में धान की रोपाई कर रहे भाई-बहन की मौत हो गई। इनके दो भाई और मां बाल-बाल बच गए।

सैजना निवासी संक्रांति देवी सोमवार को अपने पुत्रों गोविंद सिंह राणा, सुमित सिंह राणा, हरीश सिंह राणा और पुत्री सुहावनी के साथ धान की रोपाई करने गई थीं। सुबह करीब 7:30 बजे तेज बारिश के दौरान वज्रपात हुआ जिसकी चपेट में आने से सुमित सिंह राणा (20) और सुहावनी (22) की मौत हो गई। गोविंद, हरीश और संक्रांति देवी बाल-बाल बच गए। तहसीलदार हिमांशु जोशी, पटवारी अंकित सक्सेना गांव पर पहुंचे। नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा और विधायक भुवन कापड़ी ने भी पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

सुमित राणा

सुहावनी

लोनिवि में इस बार कहीं दर्जनों रिटायर्ड को न मिल जाए तैनाती

लोक निर्माण विभाग में फिर ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाला की आशंका, वर्ष 2022 में मंत्री जितिन प्रसाद के ओएसडी समेत कई पर मुख्यमंत्री ने की थी कार्रवाई

अजय दयाल, लखनऊ

- पोर्टल पर दर्ज हैं रिटायर्ड अभियंताओं के भी नाम, कार्यरत को दिखाया त्यागपत्र दिया हुआ
- कोई 27 सालों से एक जिले में तो कई सालों से जमे अधिकारी के नाम ही सूची में नहीं

अमृत विचार : साल 2022 में लोक निर्माण विभाग उस वक्त अचानक चर्चा में आ गया था जब विभाग की ट्रांसफर सूची में एक मृत इंजीनियर की भी तैनाती दिखा दी गई थी। उस दौरान ट्रांसफर-पोस्टिंग में तमाम अनियमितताएं सामने आई थीं।

इस साल दर्जनों रिटायर्ड अभियंताओं को ही कहीं स्थानान्तरित न कर दिया जाए? ऐसे में विभाग में एक बार फिर ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाले की आशंका है। एक तो विभाग इस बार मंत्री विहिन (जितिन प्रसाद के केन्द्रीय मंत्री बन जाने के बाद) है। ऊपर से मानव संपदा पोर्टल में भारी अनियमितताएं हैं। सबसे बड़ी गड़बड़ी तो यह कि पोर्टल पर ट्रांसफर होने वालों की सूची में जहां लगभग तीन दर्जन रिटायर्ड अभियंताओं के नाम हैं वहीं, उन अधिकारियों के नाम ही नहीं जो वर्षों से एक ही जगह जमे हैं और ट्रांसफर की प्राथमिकता में आते हैं।

हालांकि पूर्व में जितिन प्रसाद के मंत्री रहते विभाग में ट्रांसफर प्रक्रिया में अनियमितताएं बरती गई थीं। ट्रांसफर में मृत इंजीनियर की भी तैनाती दिखा दी गई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाराजगी प्रकट की। जांच बैठाई और बाद में जितिन प्रसाद के ओएसडी समेत कई अधिकारियों, कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई थी। इस बार भी मुख्यमंत्री का सख्त आदेश है कि मानव संपदा पोर्टल की गड़बड़ियां समय रहते दुरुस्त कर लीं जाएं। लोनिवि में ताजा गड़बड़ी की बात जाए तो अलग-अलग जिलों में कार्यरत ऐसे 30 इंजीनियर-अधिकारी ऐसे हैं जो विभाग से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। लेकिन लोनिवि में अब भी कार्यरत दिखाए जा रहे हैं। उदाहरण के तौर पर औरैया में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पद पर तैनात काजी अली आसिफ इसी साल 31 मई को रिटायर हो गए, अयोध्या में प्रशासनिक अधिकारी रहे खुशीराम 30 अप्रैल को, सहायक अभियंता सिविल देशबंधु सिंह (आजमगढ़) 29 फरवरी, अकाउंटेंट सुरेन्द्रकांत (बलरामपुर) 31 जनवरी, सहायक अभियंता सिविल (लखनऊ) अरविंद कुमार पांडेय 31 मार्च, हेड असिस्टेंट विमला लोहानी, (लखनऊ) 31 मई, सीनियर असिस्टेंट संदीप सिंह (वाराणसी) से 26 मार्च को रिटायर हुए हैं। इसी तरह इस सूची में अन्य तमाम अधिकारियों के नाम शामिल हैं। पोर्टल में अन्य गड़बड़ियां भी हास्यास्पद हैं। एक ही खण्ड में दो-दो अधिशासी अभियंताओं की तैनाती तो वहीं कार्यरत अवर अभियंता को इस्तीफा दिया हुआ दिखाया जा रहा है। इतना ही नहीं जिले में जिस अवर अभियंता को 27 सालों से कार्यरत दिखाया जा रहा है, उसका बैच ही 2009 का है यानि नौकरी ही अभी 15 साल की हुई है। बहरहाल, डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के अध्यक्ष एनडी द्विवेदी जहां यह कहते हैं कि गलत डेटा को सही कराने के लिए विभाग को नोटिस दिया गया है। वहीं, लोनिवि के एक जिम्मेदार अधिकारी का कहना है कि कार्मिकों की अपलोड सूची पर आपत्तियां मांगी गई हैं। आपत्तियों का परीक्षण कर संशोधित सूची अपलोड की जाएगी। तबादलों के बाद भी आपत्तियां ली जाएंगी और आवश्यकता पड़ी तो सुधार होगा।

शहर में आज

☞मिस्टनगंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में हनुमान चालीसा का पाठ प्रात 6:30 बजे।

☞उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक तिलक कालोनी में दोपहर 1:30 बजे।

एक नजर

राष्ट्रीय स्तर पर नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी छात्राएं

रामपुर, अमृत विचार : कुछ माह पहले उत्तराखंड राज्य स्तर पर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। इसमें अलग-अलग श्रेणी में तीन छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। तनिष्का सिंह, यशश्वी श्रीवास्तव व चारवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इन तीनों छात्राओं की कोच रक्षिता श्रीवास्तव ने बताया कि अब यह तीनों राष्ट्रीय स्तर के लिए तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में उत्तराखंड राज्य की तरफ से इसी माह प्रतिभाग करेंगी।

आसमान छू रही सब्जियों की कीमत, थाली से सलाद गायब

आलू, बैगन, मिर्च, चुकंदर, पालक महंगे होने से बिगड़ा रसोई का बजट, आसमान छू रहे हैं हरा धनिया और अदरक के दाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भीषण गर्मी के कारण हरी सब्जियों के दाम बढ़ने से भोजन की थाली से सलाद गायब हो गई है। हरा धनिया और अदरक के दाम 200 रुपये प्रति किलो के पार पहुंच गए हैं। इसके कारण चटनी भी महंगी हो गई है। गृहणियों का कहना है कि महंगाई लगतार सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती ही जा रही है। हरा धनिया भी एक माह के अंदर काफी महंगा हो गया है। 40 रुपये किलो बिकने वाला धनिया भी अब 200 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से बिक रहा है।

महंगाई की मार से आम आदमी सबसे ज्यादा प्रभावित है। दाल तो पहले ही गरीब की थाली से गायब हो चुकी थी। अब चटनी भी महंगी लग रही है। लहसुन 200 रुपये किलो बिक रहा है। अधिकतर लोग दाल में लहसुन और जीरे का तड़का लगाते हैं। इसके दाम भी काफी अधिक हो गए हैं। 40 रुपये किलो बिकने वाली शिमला मिर्च भी 120 रुपये किलो तक पहुंच गई है। अधिकतर सब्जियों के दाम महीने भर में दोगुने हो चुके हैं।

स्टार चौराहा स्थित दुकान पर रखीं हरी सब्जी। ● अमृत विचार

● 120 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंचे शिमला मिर्च के दाम, नींबू को भी लगा महंगाई का तड़का

सब्जियों का राजा आलू भी 25 से 30 रुपये प्रति किलो पहुंच गया है। अलावा नींबू के दाम भी बढ़ गए है। मिर्च 40 से 60 रुपये किलो, लौकी 20 से बढ़कर 40 रुपये किलो तक बाजार में बिक रही है। महंगाई की मार से गृहणियों की रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। सब्जियों विक्रेताओं का कहना है कि कुछ सब्जी हल्द्वानी से आने की वजह से महंगी हैं। इसमें धनिया, शिमला मिर्च, अदरक, फूल गोभी शामिल है। थोक मंडी से जो सब्जी महंगी मिलती है उनके फुटकर दाम भी अधिक होते हैं।

सब्जियों के मूल्य

सब्जी	मूल्य
धनिया	200 रुपये किलो
लहसुन	200 रुपये किलो
शिमला मिर्च	120 रुपये किलो
सोयाबीन	120 रुपये किलो
फूल गोभी	80 रुपये किलो
मिर्च	60 रुपये किलो
लौकी	40 रुपये किलो
आलू	30 रुपये किलो
खीरा	30 रुपये किलो
टमाटर	30 रुपये किलो
भिंडी	40 रुपये किलो
कद्दू	30 रुपये किलो
बैंगन	30 रुपये किलो

एक माह पहले जो धनिया 40 रुपये किलो मिला रहा था, वह अब बाजार में 200 रुपये किलो मिल रहा है। अन्य सब्जियों के दाम भी बढ़ गए हैं। महंगाई ने सारा बजट बिगाड़ दिया है।
-पूजा

गर्मी का मौसम है। इन दिनों अधिकतर लोग नींबू की शिंकजी पीते हैं। मगर नींबू का भाव काफी अधिक चल रहा है। नींबू के दाम कम होने चाहिए।
-गुलनाज खान

सब्जियों के राजा आलू के दाम में भी काफी उछाल आया है। एक माह पहले 20 रुपये किलो मिलने वाला आलू वर्तमान में 30 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है।
-सुमन चौहान

लहसुन, शिमला मिर्च, सोयाबीन, फूलगोभी, मिर्च और आलू समेत कई सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। सब्जी महंगी होने की वजह से बजट बिगड़ गया है।
-शालिनी गुप्ता

75 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाले छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति

रामपुर, अमृत विचार : जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहम्मद जीशान मलिक ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्वदशम, दशमोत्तर छात्रवृत्ति तथा पीएम यशस्वी योजना चलाई जा रही है। इसमें पारदर्शिता एवं दक्षता में वृद्धि करने के लिए शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की गणना होगी।

उन्होंने बताया कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति तथा पीएम यशस्वी योजना के तहत आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं की नियमानुसार दैनिक उपस्थिति की गणना शासन के आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग द्वारा अधिकृत संस्था श्रीट्रान इंडिया लिमिटेड के द्वारा संचालित आधार बेस्ड बायोमैट्रिक, फेशियल ऑथेन्टिकेशन सिस्टम से कराई जाएगी। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 75 प्रतिशत व उससे अधिक उपस्थिति वालों को ही छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति सुविधा दी जाएगी।

पदक के साथ मौजूद खिलाड़ी। ● अमृत विचार

रामपुर के खिलाड़ियों ने उत्तराखंड में जीते पदक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : 23वें उत्तर भारत कराटे चैंपियनशिप का आयोजन नैनीताल में 23 जून को हुआ।

इसमें महालक्ष्मी अकादमी के काटा इवेंट में यजस्वी सिंह, हरनीत सिंह, रिशन गुप्ता व कनिष्क सिंह स्वर्ण पदक और दर्श सक्सेना ने रजत पदक जीता। कुमेटी इवेंट में दर्श सक्सेना और यशस्वी सिंह ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आर्यन सारस्वत, स्कंद शर्मा, सिद्धार्थ सिंह तथा रिशन गुप्ता को रजत पदक मिला। कनिष्क सिंह ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर खिलाड़ियों ने जिले का नाम रोशन किया। इस मौके पर मनु सक्सेना, आरती शर्मा, नीरजा आर्य, गजेन्द्र सिंह, मयंक सक्सेना, मनु गुप्ता, प्रशिक्षक सेंसई विनीत कुमार उपस्थित रहे।

समस्याओं के समाधान के लिए नगर मजिस्ट्रेट से मिलेंगे सेवानिवृत्त कर्मी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक ट्रेजरी कार्यालय के सभागार में हुई। इसमें जिलाध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि कुछ समय पहले नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। इसमें बिंदुवार समीक्षा की गई थी। समस्याओं का समाधान नहीं होने की स्थिति में 26 जून को नगर मजिस्ट्रेट से मिलकर वार्ता करने का निर्णय लिया गया।

30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत्ति होने वाले कर्मचारियों को एक वेतनवृद्धि का लाभ देने से संबंधित शासनादेश निर्गत कराने पर प्रांतीय संगठन एवं शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। 22 जुलाई को एक दिवसीय अधिवेशन दो वर्षीय चुनाव के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में एनपी सिंह, वेद प्रकाश शर्मा, राम मोहन चतुर्वेदी, परवेज अहमद खान, जसराज सिंह सागर, ओमवीर सिंह, भगवान दास, दिनेश सक्सेना, हरिद्वारी लाल, मनोहर लाल, राम मोहनलाल सक्सेना, फसाहत नबी खान, सोमपाल सिंह, साजिद खान आदि मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

● नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में की गई थी कई बिंदुओं पर चर्चा

सचल दल ने खाद्य पदार्थों के पांच नमूने लिए

रामपुर, अमृत विचार : खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल ने छापेमारी कर पांच खाद्य पदार्थों के नमूने लिए हैं। सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं।

टीम ने शाहबाद के मुख्य बाजार स्थित अभिषेक प्रोविजन स्टोर से डुप्लीकेट टाटा नमक का एक और अग्रवाल व आनंद किराना स्टोर से बेसन के दो नमूने लिए हैं। इसके अलावा खिजरपुर के पास महावीर तथा शाहनवाज से दूध के नमूने भी लिए गए। अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि पांच नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि आगे भी अभियान जारी रहेगा। कहा कि रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, रामप्रताप, अशोक कुमार, राहुल शुक्ला आदि शामिल रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में मौजूद उद्यमी एवं अधिकारी। ● अमृत विचार

रोशन बाग में पुलिस की गश्त बढ़ाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने सभी उद्यमियों की सभी समस्याओं को सुना। गंभीरतापूर्वक निस्तारण करने के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक आस्थान रोशन बाग में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए।

कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला उद्योग बंधु एवं जिला व्यापार बंधु की बैठक हुई। इसमें उद्यमियों ने औद्योगिक आस्थान रोशन बाग में पुलिस की गश्त बढ़ाने की मांग की। इस जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी औद्योगिक आस्थान में रात आठ से 10 बजे के बीच पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। कहा कि औद्योगिक आस्थान की इकाइयों के आसपास अनाधिकृत व्यक्तियों पर कार्रवाई करें। ताकि उद्यमियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। स्वार क्षेत्र में गंदे नाले से बहने वाले पानी को मिनी औद्योगिक आस्थान में आने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से जानकारी ली। उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार, उद्यमी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

छात्रों को प्रोत्साहित कर रही लाइब्रेरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल ने सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के अध्यक्ष डॉ. महमूद अली खान से मुलाकात की। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ खां, सचिव डॉक्टर दायम रजा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों को प्रोत्साहित करने का कार्य लाइब्रेरी के पदाधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। लाइब्रेरी के इस प्रयास से छात्रों का भविष्य स्वर्णिम होगा।

लाइब्रेरी के अध्यक्ष को सौंपे ज्ञापन में कहा कि सौ से अधिक शिक्षकों वाला हमारा संगठन जिले में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के प्रयासों और योगदान का समर्थन करते हैं। जमीनी स्तर पर सहयोग भी करते रहे हैं। आल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन भविष्य में भी सहयोग का भरोसा दिलाता है। सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के अध्यक्ष डा. महमूद अली खां ने प्रतिनिधि मंडल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता के लिए सौलत लाइब्रेरी के दरवाजे हमेशा खुले हैं।

इस अवसर पर प्रवक्ता जीशान मुराद, लाइब्रेरी के सचिव डा. अदनान खां जियाई, कार्य समिति के सदस्य सेवानिवृत्त न्यायाधीश खलील अहमद खां, शिक्षक कमर जव्वाद और उवैस खां राजा आदि मौजूद रहे।

लाइब्रेरी के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● बच्चों का भविष्य संवारने को हमेशा खुले हैं सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के दरवाजे

मानसिक रोग चिकित्सक से साझा करें अपनी समस्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हेल्प नंबर जारी कर दिया गया है। कहा कि लोग अपनी समस्या को मानसिक रोग चिकित्सक से साझा करें।

सीएमओ ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए परामर्श एवं एकीकृत चिकित्सा के साथ मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को विशेषज्ञ द्वारा उपलब्ध कराया जाना है। जनमानस में मानसिक रोगों से सम्बन्धित उच्च जोखिम समूहों को त्वरित रूप से प्रारम्भिक प्राथमिक मानसिक सेवाएं उपलब्ध कराना है। टेली मानस कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए जनपद के स्कूलों, जनसमुदायों, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविर लगाकर मानसिक स्वास्थ्य के साथ टेली मानस का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

जिला चिकित्सालय के कमरा नंबर छह बी में स्थापित मन कक्ष में मानसिक बीमारियों का उपचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति का मन उदास रहता हो, किसी काम में मन न लगता हो, नींद की समस्या हो, दैनिक कार्यों को करने में कठिनाई, अकेले रहने का मन करना, आत्मविश्वास की कमी, नशे की लत, इत्यादि समस्याओं के लिए टेली मानस नम्बर पर सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि यदि किसी भी प्रकार की मानसिक समस्या हो तो जिला चिकित्सालय के कमरा नम्बर-6बी में संपर्क कर इलाज कराएं।

किसानों का हो रहा शोषण : सलीम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : किसान पंचायत को संबोधित करते हुए भाकियू भानु के जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी ने कहा कि किसानों का हर सरकारी दफ्तर में खुलेआम शोषण किया जा रहा है। किसान की कोई सुनने वाला नहीं है। किसान की स्थिति दिनों दिन खराब होती जा रही है।

आंबेडकर पार्क में सोमवार को हुई पंचायत में किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद छह सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी ने कहा कि किसानों का कर्जा पूर्ण रूप से माफ किया जाए। बिना ब्याज के पांच लाख का कर्ज दिया जाए। किसानों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। पिछली सरकार में किसानों को सामान्य योजना के अंतर्गत नलकूप कनेक्शन मिलते थे। इसमें लघु व सीमांत किसान नलकूप के कनेक्शन ले लेते थे। लेकिन मौजूदा सरकार ने सामान्य योजना बंद कर किसान को दबाने व खत्म करने का काम किया है।

उत्तर प्रदेश में घरेलू बिजली के दाम सभी प्रदेशों से अधिक हैं। कई प्रदेशों में 200 से 300 यूनिट बिजली फ्री दी जा रही है। प्रदेश में भी 200 यूनिट बिजली फ्री दी जाए। किसान व मजदूरों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

पंचायत में राष्ट्रीय सचिव हारून खान, जिला महासचिव रईस अहमद, शकील, फरहत खान, हरताल सिंह यादव, नजाकत अली, सुभान अली, शफीक अहमद, एजाज खान, हरदीप सिंह, गुफरान अली, गुलामुद्दीन, नादिर मियां, इदरीस अहमद, मुबारक हसन आदि मौजूद रहे।

आंबेडकर पार्क में प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

किसानों ने विकास भवन में किया प्रदर्शन

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा के नेतृत्व में प्रदर्शन कर मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि जल जीवन मिशन के कार्यों और मोबाइल टावरों पर लगे उपकरणों की जांच कराई जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने और प्लाईवुड फैक्ट्रियों में नीम कोटेड यूरिया का प्रयोग करने रोक लगाने की मांग की गई है। कहा गया है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में अनियमितताएं बरती जा रही हैं।

ज्ञापन देने वालों में दिनेश कुमार, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद फरमान, सुभान अली, रागिब खान, मोहम्मद इमरान, जमशेद, मोहम्मद यूसुफ, विनोद कुमार, लाखन सिंह शामिल रहे।

तैयारी भीषण गर्मी को देखते हुए बढ़ाया था एक सप्ताह का अवकाश

एक माह बाद आज से खुलेंगे परिषदीय स्कूल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : करीब एक माह के बाद आज से परिषदीय स्कूल खुल जाएंगे। शिक्षक 7:30 से 1:30 तक स्कूलों में रहकर अपना जरूरी काम निपटाएंगे। हालांकि बच्चे 28 जून से स्कूल पहुंचेंगे।

परिषदीय स्कूलों के गर्मी के अवकाश 20 मई से शुरू हो गए थे। 15 जून को स्कूल खुलना थे। लेकिन बीच में त्योहारों को देखते हुए 18 जून तक अवकाश कर दिए गए थे। भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों के अवकाश 18 से बढ़ाकर 24 जून तक कर दिए गए थे। इसके चलते अब स्कूल मंगलवार से खुलेंगे। शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक सुबह 7:30 से 1:30 बजे तक स्कूलों में रहकर सरकारी काम काज निपटाएंगे। बच्चों की कक्षाएं शुरू होने के बाद पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय खूंटाखेड़ा बिलासपुर। ● फाइल फोटो

28 जून से स्कूल जाएंगे छात्र-छात्राएं

28 जून से छात्र-छात्राएं स्कूल जा सकेंगे। कक्षाएं सुबह साढ़े सात से सुबह साढ़े दस बजे तक ही लगेंगी। एक जुलाई से कक्षाएं सुबह साढ़े सात से 1:30 बजे तक लगेंगी। क्योंकि उस समय गर्मी कम हो जाएगी।

आज से परिषदीय स्कूल खुल रहे हैं। सबसे पहले स्कूलों में साफ-सफाई कराई जाएगी। 28 जून से बच्चे आ जाएंगे। उनका रोली से तिलक कर स्वागत किया जाएगा।
- संजीव कुमार, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी

मंगलवार से स्कूल खुल रहे हैं। स्कूलों में समय से जाकर पेंडिंग पड़े सरकारी कामों को निपटाया जाएगा। उसके बाद 28 जून से बच्चे आने पर उनकी दोबारा से पढ़ाई शुरू कराई जाएगी।
- एकता गुप्ता, शिक्षिका

19 मई से ग्रीष्मावकाश हो गए थे। मंगलवार से स्कूल खुल रहे हैं। स्कूलों में साफ-सफाई का कार्य किया जाएगा। अधूरे कामों को पूरा किया जाएगा। इसके बाद 28 जून से बच्चे स्कूल आने लगेंगे।
- राना तलत, शिक्षिका

29 जून को कार्य बहिष्कार करेंगे विद्युत संविदाकर्मी

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के संविदा कर्मी 29 जून को कार्य बहिष्कार करेंगे। जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि वेतन भुगतान में भेदभाव, समान कार्य का समान वेतन मिलना चाहिए। उन्होंने हटाए गए कर्मचारियों को वापस लगाने की मांग भी की। उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के कार्यालय पर सोमवार को बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि ईपीएफ घोटाले की जांच की जाए। सुरक्षा उपकरण दिए बगैर दबाव बनाकर न कराया जहाए। घायल कर्मचारियों को कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाए। कहा कि 29 जून को कर्मचारी कार्य बहिष्कार करेंगे। 30 जून को नवाबगेट स्थित एक्सईएन प्रथम के कार्यालय से गांधी समाधि तक कैंडल मार्च निकाला जाएगा।

आवश्यकता है
अमृत विचार को
● एचआर /एडमिन
● मार्केटिंग मैनेजर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर व अकाउंटेंट की
अनुभवः- किसी दैनिक अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव हो
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

Resonance®
Educating for better tomorrow
KOTA'S RESONANCE
STUDY CENTER MORADABAD
Admission open
Class 6 to 10th
Class 11 & 12
NEET/JEE
JEE (Advanced) Top Rankers
AIR 6 KARTHIKEYA POLISETTY JEE (Adv.) 2022
AIR 7 BIKKINA A. CHOWDARY JEE (Adv.) 2023
AIR 8 DHEERAJ KURUKUNDA JEE (Adv.) 2022
NEET (UG) Top Rankers
AIR 13 VRAJESH V. SHETTY NEET (UG) 2022
AIR 27 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2022
AIR 60 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2023
upto 100% Scholarship
Address:- Reso Tower, Wave Green, opp. Wave Mall. Ramganga Vihar, Moradabad Cont. No. 9634290001, 8193061111

आज का मौसम

आसमान में बादल छाए रहने और हल्की वर्षा का अनुमान है।

34.0⁰ अधिकतम तापमान | 29.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 07:16

एक नजर

तमंचा और गैर-जमानती वारंट में तीन आरोपी धरा

बिलासपुर, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने तमंचा व गैर-जमानती वारंट के मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि एसआई संजय कुमार ने एक आरोपी को माठखेड़ा रोड से गिरफ्तार किया है। उसके पास से तमंचा व कारतूस मिला है। आरोपी गुरविंदर सिंह ग्राम खौंदलपुर का रहने वाला है। वहीं, मोहल्ला सोमवार की बाजार निवासी श्रीपाल तथा उत्तराखंड के गदरपुर के इस्लामनगर निवासी अमित कुमार ढींगरा को उनके घरों से पकड़ा गया है। चोरी व आर्म्स एक्ट के पुराने विचाराधीन मामलों में अदालत में हाजिर न होने के कारण इनके विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किए थे।

रिश्वत लेते संविदाकर्मी गिरफ्तार

प्रशिक्षण का पत्र बनवाने के नाम पर मांगी थी तीन हजार रुपये की घूस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : डीफार्मा की ट्रेनिंग के लिए लेटर बनवाने के मामले में सीएमओ ऑफिस में तैनात संविदाकर्मी को तीन हजार रुपये की रिश्वत मांगना भारी पड़ गया। शिकायत के आधार पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटीकरप्शन) टीम ने रिश्वत लेते हुए संविदाकर्मी को रंगे हाथ पकड़ लिया। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव बजावाला निवासी राजकुमार के पुत्र कैलाश ने डीफार्मा कर रखा है। अब वह तीन माह की ट्रेनिंग करने के लेटर बनवाने के लिए सीएमओ ऑफिस में तैनात संविदाकर्मी नवीन के पास चक्कर काट रहा था। लेटर बनवाने के बदले नवीन उससे तीन हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। काफी परेशान हो जाने के बाद कैलाश ने इस बारे में शिकायत मुरादाबाद में एंटीकरप्शन टीम से की थी। शिकायत के बाद मामला तय हो जाने पर योजना के तहत संविदाकर्मी को लेटर बनवाने के नाम पर तीन हजार रुपये दिए। पैसे देते ही टीम ने बाबू को रंगे हाथ दबोच लिया। इससे सीएमओ कार्यालय में खलबली मच गई। टीम आरोपी नवीन को कोतवाली ले गई और उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। छापेमारी में इंस्पेक्टर मोहम्मद इश्तियाक, नवल मारवाह, दरोगा विजय कुमार, अरुण कुमार सिंह और कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

एंटी करप्शन टीम की गिरफ्त में आरोपी नवीन। ● अमृत विचार

टीम आने के बाद सीएमओ ऑफिस में मची खलबली

सोमवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे अचानक एंटी करप्शन की टीम ने सीएमओ ऑफिस में छापा मारकर संविदाकर्मी को पकड़ लिया। इसके टीम उसे सरकारी जीप में बैठाकर टीम ले जाने लगी। इससे आफिस में खलबली मची गई। बाबू इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद टीम ने सीएमओ को मामले से अवगत कराया। इस दौरान काफी देर तक सीएमओ कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। टीम ने करीब दो घंटे तक आरोपी से पूछताछ की।

तेजी से बढ़ रही रिश्वतखोरी

सरकारी कार्यालयों में काम कराने के नाम पर बाबू से लेकर दरोगा तक लोगों से जमकर रिश्वत ले रहे हैं। रिश्वतखोरी रुकने का नाम नहीं ले रही है। एक ओर सरकार भष्ट्राचार को खत्म करने की बात कर रही है तो वहीं सरकारी कार्यालयों में रिश्वतखोरी तेजी के साथ बढ़ रही है। कुछ माह पहले गंज थाने में तैनात एक दरोगा ने पांच हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। एंटी करप्शन टीम ने उसे पैसे लेते हुए पकड़ लिया था। इसके बाद मिलक में एक बाबू रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था। कुछ माह पहले टांडा थाने में नायब नाजिर को रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। लोग रिश्वतखोरी के इन मामलों को अभी भूले भी नहीं थे कि अब सीएमओ आफिस में संविदाकर्मी नवीन तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ गया।

पुलिस ने कुकर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

स्वार, अमृत विचार : पुलिस ने चौकीदार के छह वर्षीय बेटे के साथ कुकर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी चौकीदार का छह वर्षीय बेटा आठ जून को अन्य बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रहा था। तभी गांव का ही एक युवक आया और बालक को बहला फुसलाकर नदी किनारे ले गया था। वहां उसने बालक के साथ कुकर्म किया था। इसके बाद बालक रोता हुआ घर पहुंचा और परिजनों को सारी बात बताई थी। पुलिस ने आरोपी अरमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बालक का मेडिकल कराया था।

सोमवार को क्राइम इंस्पेक्टर अनूप शर्मा को मुखबिर ने सूचना दी कि कुकर्म का आरोपी भागने की फिराक में बिलासपुर तिराहे पर किसी वाहन के इंतजार में खड़ा है। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। क्राइम इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

कार का शीशा तोड़कर चोरी करने वाले दो आरोपी पकड़े

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : स्वीमिंग पुल पर स्नान करने आए अमरोहा के युवकों व महिलाओं की कार का पिछला शीशा तोड़कर 1200 रुपये समेत अन्य समान चुराने के मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान कर ली। सोमवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके कब्जे से कार से चुराया गया सामान भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

रविवार को अमरोहा जनपद के गांव काजी सराय उर्फ काका सराय निवासी डाक्टर सलमान व मोहम्मद आसिम तथा उसकी गुलअफ्शा के साथ बाजपुर मार्ग स्थित गांव सड़क का मझरा के निकट हवाई अड्डा रेस्टोरेंट में घूमने आए थे। हवाई अड्डे के स्वीमिंग पूल में पानी न होने के कारण वह समान कार रख कर पास में स्थित दूसरे स्वीमिंग पूल में नहाने चले गए थे। इस दौरान चोर खड़ी कार का पीछे का शीशा तोड़कर

पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी।

1200 रुपये, आधार व पैन कार्ड आदि चुरा कर ले गए थे। पुलिस ने गुलअफ्शा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इसके बाद असपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के बाद दो आरोपियों को चिह्नित कर लिया था।

सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी भागने की फिराक में गांव सड़क के मझरा के निकट किसी वाहन के इंतजार में खड़े हैं। पुलिस ने तत्काल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मोहल्ला रसूलपुर निवासी अरबाज व मोहल्ला अगलगा निवासी फैजान बताए हैं। क्राइम इंस्पेक्टर अनूप शर्मा ने बताया कि दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

खड़ी डबल डेकर बस में पीछे से घुसी कार, तीन लोग घायल

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : हाईवे पर खड़ी डबल डेकर बस में कार पीछे से घुस गई। कार में सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें एक कार सवार की हालत गंभीर है।

शाहजहांपुर जिला के अलीगंज निवासी अब्दुल नूर रेलवे के भारतीय कंटेनर निगम दादरी, दिल्ली में सहायक तकनीकी अधिकारी हैं। सोमवार को वह अपने साथी शमशुद्दीन खान निवासी जलाल नगर थाना सदर जिला शाहजहांपुर व राजू निवासी बिजलीपुर थाना सदर जिला शाहजहांपुर से दिल्ली जा रहे थे। शाम करीब पांच बजे मिलक स्थित बाईपास पर चालक को झपकी आ गई। इससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी प्राइवेट डबल डेकर बस में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कार सवारों की चीख सुन आसपास के लोग घटना स्थल की ओर दौड़े। हादसे के समय रोड सेफ्टी की टीम भी मौके पर मौजूद थी। टीम लीडर देवेंद्र चौधरी ने अपने साथियों की मदद से बस से घुसी कार को निकाला। इसके बाद कार को काटकर तीनों घायलों को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों को सरकारी अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद राजू को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जबकि अब्दुल नूर व शमसुद्दीन को परिजन बरेली ले गए। घायल राजू की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

लाइन में काम करते समय गिरा पोल, मजदूर घायल

भोट, अमृत विचार : लाइन में काम कर रहा मजदूर अचानक पोल गिरने से घायल हो गया। जबकि पोल के पास खड़े मजदूर बाल-बाल बच गए। गंभीर रूप से घायल मजदूर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सोमवार को सनैया सुख गांव में कार्यदायी संस्था केसीसी द्वारा जर्जर हो चुकी विद्युत लाइनों को बदला जा रहा था। इस दौरान अचानक एक पोल गिर गया। हादसे में इसी पोल पर चढ़ा संभल निवासी मजूदर गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि पोल के नीचे खड़े अन्य मजदूर बाल-बाल बच गए। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने घायल मजदूर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मजदूरी की हालत गंभीर बतायी जा रही है। जेई चन्द्रिका यादव ने बताया कि घायल मजदूर गुड्डू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत गंभीर बतायी जा रही है।

प्रधान प्रतिनिधि के हमलावरों के खिलाफ दर्ज नहीं हुई रिपोर्ट

संवाददाता, बिलासपुर

- **प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष ने उच्चाधिकारियों से वार्ता करके दिया कार्रवाई कराने का आश्वासन**

अमृत विचार : प्रधान के प्रतिनिधि पर हमला करने वालों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष ने उच्चाधिकारियों से वार्ता करके कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है।

तहसील के गांव मनकरा निवासी रियाज अहमद प्रधान के प्रतिनिधि हैं। शुक्रवार दोपहर वह ब्लाक से कार्य निपटाकर घर जा रहा था। नैनीताल हाईवे स्थित नवीन मंडी के आमने नकाबपोश बाइक सवारों ने लोहे की रॉड से उन पर हमला कर दिया था। हमले में वह बाल-बाल बच गए तो हमलावरों ने तमंचे से उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस बीच आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। भीड़ को देखकर हमलावर मौके से फरार हो गए थे। इस घटना से मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही थी।

पीड़ित रियाज अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। आरोप है कि इस घटना को चार दिन बीत चुके हैं लेकिन पुलिस ने अभी तक मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष हरजीत सिंह ने बताया कि सभी प्रधानों को घटना के बारे में बता दिया गया है। इसके लिए आगे की रणनीति बनाई जा रही है। इससे पहले उच्चाधिकारियों से वार्ता कर कार्रवाई की मांग की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह का कहना है कि इस प्रकरण में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

हत्या कर जंगल में फेंका महिला का शव

संवाददाता, सैफनी

अमृत विचार : क्षेत्र के बिचपुरी लाल जी गांव के जंगल में अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों ने शव पर चोटों के निशान होने की बात कही है। इससे माना जा रहा है कि महिला की हत्या करके शव को जंगल में फेंका गया है। पुलिस ने शव को पोस्मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जानकारी मिलने पर सीओ ने मौका मुआयना किया और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।

सोमवार की सुबह बिचपुरी लाल जी गांव के जंगल में किसान खेतों पर काम करने गए थे। इस दौरान अमर पाल सिंह के गन्ने के खेत की मेड़ पर अज्ञात महिला का शव पड़ा दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। जंगल में महिला का शव मिलने की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हरिओम सिंह मौके पहुंच गए। तब तक घटना

घटना स्थल पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

- **बिचपुरी लाल जी गांव के जंगल में मिला शव, नहीं हो सकी मृतका की शिनाख्त**
- **क्षेत्राधिकारी ने किया घटना स्थल का निरीक्षण, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य**

स्थल पर तमाम ग्रामीण भी एकत्र हो चुके थे। पुलिस का मानना है कि शव तीन-चार दिन पुराना है। करीब 30 वर्षीया महिला शादीशुदा थी। ग्रामीणों का कहना है कि शव पर चोटों के निशान थे। इससे आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या करके शव को जंगल में फेंका गया है। इस बीच सूचना पाकर सीओ संगम कुमार भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य एकत्र कराए। थाना प्रभारी हरिओम सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी।

अतीत आपातकाल में लोकतंत्र सेनानियों ने सहीं तकलीफें, भाजपा सरकार में 20 हजार रुपये मासिक पेंशन

आजम खां समेत 37 लोकतंत्र सेनानी हुए थे गिरफ्तार

सुहेल जैदी, रामपुर

अमृत विचार : 25 जून 1975, भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में इस दिन को देश के सबसे दुर्भाग्यपूर्ण दिन की संज्ञा दी जाती है। 49 वर्ष पूर्व आज ही के दिन देश के लोगों ने रेडियो पर एक एलान सुना और खबर फैल गई कि सारे देश में आपातकाल की घोषणा कर दी गई है। 49 वर्ष बाद भले ही देश के लोकतंत्र की एक गरिमामयी तस्वीर पूरी दुनिया में प्रशस्त हो रही हो, लेकिन आज भी अतीत में 25 जून का दिन डेमोक्रेसी के एक काले अध्याय के रूप में दर्ज है।

प्रसिद्ध इतिहासकार नफीस सिद्दीकी बताते हैं कि देश में 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 के बीच 21 महीने तक आपातकाल लगाया गया। तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार की सिफारिश पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 के अधीन देश में आपातकाल की घोषणा की थी। 25 जून और 26 जून की मध्य रात्रि में तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के हस्ताक्षर करने के साथ ही देश में पहला आपातकाल लागू हो गया था। आपातकाल की घोषणा के साथ ही नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे। अभिव्यक्ति का अधिकार ही नहीं, लोगों के पास जीवन का अधिकार भी नहीं रह गया था।

25 जून की रात से ही देश में विपक्ष के नेताओं की गिरफ्तारियों का दौर शुरू हो गया था। आपातकाल के बाद प्रेस पर भी सेंसरशिप लगा दी गई थी। हर अखबार में सेंसर अधिकारी बैठा दिया गया था। उसकी अनुमति के बाद ही कोई समाचार छप सकता था। सरकार विरोधी समाचार छापने पर गिरफ्तारी हो सकती थी। यह सब तब थम सका जब 23 जनवरी 1977 को मार्च में चुनाव की घोषणा हो गई।

बोले लोकतंत्र सेनानी

सिविल लाइंस स्थित हुसैनी सराय के निकट रहने वाले लोकतंत्र सेनानी बब्बू भाई हलीम वाले बताते हैं कि वह टहलते हुए आ रहे थे। तभी उन्हें पुलिस ने पकड़ लिया और थाने ले जाकर खूब लठियां भांजी। आजकल का युवा होता तो शायद मर ही जाता। लेकिन, हम खाए पिए थे इसलिए सह गए। इसके बाद हमें रामपुर की जेल में डाल दिया गया। वहां जाकर पता चला कि इमरजेंसी लग गई है, इसलिए हमें पकड़ा गया है। हम जनता पार्टी में थे और राजेंद्र शर्मा का चुनाव लड़ा रहे थे। इसलिए राजेंद्र शर्मा समेत कई नेताओं के साथ रहते थे। हमें इसी की सजा मिली थी। करीब 21 महीने जेल में रहने के बाद रिहा कर दिया गया। 2006 में मुलायम सिंह यादव ने रामपुर से करीब 37 लोकतंत्र सेनानियों को लखनऊ बुलाकर चेक देकर सम्मानित किया। उस समय 500 रुपये महीना पेंशन की गई थी। भाजपा सरकार ने पेंशन बढ़ाकर 20 हजार रुपये महीना कर दी है। भाजपा सरकार में लोकतंत्र सेनानियों को काफी लाभ मिला है। पेंशन में बढ़ोत्तरी हुई है। किराया मुफ्त कर दिया गया। इसके अलावा सरकारी स्टोर से खरीद पर 25 प्रतिशत की छूट भी मिलती है। बब्बू भाई बताते हैं कि उनके अलावा आजम खां, मिसरयार खां भी जेल गए थे। उस समय जयप्रकाश नारायण, लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी, जॉर्ज फर्नांडीस आदि बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया गया था। जेलों में जगह नहीं बची थी। इमरजेंसी का दौर बहुत बुरा था। हमने उस वक्त को भी जेल में रहकर काटा। इमरजेंसी में हमारे ऊपर सरकार ने बहुत जुल्म किए थे।



बब्बू खां हलीम वाले।

आजम खां, पूर्व मंत्री।

चोरी की दो बैट्री समेत आरोपी गिरफ्तार

स्वार, अमृत विचार : चोर घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा से दो बैट्री चुरा कर ले गए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर बैट्री बरामद कर ली हैं। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस की गिरफ्त में बैट्री चोरी का आरोपी।

मोहल्ला चक स्वार निवासी आबिद ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करता है। रविवार की रात वह ई-रिक्शा को दरवाजे में खड़ी करके सो गया। रात में किसी समय चोर ई-रिक्शा की दो बैट्री चुरा कर ले गए। आबदि की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। सोमवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चुराई गईं दोनों बैट्री बरामद लीं। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम मोहल्ला चक स्वार निवासी सारिक बताया है।

किशोरी से दुष्कर्म का एक आरोपी पकड़ा, दूसरा फरार

संवाददाता, स्वार

- **तीन दिन पूर्व तमंचे के बल पर किशोरी से किया था दुष्कर्म**
- **दूसरे आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही पुलिस**

अमृत विचार : घर में अकेली किशोरी को देख तमंचे के बल पर दो युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जबकि पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश में जुटी है।

नगर निवासी मजदूर तीन दिन पूर्व अपनी पत्नी की दवाई लेने गया था। घर पर उसकी नबालिग बेटी थी। किशोरी को अकेला देख नगर के एक मोहल्ला निवासी नईम व समर घर में घुस गए और किशोरी से अश्लील हरकतें व छेड़छाड़ करने लगे।

किशोरी ने विरोध किया तो युवकों ने तमंचे के बल पर डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। माता-पिता घर आए तो किशोरी ने उन्हें आपबीती बताई। तब पिता बेटी को लेकर कोतवाली पहुंचा और पुलिस को दोनों युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

सोमवार को मुखबिर ने क्राइम इंस्पेक्टर अनूप शर्मा को सूचना दी कि दुष्कर्म का आरोपी समर भागने की फिराक में रविवार की साप्ताहिक बाजार के निकट किसी वाहन के इंतजार में खड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। क्राइम इंस्पेक्टर ने बताया कि दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दूसरे आरोपी को भी शीघ्र पकड़ लिया जाएगा।

दो मंदिरों से पीतल के कलश और घंटे चोरी

ढकिया, अमृत विचार : चोरों ने रविवार की रात दो मंदिरों से पीतल के कलश व घंटे चुरा लिए। दिन निकलने पर मंदिर की देखभाल करने वाले लोगों को कलश व घंटे चोरी होने का पता लगा। उन्होंने पुलिस चौकी पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी।

ढकिया चौकी क्षेत्र के गदमर पट्टी गांव में रविवार की रात चोरों ने दो शिव मंदिरों को निशाना बना लिया। मंदिरों पर रखे पीतल के कलश व घंटे चुरा लिए। सोमवार को दिन निकलने पर जब मंदिरों में पूजा-अर्चना करने वाले लोग पहुंचे तो कलश व घंटे गायब देख पुलिस को सूचना दी। मंदिर में हुई चोरी की घटना से ग्रामीणों में रोष है।

उन्होंने घटना का जल्द खुलासा करने की मांग की है। दूसरे मंदिर में हुई चोरी की सूचना राजबहादुर ने पुलिस को तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। इसे लेकर गदमर पट्टी गांव के लोगों में पुलिस के खिलाफ रोष है।

एक नजर

समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

शाहबाद, अमृत विचार : सोमवार को यूथ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम सुनील कुमार को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि अकारण ही वाद निस्तारण में देरी की जा रही है। आरोप लगाया कि अधिकारी और कर्मचारी उनके मान-सम्मान से खेल रहे हैं। इससे अधिवक्ताओं को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। कहा कि पूर्व में इन समस्याओं को लेकर सांकेतिक हड़ताल भी की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो सकी। सोमवार को ज्ञापन सौंपकर अधिवक्ता ने समस्याओं के जल्द से जल्द निस्तारण की मांग की है।

पुलिस ने तमंचा के साथ युवक को पकड़ा

धमोरा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र पुलिस ने तमंचे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया। मामला भोट के गांव अहमदनगर तराना का है। पुलिस क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। ग्राम तुमड़िया के चौराहे से 60 कदम दूरी पर अहमदनगर तराना गांव के राशिद पुत्र हसनैन को पकड़ा। इसके पास से एक तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए। शहजादनगर थाने के एसएसआई रजी अहमद ने उसे कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

मई-जून में एक करोड़ का इलेक्ट्रोलाइट्स पी गए लोग

जिला अस्पताल समेत मेडिकल स्टोर पर ओआरएस लेने को लग रहीं कतारें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : एक माह से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं आया है। डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए जिले के लोग मई और जून में एक करोड़ रुपये से ज्यादा का ओआरएस पी गए। हर दिन एक लाख रुपये से ज्यादा के इलेक्ट्रोलाइट्स के पैकेट बिक रहे हैं। यह आंकड़ा सिर्फ निजी मेडिकल स्टोर, थोक विक्रेताओं का है। जिला अस्पताल में भी 24 हजार ओआरएस के पैकेट मरीजों को दिए जा चुके है। अभी भी 16 हजार का स्टॉक है।

चादरवाला बाग स्थित सरकारी दवा के स्टोर पर तैनात चीफ फार्मासिस्ट दीपक त्यागी के अनुसार लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए लगाए गए पुलिसकर्मियों को 5000 से अधिक ओआरएस के पैकेट दिए गए थे। वहीं निजी मेडिकल स्टोर पर भी ओरआरएस की मांग मार्च माह में 5000 पैकेट थी। भीषण गर्मी में यह मांग 20 प्रतिशत तक बढ़ी है। डायरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए चिकित्सक रोगी ओआरएस पीने की सलाह दे रहे हैं। ओआरएस डिहाइड्रेशन सॉल्यूशन का जीवनरक्षक फार्मूला होता है। यह डिहाइड्रेशन करने वाली स्थितियां जैसे उल्टी, डायरिया और अन्य स्थितियों में शरीर में पानी की पूर्ति करता है। यह इलेक्ट्रोलाइटस और ग्लूकोज की कमी को भी पूरा करता है। ओआरएस डिहाइड्रेशन को ठीक करने के लिए सबसे प्रभावी उपचारों में से एक है। इसका उपयोग शिशुओं और बच्चों सहित सभी के लोगों के लिए किया जा सकता है।

जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड में भर्ती रोगी। ● अमृत विचार

जिला अस्पताल में हुई 1238 रोगियों की ओपीडी

रामपुर। जिला अस्पताल में सोमवार को 1238 रोगियों की ओपीडी हुई। इनमें ज्यादातर रोगी डायरिया, बुखार और सिर दर्द के मरीज हैं। सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक चिकित्सकों के कक्ष में भीड़ जुट गई। मरीज अधिक होने पर और चिकित्सकों की संख्या कम होने के कारण निर्धारित समय अपरान्ह दो बजे तक ओपीडी में मरीज देखे गए। फिजिशियन डा. दशरथ सिंह, हृदय रोग विशेषज्ञ डा. डीके वर्मा, बाल रोग विशेषज्ञ डा. पल्लव सिंघल, डा. शशांक झा ने रोगियों को परामर्श दिया।

यह हैं ओआरएस के घटक

ओआरएस का मुख्य आधार पानी होता है। इसके अलावा इसमें ग्लूकोज भी होता है जो शरीर को तुंरत ऊर्जा प्रदान करता है। यह छोटी आंत में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स के अवशोषण को तेज करने में मदद करता है। इलेक्ट्रोलाइट्स शरीर में मौजूद मिनरल होते हैं। विभिन्न शारीरिक क्रियाओं को पूरा करने के लिए यह जरूरी होते हैं। इनमें सोडियम, पोटेशियम, क्लोराइड मुख्य होते हैं। इलेक्ट्रोलाइट्स शरीर में तरल पदार्थों का संतुलन बनाने में मदद करते हैं।

जिला अस्पताल में 40 हजार की हो चुकी है आपूर्ति

स्टोर के चीफ फार्मासिस्ट हरीश धोनी ने बताया कि डायरिया के बढ़ती रोगियों की संख्या को देखते हुए चादरवाला बाग से 20-20 हजार ओआरएस के पैकेट मंगाए जा चुके हैं। इनमें से 24 हजार पैकेट का वितरण हो चुका है। जिला अस्पताल में 16 हजार पैकेट का स्टॉक मौजूद है।

जनपद में दो हजार लाइसेंस धारक मेडिकल स्टोर हैं। इन पर प्रतिदिन एक लाख रुपये से ज्यादा के इलेक्ट्रोलाइट्स के पैकेट बिक रहे हैं। मार्च में पांच हजार पैकेट की खपत थी। अब यह 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इसमें इलेक्ट्राल, इलेक्ट्राकाइड, एनरल पाउडर, ओआरएस पाउडर और लिक्विड शामिल हैं।

-दीपक शर्मा, जिलाध्यक्ष, फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन।

सोना तस्करों की तलाश में कस्टम विभाग की टीम ने की छापेमारी

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : सोमवार को कस्टम विभाग मुंबई की टीम ने सोना तस्करों की तलाश में नगर में कई स्थानों पर दबिश दी। मुंबई एयरपोर्ट से फरार हुए दो तस्करों को हिरासत में लेने की चर्चा है। टीम की छापेमार कार्रवाई से सोना तस्करों में हड़कंप मच गया।

एक अप्रैल को लखनऊ एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकरियों ने नगर के तीन दर्जन सोना तस्करों को हिरासत में लिया था। इसमें 29 तस्कर विभागीय अधिकारियों को चकमा देकर फरार हो गए थे। इसके अतिरिक्त 28 अप्रैल को मीरगंज क्षेत्र में तस्करी कर लाये गए सोने की लूट की घटना हुई थी। इसमें कई लोगों को एसओजी द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। लखनऊ पुलिस एवं कस्टम अधिकारियों सहित स्थानीय पुलिस व एसओजी की टीम लगातार आरोपियों की तलाश में दबिश देती रहती है।

सोमवार को मुंबई से कस्टम विभाग की टीम के नगर पहुंचने की चर्चा जोरों पर रही। बताते हैं कि दो दिन पूर्व नगर के करीब एक दर्जन तस्कर मुंबई एयरपोर्ट से कस्टम विभाग के अधिकारियों को चकमा देकर फरार हुए हैं। इसके चलते मुंबई से कस्टम विभाग की टीम आरोपियों की तलाश में नगर पहुंची। टीम ने फरार तस्करों की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी। टीम के हाथ दो तस्करों के लगने की चर्चा है। मुंबई कस्टम विभाग टीम की छापेमारी से सोना तस्करों में हड़कंप मच गया। स्थानीय पुलिस ने कस्टम विभाग की छापेमारी से अनभिज्ञता जाहिर की है।

मुंबई से कस्टम विभाग की टीम ने स्थानीय पुलिस से कोई संपर्क नहीं किया। संभव है कि मुंबई एयरपोर्ट से फरार तस्करों की तलाश में कस्टम विभाग के अधिकारियों ने छापामारी की है। **-कीर्तिनिधि आनन्द,** सीओ टांडा

कार्रवाई

- **दो तस्करों के पकड़े जाने की चर्चा सोना तस्करों में मचा हड़कंप**
- **पुलिस ने छापेमारी की जानकारी होने से किया इन्कार**

जिलाधिकारी को ज्ञापन देते राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता व अन्य।

भमरौआ मंदिर के पास से हटाया जाए अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कहा है कि मंदिर के आसपास खाली पड़ी जमीन पर लोगों ने कब्जा कर रखा है। उसे हटवाया जाए, ताकि वह एक राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सके।

राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता ने ज्ञापन में कहा है कि भमरौआ महादेव मंदिर को राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए अवैध कब्जा व अतिक्रमण हटवाया जाए। ताकि कब्जा हटने से मंदिर को राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकास हो सके। ज्ञापन पर प्रदेश प्रभारी गेंदन लाल सैनी, जिलाध्यक्ष विपिन कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, सोनू लोधी, राम बिहारी वीरेन्द्र सिंह, विकास गुप्ता, पूनम शर्मा, रेखा सक्सेना, राजीव जैन आदि के हस्ताक्षर हैं।

बाबा इलेवन ने ट्रॉफी पर किया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : लाला नगला में हुए फाइनल मैच में बाबा इलेवन ने धावनी जूनियर को छह विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। मैन ऑफ दि मैच लक्की बने। उन्होंने तीन ओवर में चार विकेट लिए। मैन ऑफ दि सिरीज आकिब बाबा रहे।

बिलासपुर के लाला नगला में सोमवार को फाइनल मैच बाबा इलेवन और धावनी जूनियर के बीच खेला गया। बाबा इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। धावनी जूनियर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 76 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बाबा इलेवन ने इस लक्ष्य को चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस तरह बाबा इलेवन ने यह मैच छह विकेट से जीत लिया।

राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह ने विजयी टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ दि मैच लक्की बने। उन्होंने तीन ओवर में चार विकेट लिए। मैन ऑफ दि सरीज आकिब बाबा रहे। इस मौके पर किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलजीत सिंह, राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन, मनोज चौधरी, राजवीर सिंह, अजीत सिंह, प्रशांत औलख, अमित कुमार गंगवार, नवाब खां आदि मौजूद रहे।

ट्रॉफी के साथ मौजूद विजयी टीम। ● अमृत विचार

- **धावनी जूनियर को छह विकेट से दी शिकस्त**
- **बिलासपुर के लालानगला में हुआ टूर्नामेंट का फानइल मैच**

ट्रैक्टर ट्रॉली ने कार को रौंदा, चार लोग घायल

मिलक, अमृत विचार : तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सामने से आ रही कार को रौंद दिया। हादसे में कार सवार चार युवक घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

संभल जिले के बहजोई थाना क्षेत्र के सीकरी गांव निवासी नंदराम की क्षेत्र के करिंगा गांव में ससुराल है। वह रविवार रात करीब आठ बजे अपने साले दिनेश व सतीश और विशाल निवासी चकरपुर शाहबाद के साथ कार से करिंगा आ रहे थे। परम गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कार में टक्कर मार दी। ट्रैक्टर-ट्राली कार को रौंदते हुए कुछ दूर तक ले गई। हादसे में कार सवार चारों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद सड़क पर भीड़ लग गयी। भीड़ का फायदा उठाकर चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया।

सार संक्षेप

दवा व्यापारियों की बैठक में बोलते एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. महेश मौर्य।

अपने प्रतिष्ठानों पर साइन बोर्ड लगाएं दवा व्यापारी

मसवासी, अमृत विचार : नगर के एक मांटेसरी स्कूल में केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक हुई। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर महेश कुमार मौर्य ने दवा व्यापारियों से कहा कि अपने प्रतिष्ठानों पर साइन बोर्ड लगाएं। इस पर ड्रग लाइसेंस नम्बर, फूड लाइसेंस नंबर एवं जीएसटी नम्बर अंकित होना अनिवार्य है। ताकि अधिकारी एवं आसपास के लोगों को पता लग सके कि यह दुकानदार रजिस्टर्ड है। इससे बिना लाइसेंस के दवा बेचने वाले दुकानदारों पर अंकुश लगेगा। उन्होंने दवा व्यापारियों को निर्देश दिए कि कोई भी दुकानदार नशीली दवाओं का व्यापार नहीं करेगा। ऐसा करने वाले स्वयं जिम्मेदार होंगे। एसोसिएशन उनका कोई सहयोग नहीं करेगी। बैठक में जयप्रकाश यादव, राकेश कुमार मौर्य, रामरूप सैनी, विशेष कुमार, मनोज कुमार, अमित सक्सेना, सुभान अली, अनिल कुमार, राशिद अली, रामकिशोर मौर्य, प्रमोद कुमार, राजकुमार सैनी, फैजान मियां आदि मौजूद रहे।

इमामबाड़ा किला में आज कलाम पेश करेंगे शायर

रामपुर, अमृत विचार : इमामाबाड़ा किले में मंगलवार की रात आठ बजे जश्ने ताजपोशी मौलूद ए हरम में दूर दराज से आए शायर अपने कलाम पेश करेंगे। महफिल में लखनऊ से शरर नकवी, कानपुर के शबरोज, फाजिल जैदी और लखनऊ से अब्बास मेहंदी इफ्तेखारी कलाम पेश करेंगे। यह जानकारी अब्बास हैदर ने दी।

महिला की मौत के मामले में दो चिकित्सकों पर रिपोर्ट

रामपुर/पटवाई, अमृत विचार : अस्पताल में हुई महिला की मौत के मामले में कोर्ट के आदेश पर पटवाई पुलिस ने दो चिकित्सकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पटवाई थाना क्षेत्र के गांव ढोलसर निवासी मोहर सिंह का कहना है कि 13 फरवरी को लगभग दस बजे उसकी पत्नी किरन के पेट में दर्द हो रहा था। वह उसे जिला अस्पताल लेकर आ रहा था कि दो लोग बाइक पर मिले। इसके बाद वह लोग उसे पटवाई के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां पूरी रात इलाज के बाद भी उसकी पत्नी को फायदा नहीं हुआ। तबियत में सुधार नहीं होने पर स्टॉफ ने महिला को दो इंजेक्शन और लगा दिए। इसके बाद उसकी पत्नी की आंखें नहीं खुल रहीं थीं। तब अस्पताल के डॉक्टर उसे अपनी कार से संजीवनी अस्पताल ले गए। वहां डाक्टर ने बताया कि महिला की दो घंटे पहले ही मौत हो चुकी है। जानकारी करने पर मृतका के पति को पता चला कि वह दोनों डॉक्टर ही नहीं हैं। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। तब उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पटवाई पुलिस ने आरोपी डॉ. शराफत अली और डॉ. इरफान चौधरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सफाई नायक ने सभासद से की अभद्रता

टांडा, अमृत विचार : सफाई नायक ने वार्ड 17 के सभासद के साथ अभद्रता की। इससे नाराज सभासदों ने ईओ से मिलकर कार्रवाई की मांग की। ईओ ने सफाई नायक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया है। सोमवार को सभासदों का एक प्रतिनिधिमंडल अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार से मिला। बताया कि सफाई नायक नरेश कुमार ने वार्ड 17 के सभासद के साथ अभद्रता की है। उन्होंने सफाई नायक को निलंबित करने की मांग की। अधिशासी अधिकारी ने प्रकरण के संबंध में सफाई नायक से स्पष्टीकरण तलब किया है। ईओ से मिलने वालों में सभासद मोहम्मद शफीक, तस्लीम पहलवान, सभासद के पति मास्टर सगीर, महमूद नायक, एम सगीर, मोहम्मद रईस उर्फ भूरा, रोहित कुमार सैनी और शिव प्रसाद सैनी आदि शामिल रहे।

हादसों को दावत दे रहे दरवाजों के आगे झूलते तार

स्वार, अमृत विचार : मोहल्ले में पोल न होने के कारण घरों के दरवाजों पर झूल रहे तार हादसों को दावत दे रहे हैं। सभासद ने जिलाधिकारी से निगम को आदेशित कर पोल लगवाकर एबीसी लाइन डलवाने की मांग की। वार्ड संख्या आठ में पोल न लगा होने के कारण जर्जर एवं ढीले तार घरों के दरवाजों के आगे लटक रहे हैं। एबीसी लाइन भी नहीं डाली गई हैं। दरवाजों पर लटक रहे तारों के चलते घर में आते-जाते समय लोगों की परेशानी का सामना करना पड़ता है। लटक रहे तारों से हादसों का अंदेशा बना रहता है। वार्ड सभासद का कहना है कि पोल लगवाने के साथ ही एबीसी लाइन डलवाने की मांग अनेक बार स्थानीय प्रशासन तथा बिजली निगम के उच्चाधिकारियों से की गई है। लेकिन किसी ने भी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। इसके चलते लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। सभासद ने जिलाधिकारी से पोल लगवाने और एबीसी लाइन डलवाने की मांग की है।

सीतारामपुर में अलीगंज मार्ग की हालत बदतर

मसवासी, अमृत विचार : सीतारामपुर गांव में अलीगंज जाने वाले मार्ग की स्थिति बदतर हो गई है। बरसात से पूर्व ही मार्ग तालाब में तब्दील हो गया है। ग्राम प्रधान की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते ग्रामीणों को संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा सता रहा है। सरकार ने सफाई व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश दिए हैं। इसके लिए करोड़ों रुपये भी खर्च किए जा रहे हैं। सीतारामपुर गांव में जगह-जगह गंदगी के अंबार लगे हैं। अलीगंज जाने वाले मार्ग की हालत बहुत ही दयनीय हो गई है। बरसात से पूर्व ही मार्ग तालाब में तब्दील हो गया है। इसमें घास फूंस और गंदा पानी भरा है। लोगों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार बाइक सवार फिसल कर गंदे पानी में गिरकर चोटिल हो चुके हैं। गांव में गंदगी के कारण लोगों में ग्राम प्रधान के प्रति रोष है।

अलीगंज मार्ग पर भरा गंदा पानी।

बिजली कटौती के विरोध में गरजे ग्रामीण

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : एसडीओ के आश्वासन देने के बावजूद बिजली व्यवस्था में सुधार न होने पर गुस्साए ग्रामीण खूब गरजे। उन्होंने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। शेड्यूल के अनुसार बिजली न मिलने पर मंगलवार को विद्युत निगम के विरुद्ध धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

सोमवार को ग्रामीण एकत्र होकर तहसील पहुंचे। उन्होंने उप जिलाधिकारी अमन देओल को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि 18 जून को बिजली कटौती से क्षुब्ध ग्रामीणों ने बिजलीघर पर प्रदर्शन किया था। एसडीओ भगवंत सिंह ने तीन दिन में आपूर्ति में सुधार कराने का आश्वासन दिया था। लेकिन पांच दिन बाद भी आपूर्ति में कोई सुधार नहीं हुआ। शेड्यूल के अनुसार बिजली न मिलने के कारण त्राहि-त्राहि मची है। क्षेत्र के गांव पुसवाड़ा मझरा जोधावाला, रायपुर चुन्नावाला, केशोनंगली, भगवंतनगर, मेहंदीनगर, हमीरपुर, गद्दीनगली, अहमदनगर, रजानगर, कोयली, मिलक भूरे खां, मिलकताज खां, पठानों वाला, मिलकदुंदी, मीरापुर, गोविंदपुरा, मझरा गडरियों वाला आदि गांवों में मात्र चार घंटे ही कई शिफ्टों मे आपूर्ति की जा रही है। बिजली की अंधाधुंध कटौती से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीण क्षेत्रों को 18 घंटे बिजली आपूर्ति देने के सरकार ने निर्देश हैं। मगर अधिकारी सरकार के आदेशों को अनदेखा कर रहे हैं। ज्ञापन में बिजली व्यवस्था दुरुस्त न होने पर मंगलवार को बिजली निगम के खिलाफ धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने वालों में शानू खां, अमीर अहमद, असलम, सरजीत सिंह, दिलीप सिंह, बलजिंदर सिंह, अमरजीत सिंह, रिंकू सिंह, मनजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

स्वार में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

बिजली विभाग ने की 25 करोड़ रुपये की वसूली

रामपुर, अमृत विचार : बिजली विभाग को जून का 72.96 करोड़ रुपये वसूली का लक्ष्य मिला है। इसमें शहरी क्षेत्र में 25.19 करोड़, स्वार-टांडा 14.96 करोड़, शाहबाद-मिलक 13.11 करोड़ और बिलासपुर डिवीजन के लिए 19.70 करोड़ रुपये की वसूली जून में होनी है।

इसके सापेक्ष शहरी क्षेत्र में 10.68 करोड़, स्वार-टांडा 3.81 करोड़, शाहबाद-मिलक में 3.37 करोड़ और बिलासपुर में 7.66 करोड़ रुपये की वसूली हुई है। यानी अभी भी बिजली विभाग को 47 करोड़ रुपये और जुटाने होंगे। 30 मई को एक दिवसीय दौरे पर आए मुख्य अभियंता आरके बंसल ने अधीक्षण अभियंता को लाइनलॉस पर रोक लगाने और, राजस्व में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। इसी के मुताबिक जनपद के लक्ष्य को बढ़ाया गया।

सूर्य मित्र कोर्स में दिया 47 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने उप्र कौशल विकास मिशन के ड्रॉप आउट प्रशिक्षार्थियों से संबंधित कार्रवाई की समीक्षा की। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत मिले लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के लिए आईटीआई एवं अन्य संस्थानों को निर्देशित किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उप्र कौशल विकास मिशन के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं, जनपद में कार्यरत विभिन्न प्रशिक्षण प्रदाताओं एवं जिला कौशल समिति की समीक्षा बैठक हुई। इसमें जिला समन्वयक उप्र कौशल विकास मिशन द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं उप्र कौशल विकास मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 एवं डीडीयू-जीकेवाई योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रगति के बारे में बताया। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के पात्र अभ्यार्थियों का शीघ्र द्वितीय चरण में सत्यापन के लिए उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग केंद्र को निर्देशित किया। जिला समन्वयक उप्र कौशल विकास मिशन के नोडल डा. मोहम्मद आसिफ ने बताया कि आईटीआई द्वारा 47 प्रशिक्षार्थियों को सूर्य मित्र कोर्स में प्रशिक्षण दिया गया है।

जिलाधिकारी ने गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण कराने एवं प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षार्थियों को सेवायोजन के जोड़ने, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन को सेवायोजित प्रशिक्षार्थियों एवं प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थियों की समस्याओं के निराकरण के लिए भी कहा।

हैंडपंप के पास पेशाब करने वाले किशोर पर रिपोर्ट

टांडा, अमृत विचार : धार्मिक स्थल के सामने लगे हैंडपंप के निकट घास में दूसरे समुदाय के किशोर ने रविवार रात को पेशाब कर दिया था। इससे हिन्दू समुदाय के लोग एकत्र हो गए थे। सूचना के बाद पुलिस आ गई। किशोर को पकड़ने के बाद पुलिस थाने ले आई थी। पुलिस ने गांव के ही विपिन की तहरीर पर आरोपी किशोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मामला टांडा थाना क्षेत्र के गांव हमीरपुर से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि गांव में बने एक धार्मिक स्थल के सामने एक हैंडपंप लगा है। धार्मिक स्थल में लोग रोजाना पूजा करने के लिए हैंडपंप से पानी लेकर जाते हैं।

आरोप है कि रविवार की रात दूसरे समुदाय के किशोर ने हैंडपंप के निकट घास पर पेशाब कर दिया था। इसकी जानकारी मिलने के बाद हिन्दू समुदाय के लोगों में रोष फैल गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर को हिरासत में ले लिया था।

समीक्षा निदेशक पंचायत राज ने कूड़ा निस्तारण केंद्र व आंगनबाड़ी केंद्र का लिया जायजा

कोयला गांव में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

संवाददाता, भोट

अमृत विचार : विकास खंड चमरौआ की कोयला ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों का निदेशक पंचायती राज ने निरीक्षण किया। पंचायत घर के सभागार में बैठक करके विकास कार्यों की समीक्षा भी की।

सोमवार की सुबह निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय पंचायत राज विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ कोयला गांव पहुंचे। उन्होंने पूरे गांव का भ्रमण कर ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यों का सत्यापन किया। उन्होंने पंचायत घर के सभागार में अधिकारियों व ग्रामीणों के साथ बैठक की। इसमें ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने ओडीएफ योजना के तहत कूड़ा निस्तारण केन्द्र व पशुओं के गोबर से वर्मी कंपोस्ट बनाने के संयत्र का भी निरीक्षण किया। घरों से सूखा व गीला कचरा एकत्र करने व कचरे का निस्तारण करने के तरीके की समीक्षा की।

आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर कार्यकत्री व सहायिका से जानकारी ली। ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों पर संतोष जताया। स्वच्छता मिशन के तहत गांव में घूम रही कूड़ा गाड़ी व कूड़ा निस्तारण समेत सभी योजनाओं में ग्रामीणों से सहयोग की अपील की। इसके बाद उन्होंने पंचायत घर परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान संयुक्त निदेशक एसके सिंह, मंडल के उपनिदेशक महेन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन, सहायक विकास अधिकारी जगतपाल सिंह, सचिव अक्षय कुमार, ग्राम प्रधान भूकन लाल लोधी व पूरन लाल आदि मौजूद रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री से जानकारी लेते निदेशक पंचायती राज। ● अमृत विचार

पौधरोपण करते निदेशक पंचायती राज।

- **पंचायत भवन सभागार में की विकास कार्यों की समीक्षा**
- **निदेशक पंचायती राज ने पंचायत घर परिसर में किया पौधरोपण**

पहाड़ी गेट, पुराना गंज क्षेत्र में कराए बिजली सुधार कार्य

रामपुर, अमृत विचार : सोमवार को पहाड़ी गेट क्षेत्र के मोहल्ला घेर बाज खां, पक्का बाग, छीपियान, पंखेवालान, शाहबाद गेट क्षेत्र के माला रोड, ईदगाह रोड और नवाबगेट क्षेत्र में पंडित केशव दत्त शर्मा वाली गली की विद्युापूर्ति को सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक बिजली सुधार कार्य कराए गए। एसडीओ तृतीय संजीव कुमार रवि ने बताया कि इन क्षेत्रों में आज भी सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक विद्युतापूर्ति रहेगी।

मौसम में बदलाव को देखते हुए बिजली विभाग ने केंद्र और प्रदेश सरकार की बिजली योजनाओं से जुड़े कार्य दोबारा शुरू करा दिए हैं। करीब महीना भर पहले भीषण गर्मी को देखते हुए अधीक्षण अभियंता ने यह काम बंद करा दिए थे। भीषण गर्मी में लगतार छह से 12 घंटे तक विद्युापूर्ति बाधित रहने से लोगों को बुरा हाल हो जाता था। केंद्र और प्रदेश सरकार की 20 करोड़ के बजट वाली सुधार की योजनाओं का कार्य रोक दिया था।

एक नजर

शिविर में रोगी की जांच करते चिकित्सक।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को मिला उपचार

मसवासी, अमृत विचार : नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला के चेयरमैन खालिद अली ने सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया। शिविर केवीआर हॉस्पिटल काशीपुर की ओर से लगाया गया। शिविर में कैल्शियम की जांच, नसों की जांच, बीपी एवं शुगर की जांच तथा तीन दिन की दवा निशुल्क दी गई। चेयरमैन ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर उन गरीब और मजदूर लोगों के लिए बहुत लाभदायक है जो लोग गरीबी की वजह से अपना चेकअप और दवाई नहीं ले पाते। इस अवसर पर डॉ. तरुन सोलंकी, डॉ. वाशिफ, डॉ. विवेक, मोहम्मद आसिफ, हाफिज इश्तियाक, मसरूर अहमद, रहमत अली, फजले अहमद, गुरविंदर सिंह, शाहरुख, अमन, हसन, सरताज, नेहा, विनय, सौरभ आदि मौजूद रहे।

जमीन के बंटवारे को लेकर हुई मारपीट

ढकिया, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर सोमवार की सुबह दो पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। उनके बीच जमकर लाठी डंडे चले। इस दौरान गांव निवासी एक व्यक्ति परिवार की महिलाओं के साथ ढकिया पुलिस चौकी पहुंचा। उसने दूसरे पक्ष पर महिलाओं से मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप लगाया। साथ ही रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दी।

नए एसपी ने संभाला चार्ज

रामपुर, अमृत विचार : नए पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने देर शाम चार्ज संभाल लिया। इसके बाद उन्होंने कई थानों का निरीक्षण भी किया। कुछ दिन पहले शासन ने कई एसपी इधर से उधर किए हैं। इनमें रामपुर में तैनात एसपी राजेश द्विवेदी को कुंभ का एसपी बनाया गया है। जबकि विद्यासागर मिश्र को रामपुर का एसपी बनाया गया है। देर शाम उन्होंने कार्य भार संभाल लिया।



तहसील प्रशासन के खिलाफ 15वें दिन भी हड़ताल पर रहे अधिवक्ता

न्यायिक कार्य से विरत रहकर अधिवक्ताओं ने तहसील में किया प्रदर्शन

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं मनमानी के खिलाफ सोमवार को 15वें दिन भी तहसील बार वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर अधिवक्ताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रही। इस दौरान अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि भ्रष्टाचार की समाप्ति और व्यवस्था में सुधार होने तक हड़ताल जारी रहेगी। उधर अधिवक्ता संजय सिंह की माता और गौरव कुमार दिवाकर के पिता के निधन पर अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

तहसील बार वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर अधिवक्ता सात जून से आंदोलन कर रहे हैं। अधिवक्ताओं का आरोप है कि तहसील स्थित न्यायालयों व कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।शासन की गाइडलाइन एवं नियमानुसार कार्यों को अंजाम नहीं दिया जा रहा है। दाखिल खारिज सहित विभिन्न प्रकार के मामले न्यायालय एवं कार्यालयों में लंबे समय से लंबित हैं। अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं क्षेत्रीय जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारी इस ओर से आंखें मूंदे हुए हैं। रजिस्ट्रार कानूनगो दिलीप सक्सेना के कार्यालय का बहुत बुरा हाल है। रजिस्ट्रार कानूनगो की मनमानी के चलते समय पर कार्य नहीं हो रहे हैं।

टांडा तहसील में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

कई माह पूर्व रजिस्ट्रार कानून का स्थानांतरण हुआ था, किंतु स्थानीय अधिकारियों ने उन्हें कार्य मुक्त नहीं किया। इसके कारण रजिस्ट्रार मनमानी उतारू हैं। वह काम निपटाने में रुचि ही नहीं रखते हैं। मांग की कि रजिस्ट्रार कानूनगो को तत्काल कार्य मुक्त किया जाए। तहसील स्थित न्यायालय एवं कार्यालय में भ्रष्टाचार को बंद कर नियमानुसार समय पर कार्यों को अंजाम दिया जाए। सोमवार को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि व्यवस्था में सुधार होने तक हड़ताल जारी रहेगी।

इस अवसर पर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार भारद्वाज एवं महासचिव दिनेश कुमार चौहान, जफर उद्दीन खां, श्योराज सिंह, प्रताप सिंह, कुंवर संजय सिंह, प्रेम सिंह, पृथ्वी सिंह, खुर्शीद अहमद, सोमवीर सिंह, हरस्वरूप सिंह, वाजिद अली, प्रमोद कुमार, विजेंद्र सिंह, संजय सैनी, जयप्रकाश सैनी, अब्दुल माजिद, मोहम्मद हनीफ, राशिद अली, धर्मेंद्र सिंह, भागीरथ सिंह, रघुवीर सिंह, कुंवरपाल सिंह, फारूक सैफी, तेजवीर सिंह और गौरव कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

नदियों और झीलों के रूप में होगी रामपुर की पहचान : आकाश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अब नदियों व झीलों के रूप में जिले की पहचान होगी। इसके लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि विरासत को फिर से उभारने के लिए जरूरी है कि रामपुर के प्राकृतिक संसाधन पुर्नजीवित हों। इसलिए, वर्तमान परिवेश को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि 1954 के आधार पर नक्शे के अनुरूप नदियों व झीलों का पूर्व स्वरूप वापस दिलाया जाए।

प्रदेश सरकार का पूरा जोर प्राकृतिक संसाधनों की हिफाजत करना है। इसलिए सरकारी जमीनों, तालाबों, नदियों व झीलों को अतिक्रमण मुक्त कराने की दिशा में तेजी से कदम उड़ा रही है। विधायक ने कहा है कि सिर्फ रामपुर की ही बात की जाए तो यहां कोसी, गागन, घूघा, पीलाखार, नाहल, बाह, सैंजनी, भाकड़ा, धीमरी, कच्चिया, हाथी चिंघाड़ नदी के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हो गया है। इससे इन नदियों का स्वरूप प्रभावित हो गया है। नदियों की जमीनों पर खेती की जा रही है। मकान और बड़ी-बड़ी इमारतें भी बनकर तैयार हो गई हैं।

● **वर्ष 1954 के आधार वर्ष और नक्शे के अनुरूप नदियों व झीलों को दिलाया जाए पूर्व स्वरूप**

बिलासपुर क्षेत्र में नदी की जमीन पर प्लाटिंग चल रही है। जबकि, शाहबाद और बिलासपुर की मोती झील व गौर झील भी जल संरक्षण का अच्छा स्त्रोत थीं, लेकिन इन पर भी अतिक्रमण हो गया। इसके कारण झीलों का अस्तित्व संकट में है। ऐसे में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण व सरकारी संपत्तियों को बचाने के लिए शहर विधायक ने जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को पत्र के माध्यम से जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि कोसी नदी का स्वरूप अवैध प्लाटिंग एवं अवैध खनन करने वालों ने परिवर्तित कर दिया गया है। तहसील स्वार और टांडा के साथ ही तहसील सदर में भी कोसी नदी सिकुड़ गई है। गांधी समाधि के समीप कोसी नदी का स्वरूप बदलने पर कुछ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज की गई, लेकिन कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी। उन्होंने कहा है कि 1954 के आधार वर्ष रिकॉर्ड और नक्शे के अनुसार कोसी नदी सहित जिले की सभी नदियों व झीलों को पुराने स्वरूप में वापस किया जाए। नदियों के जीर्णोद्धार के लिए भी अभियान चलाया जाए। ताकि बारिश के पानी को नदियों में संरक्षित कर फसलों की सिंचाई के लिए प्रयोग में लाया जा सके और जिले के भूगर्भ जलस्तर में भी सुधार हो सके।

खाली जमीन पर हो किसानों का अधिकार

शहर विधायक ने कहा है कि अवैध खनन की वजह से कोसी की धारा कई बार बदली। नियमानुसार जब नदी अपनी धारा बदलती है तो रिक्त भूमि किसानों को आवंटित की जाती है। लेकिन यहां इस पर भी अमल नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों के संरक्षण के लिए यह आवश्यक है कि प्रशासन के स्तर पर कोसी नदी की धार परिवर्तित होने की दशा में रिक्त भूमि पर किसानों का अधिकार हो।

एसडीएम को गुलदस्ता भेंट करते केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी।

एसोसिएशन ने एसडीएम को किया सम्मानित

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी से वार्ता कर समस्या से अवगत कराते हुए गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया।

सोमवार को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष बाकर अली के नेतृत्व में एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने नवागत एसडीएम अमन देओल से वार्ता कर समस्या की जानकारी देते हुए गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। उप जिलाधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को हर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधि मंडल में महामंत्री मोहम्मद तारिक, कोषाध्यक्ष जैनुल बशर बब्लू, सदस्य जावेद अहमद, मोहम्मद सालिम, मोहम्मद फुरकान, मोहम्मद जुबैर आदि शामिल रहे।

उधार के पैसे मांगने पर पकौड़ी विक्रेता को पीटा

टांडा, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहब्बत गंज में पकौड़ी के उधार के पैसे मांगने पर छह लोगों ने पकौड़ी विक्रेता को मारपीट कर घायल कर दिया। मामला अलग-अलग समुदाय से संबंधित होने के कारण गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो इसलिए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रिपोर्ट कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहब्बत गंज निवासी महेन्द्र ने पुलिस को बताया कि उसकी बादली तिराहे पर पकौड़ी की दुकान है। गांव के ही अमीर अहमद ने कई दिन पूर्व 40 रुपये की पकौड़ी ली थीं। सोमवार की सुबह उसने अमीर अहमद से अपने 40 रुपये मांगे। अमीर ने अपने भाई कारिफ, आसिफ व परिवार के रजाकत, शाकिर तथा ताहिर को भी मौके पर बुला लिया। सभी ने पकौड़ी विक्रेता के साथ मारपीट की।

कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर बनाया गुलाम : राजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : आपातकाल के 49 वर्ष पूर्ण होने की पूर्व संध्या पर जिला प्रभारी चौधरी राजा वर्मा ने पत्रकार वार्ता की। इसमें उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सत्ता की लालसा, 1975 में कांग्रेस के शासन में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल घोषित किया था। यह देश के इतिहास में काला अध्याय है। इंदिरा गांधी ने अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए संवैधानिक तरीकों का इस्तेमाल करके आपातकाल लगाया था। 2024 का लोकसभा चुनाव होने के बाद यह भी सत्य है कि कांग्रेस और उनके सहयोगी दल आज भी लोकतंत्र के लिए उतने ही खतरनाक हैं जितना 1975 थे।

बजरंग विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर सोमवार को हुई पत्रकार वार्ता में जिला प्रभारी राजा वर्मा ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता में भ्रम फैलाकर, तुष्टिकरण की राजनीति कर लोगों की विचारधारा के साथ कांग्रेस ने खेल खेला है। लोगों को बरगलाया गया कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो वह बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का संविधान खत्म कर देगी। जबकि सत्य यह है कि कांग्रेस वह पार्टी है, जिसने आपातकाल लगाकर देश के प्रत्येक नागरिक को अपना गुलाम बनाया था। संविधान की धारा 21 को भी खत्म कर, हिंदुस्तान के नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का शोषण करने का प्रयास किया था। यह वही कांग्रेस है जिसने आपातकाल में मीडिया हाउसों की बिजली-पानी की सप्लाई बाधित करके किसी भी प्रकार की खबर को बाहर नहीं आने दिया था। यह वही कांग्रेस पार्टी है जिसके सहयोगी दलों 2024 के लोकसभा चुनाव में केरला में भाजपा के 22 कार्यकर्ताओं की हत्या कराई।

पत्रकार वार्ता में बोलते जिला प्रभारी राजा वर्मा। ● अमृत विचार

● **तुष्टिकरण की राजनीति कर लोगों की विचारधारा के साथ कांग्रेस ने खेला खेल**

उन्होंने कहा कि यह वही सहयोगी दल है जिन्होंने बंगाल में न जाने कितने भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों और कार्यकर्ताओं के घरों को उजाड़ दिया गया। उनके व्यापार समाप्त कर दिए। आपातकाल के समय इंदिरा इस इंडिया इंडिया इस इंदिरा के नारे लगे थे। हम सब इस चुनाव में देख चुके हैं कि सत्ता पाने के लिए उन्होंने हर हथकंडा अपनाया। कांग्रेस के शासन में 90 बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया। 7 उ 5 बार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखे संविधान के साथ छेड़छाड़ की। उन्होंने लोगों में भय का भाव पैदा किया, उनके बीच तुष्टिकरण कर भ्रम फैलाया। उन्होंने देश की संप्रभुता के साथ खिलवाड़ किया है।

बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

छबील लगाकर लोगों को शर्बत किया वितरित

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : मुख्य चौराहे पर जैन समाज द्वारा लगाए गए छायादार पंडाल में पालिकाध्यक्ष की ओर से छबील लगाकर लोगों को शर्बत वितरित किया गया।

सोमवार को पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल की ओर मुख्य चौराहे पर छबील लगाकर राहगीरों को शर्बत वितरित किया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि जैन समुदाय इस सेवा के लिए बधाई का पात्र है। इस तरह के कार्यक्रम निरंतर आयोजित होने चाहिए। जैन मिलन के क्षेत्रीय अध्यक्ष संदेश कुमार जैन ने बताया कि छायादार पंडाल 30 जून तक लगा रहेगा। इस मौके पर राजेश सैनी, रवि गोयल, हिमांशु जैन, नितिन जैन, श्रेय संदेश, प्रत्यक्ष जैन, प्रमोद जैन, अनिल मदान, अजय जैन, ऋषभ जैन, राहुल गंगवार, दीपक अग्रवाल, विनोद खुराना, सुखदर्शन सिंघल आदि मौजूद रहे।

जमीन के विवाद में चाचा भतीजे में चले लाठी-डंडे

मसवासी, अमृत विचार : जमीन के विवाद चाचा-भतीजे के परिवार में ही लाठी-डंडे चल गए। इस दौरान महिलाओं से भी मारपीट की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी है।

गांव शेखुपुरा निवासी सरदार जगतार सिंह ने अपनी जमीन बेच दी। उसके चाचा सरदार सुखविंदर सिंह भी जमीन पर अपनी दावेदारी जता रहे हैं। इसी को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों में लाठी-डंडे भी चले। दोनों पक्षों में 10 साल से जमीन का विवाद चल रहा है। सोमवार को हुए विवाद की सूचना जगतार सिंह की पत्नी इंद्रजीत कौर ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुखविंदर सिंह को हिरासत में ले लिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी है। चौकी प्रभारी राहुल गंगवार ने बताया कि जांच की जा रही है।

तेंदुए ने कुत्ते को बनाया निवाला

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : जंगल में गन्ने के खेत में कुत्ते के अवशेष मिलने पर ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। ग्रामीण खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं। ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन विभाग को दी है। वन विभाग ने तेंदुए की तलाश में जंगल में कांबिंग भी की लेकिन तेंदुआ होने का सुराग नहीं लग सका।

रविवार को क्षेत्र के बब्बरपुरी गांव में खेत से चारा लेने गई महिलाओं ने अब्दुल मन्नान के खेत में कुत्ते के अवशेष को पड़ा देखा। महिलाओं ने तुरंत गांव पहुंचकर मामले की जानकारी ग्रामीणों को दी। तमाम ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। तेंदुए द्वारा कुत्ते को निवाला बना लेने पर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। आनन-फानन में ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन विभाग को दी। इस पर वन दरोगा शील कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। तेंदुए द्वारा कुत्ते को निवाला बनाने पर ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीण खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं। सोमवार को डिप्टी रेंजर कुंदन सिंह भंडारी, वन दरोगा शील कुमार टीम के साथ बब्बरपुरी के जंगल में पहुंचे और तेंदुए की तलाश में कांबिंग की। वन दरोगा ने बताया कि जंगल में मिले कुत्ते के अवशेष कई दिन पुराने हैं। सोमवार को टीम के साथ तेंदुए की तलाश में जंगल में कांबिंग की लेकिन कहीं भी तेंदुए के होने का कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने ग्रामीणों से कहा है कि तेंदुआ दिखाई देने पर वन विभाग को तुरंत सूचना दें।

तेंदुए की तलाश में जंगल में कांबिंग करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

● **गन्ने के खेत में कुत्ते के अवशेष मिलने पर दहशत का माहौल**

● **वन विभाग की टीम ने तेंदुए की तलाश में जंगल में की कांबिंग**

बिहार से गुरुग्राम जा रहे युवक की ट्रेन से गिरकर हुई मौत

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : बिहार से गुरुग्राम जा रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत की सूचना से युवक के घर में कोहराम मच गया।

सोमवार की सुबह करीब छह बजे मिलक क्षेत्र के लोहा पट्टी गांव में स्थित रेलवे फाटक संख्या 88 के पास एक युवक ट्रेन से गिर गया। इससे ट्रेन में चीख-पुकार मच गई। रेलवे ट्रैक के किनारे गिरे युवक को देख ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घायल युवक को रेलवे ट्रैक से उठाकर किनारे किया और एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद एंबुलेंस से घायल को सरकारी अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीर अवस्था में घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय युवक को कुछ होश आया। तब उसने एक मोबाइल नंबर बताया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया।

पुलिस ने युवक द्वारा दिए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो पता चला कि मृतक बिहार के शिवहर जिले के तरियानी थाना क्षेत्र के बंशीपचरा गांव निवासी 32 वर्षीय सनी है। मृतक के भाई बाबुल सिंह ने बताया कि सरकारी खाद्यान्न के लिए राशन कार्ड का अंगूठा लगाने के लिए चार दिन पहले सनी गांव आया था। रविवार को वह गुरुग्राम जाने के लिए घर से निकला था। मृतक के परिवार में पत्नी व दो बच्चे हैं।

आयोजन सम्भल के विक्रम पैलेस में हुआ राष्ट्रीय काव्य संगम महोत्सव

सम्मानित किए गए कवि राम किशोर वर्मा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : हिंदू जागृति मंच द्वारा कल्कि नगरी सम्भल के विक्रम पैलेस में राष्ट्रीय काव्य संगम महोत्सव हुआ। इसमें न्याय विभाग के सेवानिवृत्त रीडर राम किशोर वर्मा को काव्य पुरोधा सम्मान से सम्मानित किया गया।

कवि सम्मेलन के बाद हिंदू जागृति मंच के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण करके प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया। हिंदू जागृति मंच द्वारा आयोजित कवि कुंभ में पीलीभीत, बदायूं, बागपत, लखीमपुर खीरी, रामपुर, इटावा, बरेली, मुरादाबाद आदि स्थानों के अतिरिक्त मुम्बई, राजस्थान, उत्तराखंड, पंजाब-हरियाणा के कवि व कवियत्रियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर सम्भल के पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत, हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा, हिंदू जागृति महिला मंच की जिलाध्यक्ष मीनू रस्तोगी, कार्यक्रम संयोजक प्रवीण रस्तोगी, संचालक उज्ज्वल वशिष्ठ, अतुल कुमार शर्मा, कपिल सिंघल, डॉ. अरविंद धवल, उमेश त्रिगुणायत, गाफिल स्वामी, दीपक गोस्वामी चिराग, डॉ. प्रीति अग्रवाल, अरुण दीक्षित, आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ, प्रीति सक्सेना हुंकार, पुष्पा जोशी प्रकाम्य, अनमोल रागिनी गर्ग, शुभम कश्यप, जावेद रहीम, शिव कुमार शर्मा चंदन, राजवीर सिंह राज, इंदु रानी, सुरेंद्र अश्क रामपुरी, सुबोध कुमार शर्मा शेरकोटी, परिहार, पल्लवी भारद्वाज, प्रदीप राजपूत माहिर तथा अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे।

कवि राम किशोर वर्मा को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

निदेशक पंचायती राज ने किया धमोरा शॉपिंग मॉल का निरीक्षण

संवाददाता, धमोरा

अमृत विचार : निदेशक पंचायती राज अटल राय ने धमोरा शॉपिंग मॉल का निरीक्षण किया। शॉपिंग में साफ-सफाई देखी और दुकानदारों से बातचीत की।

निदेशक पंचायती राज सोमवार को शॉपिंग मॉल पहुंचे। उन्होंने दुकानदारों से बातचीत की। साफ सफाई के लिए 31 कर्मचारियों को लगाया गया था। तीन-चार दिन पूर्व से सफाई का कार्य चल रहा था। पंचायत राज निदेशक ने प्रगति शॉपिंग मॉल का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों की प्रशंसा की। ऐसे उत्कर्ष कार्य करने के लिए दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन, खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र चौहान, एडीओ और सचिव आदि मौजूद रहे।

शॉपिंग माल का निरीक्षण करते निदेशक पंचायत राज अटल राय। ● अमृत विचार

समस्याओं का समाधान न होने पर करेंगे आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष सल्विंदर सिंह कलसी ने कहा कि अगर किसानों की समस्या का समाधान जल्द नहीं होता है तो आगे की रणनीति पर विचार करके अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करेंगे। किसानों ने नौ सूत्रीय ज्ञापन अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त हेम सिंह को सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में आंबेडकर पार्क में हुई। यहां से पैदल मार्च करते हुए हजारों किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त को सौंपा। इसमें बिलाल राइस मिल केमरी प्रकरण को निपटाकर किसानों के रुपये दिलाने, छुट्टा पशुओं के लिए गोशाला बनवाने, पटेल नगर मिलक बस्ती में जा रही हाईटेंशन लाइन हटवाने की मांग की गई। शाहबाद के घोसीपुरा, सालेपुर, नवाबगंज आदि गांवों में नदी किनारे बसे घरों को कटान से बचाने के लिए बांध की मरम्मत कराने की मांग की गई। धान की फसल को देखते हुए नहरों में पानी छोड़ने के अलावा किसानों के साथ की गई अभद्रता की जांच करके कार्रवाई की मांग की गई है।

ज्ञापन देने वालों में उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष सल्विंदर कलसी, सुरेंद्र खन्ना, प्रेमपाल सिंह, लक्ष्मी ठाकुर, अजीत सिंह, हरिशंकर, ज्ञानपाल, लखविंदर कुमार, नासिर घोसी, बालकिशोर पांडेय, दानिश खान, मनोज शर्मा, साजिद हुसैन, राधेश्याम राजपूत, अमित गंगवार, बक्शी सिंह, जसविंदर सिंह, जगतार सिंह, अवतार सिंह, किरण, शबाना खान, राजू यदुवंशी, समीर राजा, जैकी अहमद, मोहम्मद आलम, राकेश गंगवार, सुंदर यादव, जाकिर हुसैन, रहीस अहमद आदि शामिल रहे।

कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त को ज्ञापन सौंपते किसान।

एक नजर

बंगाल क्रिकेट अंडर 19 कैंप का हिस्सा बनेंगे अरबाज मंसूरी

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर निवासी मोहम्मद अरबाज मंसूरी का चयन बंगाल क्रिकेट के अंडर 19 फार्मेट में हुआ है। उनके चयन पर स्थानीय खिलाड़ियों में हर्ष है। क्रिकेट कोच मिर्जा दानिश आलम ने बताया कि अरबाज लंबे समय से एमपीएस में कोचिंग कर रहे हैं। वह एक शानदार लेफ्ट आर्म स्पिनर हैं। अरबाज भविष्य के एक उम्दा गेंदबाज हैं। वह बंगाल क्रिकेट अंडर 19 कैंप में खेलेंगे। उनका चयन कैंप में 42 खिलाड़ियों में किया गया है। इसके बाद टीम बनेगी।

गायक सलमान अली के गानों ने जिगर मंच पर मचाई धूम, भीड़ के बेकाबू होने पर पुलिस ने भांजी लाठियां

दमादम मस्त कलंदर, अली का पहला नंबर... पर झूमे महानगर के लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के जिगर मंच पर गायक कलाकार सलमान अली ने अपने गानों से धूम मचा दी। वहीं भीड़ के बेकाबू होने पर पुलिस को लाठी भांजनी पड़ी।

मंच पर सलमान ने सबसे पहले अपना सबसे हिट और चर्चित गाना तेरे बिन एक पल चैन न आबे... सुनाया। प्रदर्शनी में कार्यक्रम का आरंभ रेजोनेंस इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रदीप वार्ष्णेय, संयुक्त निदेशक कृषि प्रशांत कुमार, जिला कृषि अधिकारी सचिव प्रदर्शनी ऋषुषा तिवारी, प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा ने मंच पर दीप प्रज्जवलित कर किया।

जिगर मंच पर प्रस्तुति देते गायक सलमान अली।

सलमान अली के गानों का आनंद लेते दर्शक। ● अमृत विचार

सोमवार को जिगर मंच पर म्यूजिकल बॉलीवुड नाइट में मशहूर गायक कलाकार सलमान अली ने अपने गानों से धमाल मचा दिया। सलमान के कर लो कदर हमारी, करते हैं हम प्यार तुमसे गाने पर युवाओं का दिल जीत लिया। वहां बैठे दर्शकों ने सलमान के गानों का आनंद लिया। इसके बाद आशिकी का गम सुनाया, झूम बराबर झूम शराबी पर लोग तालियां बजाकर झूमने लगे।

इसके बाद तुम मेरे पास रहो गाने से युवा के दिलों में मोहब्बत की आग लगा दी। फिर सलमान ने सुनाया कजरा मोहब्बत वाला, अंखियों में ऐसा डाला, लैला मेरी जान, अपना बना ले मेरी जान सुनाया। कार्यक्रम के अंत में जिला कृषि प्रदर्शनी समिति के सदस्यों ने सलमान अली को पटका पहनाने के साथ स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। इसके अलावा उनके साथ आए कलाकार को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजीव आकांशी ने किया।

आगरा के एकलव्य स्टेडियम में विख्यात कत्याल को सम्मानित करते अतिथि।

37 यूपी कप में विख्यात कत्याल ने जीता कांस्य

मुरादाबाद, अमृत विचार: महानगर के टेबल टेनिस खिलाड़ी विख्यात कत्याल ने 37 यूपी कप में कांस्य पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। सीनियर टेबल टेनिस खिलाड़ी अनिल सेन ने बताया कि 37 यूपी कप का आयोजन आगरा के एकलव्य स्टेडियम में हुआ। इसमें महानगर के विख्यात कत्याल ने बालक वर्ग अंडर-15 में कांस्य पदक अपने नाम किया। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार व डॉ. अजय पाठक ने शुभकामनाएं दी हैं।

सीटी स्कैन रूम में ताला, अल्ट्रासाउंड में लगते हैं आठ दिन

जिला अस्पताल में मरीजों को नहीं मिल रहीं समुचित सुविधाएं, निजी सेंटरों पर जेब ढीली करने की मजबूरी

अमृत विचार
लाइव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुधारने की पहल के लाख प्रयास के बाद भी जिला अस्पताल में मरीजों को भटकना पड़ रहा है। सीटी स्कैन कराने आए मरीज कक्ष में ताला लटकने से मायूस होकर निजी सेंटरों पर जाने को विवश हैं तो अल्ट्रासाउंड करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जा रहा है।

जिला अस्पताल की ओपीडी में अल्ट्रासाउंड कक्ष में मिले मरीज छह वर्षीय ईशांत के पिता राहुल गुप्ता ने बताया कि उन्होंने बेटे को पेट संबंधी बीमारी के निदान के लिए बाल रोग विशेषज्ञ को दिखाया था। डॉक्टर ने उनके बेटे का अल्ट्रासाउंड कराने का परामर्श दिया। अल्ट्रासाउंड कक्ष में बैठे चिकित्सक ने उन्हें अल्ट्रासाउंड कराने के लिए 4 जुलाई की तारीख दी है। करूला निवासी एजाज ने बताया कि उनके 19 माह के बच्चे हसनैन को पेट की बीमारी है। डाक्टर ने अल्ट्रासाउंड के लिए कहा है। इसके लिए तीन जुलाई का समय दिया गया है। अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर तीमारदार डॉक्टर का इंतजार करते दिखे। ड्यूटी पर तैनात कर्मी की कुर्सी खाली थी।

वहीं बालरोग विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन टंडन ने बताया कि सुबह से उन्होंने 4-5 मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए भेजा है। उन्होंने बताया कि सामान्य बीमारियों में अल्ट्रासाउंड तत्काल कराने की जरूरत नहीं रहती है।

एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस में काफी समय से खराब पड़ा है एसी, वहीं दूसरी ओर आपातकालीन वार्ड में बंद पड़ा एसी। साथ ही सीटी स्कैन कक्ष में लगा ताला। ● अमृत विचार

> जिले में तीन एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस (एएलएस) हैं। एक बिलारी तहसील में और दो जिला अस्पताल में रखी गई हैं। एसी खराब होने की शिकायत लखनऊ तक की गई है। एक-दो दिन में कंप्रेशर ठीक होकर आने पर एसी सुचारू रूप से चलेगा।
> **-डॉ. कुलदीप सिंह,** मुख्य चिकित्साधिकारी

अस्पताल में भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउंड व सीटी स्कैन समेत सभी जांच तत्काल की जाती हैं। ओपीडी में स्थिति के अनुसार बच्चों का अल्ट्रासाउंड कराया जाता है। जिन मरीजों को अतिशीघ्र अल्ट्रासाउंड की जरूरत नहीं होती उन्हें एक हफ्ते के अंदर की तारीख दी जा रही है। **-डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह,** चिकित्सा अधीक्षक

सीटी स्कैन कक्ष में लटका ताला

सीटी स्कैन कराने के लिए कई मरीज पहुंचे थे। यहां आई कटघर बलदेवपुरी की रहने वाली राजवती ने बताया कि उन्हें अपनी पुत्री कुमकुम का सीटीस्कैन कराना था। सुबह 10 बजे से वह सीटी स्कैन कक्ष पर चिकित्सक का इंतजार कर रही हैं। दोपहर के दो बज चुके हैं डॉक्टर नहीं आए। सीटी स्कैन कक्ष में ताला लगा है। यहां ट्रामा सेंटर में ड्यूटी कर रही नर्सिंग स्टाफ ने बताया कि अल्ट्रासाउंड के टेक्नीशियन महेंद्र का स्वास्थ्य ठीक न होने से वह आज ड्यूटी पर नहीं आए हैं। उनके आने के बाद ही सीटी स्कैन होगा।

आपातकालीन कक्ष में एसी बंद, गर्मी से मरीज परेशान

जिला अस्पताल के आपातकालीन रोगी कक्ष में एसी बंद होने से तीमारदार मरीजों को हाथ के पंखे से हवा करते नजर आए। बताया कि सुबह 9 बजे से दोपहर के 2 बजे तक एसी अभी बंद है।

एंबुलेंस का एसी सिस्टम खराब

जिला अस्पताल में मरीजों की सेवा में लगी एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस का एसी सिस्टम खराब मिला। ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी ने बताया कि एसी का कंप्रेशर खराब हो गया है।

विरामपुर गांव में गन्ने के खेतों में दवा का स्प्रे कराते जिला गन्ना आयुक्त।

गन्ने को लाल सड़न से बचाने को कराया कीटनाशक का छिड़काव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● विरामपुर व अन्य गांवों में कीटनाशक का छिड़काव कराने पहुंचे अधिकारी

अमृत विचार: किसानों की आर्थिक खुशहाली व समृद्धि के लिए प्रमुख सचिव बीना कुमारी व गन्ना आयुक्त ने परिक्षेत्र के सभी विभागीय अधिकारियों को किसान के खेतों पर जाकर रेड रोट (लाल सड़न) रोग की निगरानी के निर्देश दिए है। इसके प्रभावी नियंत्रण के लिए विभागीय अधिकारियों ने खेतों पर जाकर किसानों से बात कर उन्हें इस रोग बचाव की जानकारी दी।

परिक्षेत्र में गत वर्ष कुछ चीनी मिल क्षेत्रों में रेड रॉट का प्रकोप देखा गया था। जिसको लेकर इस वर्ष गन्ना आयुक्त ने कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को उप गन्ना आयुक्त ने जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर तथा ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर के साथ जनपद बिजनौर के चीनी मिल क्षेत्र धामपुर के गांव विरामपुर, सरकथलसानी, घोसियोवाला एवं मुबारकपुर में गन्ने की फ़सल पर रोग एवं कीटों के प्रभाव का प्रारंभिक आंकलन तथा प्रभावी नियंत्रण के लिए विभाग एवं शुगर मिल धामपुर के किए जा रहे प्रयास का स्थलीय निरीक्षण किया। उप गन्ना आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को प्रतिदिन किसानों के खेतों का भ्रमण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर पीएन सिंह, दीपक भारद्वाज, ओमबीर सिंह, मनोज चौहान, अमित पाण्डेय, वीरेन्द्र नाथ, अरविंद सिंह, ओपी वर्मा, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

सपा कार्यालय पर महारानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण करते पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

वीरांगना दुर्गावती को किया नमन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पर वीरांगना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

सोमवार को चक्कर की मिलक स्थित समाजवादी के जिला कार्यालय पर अपने पराक्रमों से भारत के वीरों की सूची में नाम दर्ज कराने वाली वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर गोष्ठी आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती गढ़ मंडला की महारानी थी। वर्तमान में जबलपुर उनके राज्य का केंद्र था। 24 जून 1564 को महारानी ने अकबर की सेना से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। विचार गोष्ठी में नाजिम सैफी, वेद प्रकाश सैनी, फरीद मलिक, नन्हे सिंह जाटव, जितेंद्र प्रजापति, रमेश सैनी, लुकमान खां, मनीष जाटव, महेंद्र पाल सिंह, वीरेंद्र प्रसाद, असलम चौधरी अमन आदि मौजूद रहे।

इनडोर फायरिंग रेंज पर कैडेट्स को दिया प्रशिक्षण

मुरादाबाद, अमृत विचार: 9 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी की ओर से दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में चल रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में मुरादाबाद, धामपुर, मोरना, बिजनौर, चंदौसी, अमरोहा, रामपुर के विभिन्न कॉलेजों की 530 एनसीसी कैडेट्स (छात्राएं) भाग ले रही हैं। शिविर के छठे दिन कैडेट्स को कैंप कमांडेंट कर्नल पीएन सिंह के नेतृत्व में पीटीसी स्थित इनडोर फायरिंग रेंज पर फायरिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर सुनीता, कैप्टन इंदिरा, कैप्टन मनी बंसल, कैप्टन ममता रानी, लेफ्टिनेंट नंदिनी, थर्ड ऑफिसर कंचन, जीसीआई करुणा त्यागी, अल्का चौहान, रश्मि पांडे, डॉ. रुचि आर्या, सूबेदार मेजर पूरन सिंह, नायाब सूबेदार राजेंद्र सिंह, पुष्पा, साबरी शर्मा मौजूद रहीं।

98 प्रस्तावों को जिलाधिकारी ने दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक सोमवार को मंडलायुक्त कार्यालय सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने 98 लंबित प्रस्तावों को मंजूरी दी। जिसमें मुरादाबाद, बिलारी केंद्र से संचालित मृतक आश्रित व अनुज्ञाधारियों के ऑटो रिक्शा के परमिट के अलावा प्राइवेट मार्ग पर चलने वाली प्राइवेट बसों के मामले शामिल थे।

संभागीय परिवहन प्राधिकरण के लंबित मामले को जिलाधिकारी के सामने रखा गया। बैठक में उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) बरेली संजय सिंह, आरटीओ प्रशासन मुरादाबाद राकेंद्र कुमार सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आनंद निर्मल व विभिन्न वाहन संगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों के सामने लंबित मुद्दों पर

संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

● कुछ प्रस्तावों पर संभागीय परिवहन प्राधिकरण के अधिकारियों से मांगी रिपोर्ट

बनाए गए प्रस्तावों पर आवेदकों का पक्ष सुना गया। बैठक में 98 प्रस्ताव मंजूर किए गए।

जिसमें मोटरयान अधिनियम-1988 की धारा-82(1) के अनुसार स्थायी सवारी गाड़ी के परमिट हस्तांतरण के लिए तीन आवेदनों को मंजूर किया गया। वहीं संभाग के अराष्ट्रीयकृत निजी बस मार्गों पर नए स्थायी सवारी गाड़ी परमिट के लिए 24 आवेदन पत्रों पर विचार कर जिलाधिकारी ने मुहर लगाई।

जिलाधिकारी ने आरटीओ कार्यालय से बिलारी केंद्र के परमिट जारी करने व ऑटो रिक्शा के कलर कोड पर अपर जिलाधिकारी (नगर), पुलिस अधीक्षक (यातायात) अपर नगर आयुक्त एवं संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) की संयुक्त टीम बनाकर सर्वे कराने के निर्देश दिए। मूंढापाण्डे केंद्र से ऑटो रिक्शा के जारी परमिट पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मुरादाबाद से सर्वे कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

फुटबॉल सांस्कृतिक प्रदर्शनी के अंतर्गत सोनकपुर स्टेडियम में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

आज स्टेडियम व न्यू स्टार में होगी खिताबी भिड़ंत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● सेमीफाइनल में न्यू स्टार ने गोल्डन गेट को हराया

● दूसरे मैच में सोनकपुर स्टेडियम ने ऑल स्टार क्लब को 4-1 से दी शिकस्त

अमृत विचार: सोनकपुर स्टेडियम में सुहाने मौसम और हल्की फुल्की बारिश के बीच फुटबॉल खिलाड़ियों ने खूब पसीना बहाया। यहां जिला कृषि विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के अंतर्गत फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें स्टेडियम और न्यू स्टार क्लब ने अपने-अपने सेमीफाइनल मैच जीतकर फाइनल में स्थान पक्का किया। दोनों टीमें मंगलवार को खिताब पर कब्जा करने के लिए आपस में भिड़ेंगी।

प्रतियोगिता की शुरुआत जिला टीटी सचिव योगेंद्र गौतम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर की। दिन का पहला सेमीफाइनल मैच गोल्डन गेट फुटबॉल एकेडमी और न्यू स्टार क्लब के बीच खेला गया। इसमें गोल्डन गेट के खिलाड़ी पूरे मैच में एक बार भी गेंद को गोल पोस्ट में नहीं डाल सकें। उधर, न्यू स्टार ने मैच में 4 गोल दाग कर एकतरफा मैच में गोल्डन गेट को 4-0 से हराकर फाइनल में स्थान पक्का कर लिया। दूसरा सेमीफाइनल सोनकपुर स्टेडियम और ऑल स्टार क्लब के बीच खेला गया। इसमें भी सोनकपुर स्टेडियम ने एकतरफा जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। सोनकपुर ने इस मैच को 4-1 से अपने नाम किया।

फुटबाल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते जिला टीटी सचिव योगेंद्र गौतम व अन्य।

निर्णायक मंडल में सचिन विश्नोई, उदयवीर, मो. कैफ और विपिन मौजूद रहें। वहीं प्रियंका गौतम मेडिकल टीम के साथ मौजूद रहीं। इस अवसर पर मो. आसिफ सिद्दिकी, छोटे लाल, प्रदीप सक्सेना, अंकित अग्रवाल आदि मौजूद रहें।

वंडर वूमेन ने मनाया स्थापना दिवस

मुरादाबाद, अमृत विचार: सोमवार को यस वंडर वूमेन क्लब का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि मिस इंडिया रनर अप मान्या सिंह रहीं। महापौर विनोद अग्रवाल, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की संयोजक मंजू सिंह भी बतौर मुख्य अतिथि रहे। एडीएम सिटी ज्योति सिंह, ईपीसीएच के वाइस चेयरमैन नीरज खन्ना, यस के नेशनल चेयरमैन विशाल अग्रवाल, सिद्ध अस्पताल की चेयरपर्सन डॉ. पूजा मेहरोत्रा, सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट की ट्रस्टी शिखा गुप्ता, यस मुरादाबाद के अध्यक्ष जेपी सिंह, नेशनल सेक्रेटरी सनत कोठीवाल, यस वंडर वूमेन क्लब की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल, महासचिव रीना मल्होत्रा, उपाध्यक्ष रूपाली अग्रवाल, राधिका विज, अनु ढल, तान्या भाटिया मौजूद रहे।

भागवत कथा श्रवण करने से मिलता है पुण्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सत्य श्री शिव मंदिर आवास विकास पीली कोठी में आयोजित भजनोत्सव में कथाव्यास धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने बताया कि भजन ही एक मात्र साधन है जिससे भगवान तक पहुंचा जा सकता है।

कथा व्यास ने बताया कि विशुद्ध होकर तथा सारे पापों को छोड़कर जो भगवान का नाम लिया जाता है, उसका तो कहना ही क्या है। हम लोगों को यही आदर्श सामने रखना चाहिए कि भगवान का नाम लेने पर हमारे हृदय में पाप-संस्कार का लेश भी न रहे, परंतु जो लोग अभी पाप से नहीं छूटे हैं। इच्छा न होने पर भी जिनके मन-तन से पाप चरण बन जाते हैं, वे क्या करें। उनके पाप-नाश का उपाय भी तो नाम जप ही है। अतः पाप नाश होने के बाद नाम जप करेंगे, ऐसी धारणा ठीक नहीं। पहले नाम जप करके पापों का नाश कर लीजिए, फिर विशुद्ध होकर प्रेमपूर्वक नाम जप का विलक्षण आनन्द लीजिए। कार्यक्रम में लाड़ली अद्भुत नजारा तेरे बरसाने में है, जबसे सांवरे ने पकड़ा मेरा हाथ, मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है। आदि भजनों पर श्रद्धालु झूमे। व्यवस्था में पिक्कू मेहरोत्रा, अनिल सिक्का, पं. केदार मुरारी, नरेंद्र चौधरी, मनोज चौधरी, मनीषा अग्रवाल, रीना गोयल, गोपाल हरि, धवल दीक्षित, शोभित चौधरी, सपना चौधरी, सुधा शर्मा आदि रहे।

प्रवचन करते कथा वाचक।

सात दिवसीय भागवत कथा शुरू

मुरादाबाद, अमृत विचार : श्री विहारों का मंदिर कंजरी सराय में सात दिवसीय भागवत कथा का आरंभ कलश पूजन एवं चौकी स्थापना से हुआ। जिसमें प्रथम दिवस कथा व्यास ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से ज्ञान, वैराग्य और भक्ति सुदृढ़ होती है। पाखंड से पीड़ित मुक्ति भगवान के धाम बैकुण्ठ को चली गई तब ऋषि-मुनियों को बहुत चिंता हुई कि जीवों का उद्धार कैसे होगा। सूत गोस्वामी ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का पुण्य समस्त पापों का नाश कर देता है।

एक नजर

जलते तार के पास पड़ी बाइक।

तार में फाल्ट, बाइक में आग लगने से बची

गजरौला, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाईं में बिजली के तार में एक ही जगह दो बार फाल्ट हो गया। इसके बाद तार नीचे गिर गया। इससे छप्पर में आग लग गई। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। रविवार की रात भी वहां से गुजर रहे युवक की बाइक पर फाल्ट होने से बिजली का तार गिर गया। युवक ने बाइक छोड़कर अपनी जान बचाई। बीते दिनों तेज हवा के साथ हुई बारिश से पेड़ टूटकर बिजली की लाइन पर गिर गए थे। इससे क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाईं में तीन दिनों तक बिजली आपूर्ति गुल रही थी। रविवार रात बिजली सुचारू होने पर क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाईं की टॉवर वाली गली में फाल्ट होने से बिजली का तार वहां से गुजर रहे इंद्रजीत की बाइक पर गिर गया। युवक ने बाइक छोड़कर अपनी जान बचाई। जिससे गांव की बिजली आपूर्ति रात भर गुल रही। सोमवार को भी उसी जगह बिजली के तार में फाल्ट हो गया।

तालाब में करंट से नौ भैंसों की मौत

कैलसा बाईपास रोड क्षेत्र में हुई घटना, फाल्ट होने के बाद तार टूटकर खंभे पर गिरा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : शहर क्षेत्र में सोमवार दोपहर बारिश के बीच ट्रांसफार्मर के तारों में फाल्ट होने से तार टूटकर खंभे पर गिर गया। इससे तालाब में करंट दौड़ गया। तालाब में नहा रहीं नौ भैंस की करंट से मौत हो गई जबकि कई भैंस व अन्य पशु झुलस गए। अधिकारियों ने जेसीबी से मृत भैंसों को बाहर निकवाला। पोस्टमार्टम के बाद मृत पशुों को गड्ढे में दबा दिया गया।

नगर कोतवाली क्षेत्र में कैलसा बाईपास रोड स्थित तालाब में मोहल्ला छेबड़ा के रहने वाले कुछ लोगों के पशुओं को नहाते रहते हैं। सोमवार दोपहर तेज बारिश हो रही थी। इस दौरान मोहल्ले के रहने वाले लोगों के पशु तालाब में नहा रहे थे। यहां के निवासी कलुआ की पांच भैंसें नहा रही थीं, जबकि इरशाद की दो भैंसें, यूसुफ की दो भैंसें, फैजान और फारुख की एक-एक भैंस नहा रही थीं। तालाब के पास ट्रांसफार्मर रखा है। दोपहर दो बजे ट्रांसफार्मर के तारों में फाल्ट हुआ और एक तार टूटकर खंभे पर गिर गया। इससे तालाब में हाईटेंशन करंट दौड़ गया। करंट से कलुआ की चार भैंसों की मौत हो गई, एक भैंस झुलस गई। इरशाद की दो, यूसुफ, फैजान और फारुख की एक-एक भैंस मर गई। घटना की जानकारी के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने बिजली घर को फोन करके आपूर्ति बंद कराई। एडीएम सुरेंद्र सिहं, एसडीएम सदर सुधीर कुमार, सीओ सिटी अरुण कुमार और नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची। एडीएम ने घटना की जांच की। पशुधन विभाग के चिकित्सक भी मौके पर पहुंचे। मृत पशुओं को जेसीबी से बाहर निकलवा कर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। भैंसें मरने के बाद मालिकों ने मुआवजे की मांग की। अधिकारियों ने मालिकों को आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया है। एसडीएम सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इसकी रिपोर्ट विद्युत निगम को सौंपकर मुआवजा दिलाया जाएगा।

घटनास्थल पर मौजूद एडीएम, एसडीएम सदर व सीओ। ● अमृत विचार

झुलसी भैंस को निकालती जेसीबी। ● अमृत विचार

घटना

- **कई पशु झुलसे, मालिकों ने की मुआवजा दिलाने की मांग**
- **अधिकारियों ने आर्थिक सहायता दिलाने का दिया आश्वासन**

किशोरी बोली, अपनी मर्जी से की शादी, नहीं चाहती कोई कार्रवाई

डिडौली, अमृत विचार : किशोरी ने कोतवाली में अपने बयान दर्ज कराते हुए कहा कि वह बालिक है और उसे अपनी जिंदगी से जुड़े फैसले लेने का पूरा हक है। उसने खुद को बेचने और खरीदार युवक से जबरन शादी कराने के आरोप को नकार दिया है। पुलिस को बताया कि उसने अपनी मर्जी से शादी की है।

यह घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। दरअसल यहां निवासी एक युवती ने रविवार को कोतवाली पहुंचकर आरोप लगाया कि उसके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। 14 अप्रैल को गांव निवासी एक महिला उसकी नाबालिग बहन को बहला फुसलाकर अपने साथ नोएडा ले गई और वहां एक युवक को बचकर उसकी शादी भी कर दी। सोमवार को किशोरी कुछ लोगों के साथ डिडौली कोतवाली पहुंची और खुद को बेचने के आरोप को नकार दिया। कहा कि वह बालिक है और अपनी मर्जी से शादी की है। किसी तरह की कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहती। प्रभारी निरीक्षा पंकज तोमर ने बताया कि मामले में युवती के बयान दर्ज किए गए हैं।

सार संक्षेप

अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

व्यापारियों ने अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

अमरोहा, अमृत विचार : व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान रजिस्टर्ड के समस्त पदाधिकारी, व्यापारी सोमवार को प्रदेश संयोजक एवं जिलाध्यक्ष खत्री मनोज टंडन के नेतृत्व में अधिशासी अभियन्ता कार्यालय दाऊद सराय पहुंचे। अधिशासी अभियंता पुनीत समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। खत्री मनोज टंडन ने बताया कि विद्युत निगम में भ्रष्टाचार व्याप्त है। अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से फीडर की कमर्शियल लाइट को दाऊद सराय फीडर से जोड़ दिया। इससे दाऊद सराय फीडर क्षेत्र के लोग व व्यापारी शट डाउन, लो वोल्टेज की समस्या से परेशान हैं। बिजली चेकिंग के नाम पर लाखों रुपये का असेसमेंट बनाने, उसपर कम करने के नाम पर अवैध वसूली को भी रोका जाना चाहिए। व्यापारियों व लोगों का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। अगर विद्युत निगम अपनी कार्यशैली में बदलाव नहीं करता है, तो व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान आंदोलन करने पर विवश होगा। इस मौके पर समीर खान, मोनू यादव, कमर नकवी, हरीश अरोड़ा, रजा आदिल, राकेश वर्मा, सरदार रणवीर सिंह, मुर्सलिम ठेकेदार, शाहरुख खान, दानिश सैफी, शुएब खान, सऊद अली, फजले चौधरी, शब्बू खान, अकील अंसारी आदि मौजूद रहे।

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

बांध का निर्माण जल्द पूरा करने की मांग, ज्ञापन सौंपा

मंडी धनौरा, अमृत विचार : पूर्व जिला पंचायत सदस्य एडवोकेट आलोक कुमार भारती व खादर क्षेत्र के ग्रामीणों ने सोमवार को अधूरे पड़े बांध का निर्माण कराने के लिए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी चंद्रकांता को सौंपा। उन्होंने बताया कि खादर क्षेत्र के गांव रसूलपुर भावर, पपसरी खादर, मुकारमपुर, पहाड़पुर इनायत, शहाजहांपुर, आजमपुर, रामपुर खादर, इब्राहिमपुर समेत अन्य में फसलों के नुकसान को रोकने के लिए बांध बनाया गया। लेकिन इसे अधूरा छोड़ दिया गया और कुछ बांध टूट गया। इसकी वजह से बाढ़ आने पर किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती हैं। इसे लेकर पूर्व में भी किसानों ने उच्चाधिकारियों को जानकारी दी थी। लेकिन किसानों की समस्याओं का कोई समाधान नही हुआ। ज्ञापन देने वालों में आकाश कुमार, विनीत, राजेंद्र सिंह, सुशील कुमार, अमीचंद, आसिफ अली, सतीश रावत, दिनेश आदि मौजूद रहे।

अक्षरा पब्लिक स्कूल में समर कैंप आरंभ

अमरोहा, अमृत विचार : अक्षरा पब्लिक स्कूल पपसरा में समर कैंप का आरंभ एथेनिया हाईस्कूल सहारनपुर की प्रधानाध्यापिका दीप शिखा जैन ने किया। सोमवार को बच्चों ने क्रिकेट, बालीबाल, स्केटिंग, डांस और ड्राफ्ट सीखा, उन्होंने कहा बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ समर कैंप में भी हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर प्रधानाध्यपिका सुमन सिंह रहीं।

प्रधानाध्यापिका का स्वागत करता स्कूल स्टाफ।

शराब की दुकान हटवाने को दिया धरना

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : देसी शराब की दुकान दूसरे स्थान पर शिफ्ट कराने की मांग को लेकर महिलाएं धरने पर बैठ गईं। उन्होंने प्रशासन पर वादा खिलाफी करने का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंचे आबकारी निरीक्षक ने महिलाओं को मनाने का प्रयास किया। लेकिन वे अपनी मांग पर अड़ी रहीं।

नगर के मोहल्ला काला शहीद स्थित देसी शराब की दुकान के बाहर सोमवार को महिलाएं धरने पर बैठ गईं। उनका कहना था कि मोहल्ले में शराब की दुकान खुली होने के कारण नाबालिग बच्चे शराब पीने के बाद उनके साथ गाली गलौज व मारपीट भी करते हैं। इससे घर में रोज क्लेश रहती है। उन्होंने कहा कि वे अब तक चार बार दुकान बंद कराने को लेकर धरना प्रदर्शन कर चुकी हैं। आबकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने दुकान को यहां से दूसरे स्थान पर शिफ्ट कराने का आश्वासन दिया था। लेकिन आश्वासन की समयसीमा समाप्त हो चुकी है। अधिकारी उनकी सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। धरने पर महिलाओं को देखकर सेल्समेन दुकान में ताला डालकर गायब हो गया। महिलाओं ने धरने की सूचना के बाद आबकारी विभाग की टीम मौके पर पहुंची। महिलाओं को अधिकारियों ने समझाने का प्रयास किया। लेकिन महिलाएं दुकान दूसरे स्थान पर शिफ्ट होने तक धरना प्रदर्शन करने की जिद पर अड़ी रहीं। महिलाओं ने कहा कि अधिकारी चार बार उन्हें दुकानों को दूसरे स्थान पर शिफ्ट कराने का आश्वासन दे चुके हैं। धरना देने वालों में गीता देवी, कोमल, राजकली, प्रकृति, सविता देवी, जगवती, अनीता देवी, फरजाना, बबीता, शीतल, कल्लो, संगीता, सोनम, सीमा, हरप्यारी मौजूद रहीं।

उधर, आबकारी निरीक्षक रामकुमार यादव ने बताया कि देसी शराब की दुकान शिफ्ट करने से संबंधित फाइल तैयार कर जिला अधिकारी के पास भेजी है। अनुमति मिलते ही दुकान शिफ्ट की जाएगी।

शराब की दुकान के सामने प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **आबकारी निरीक्षक का दावा, फाइल तैयार, जल्द शिफ्ट होगी दुकान**

सपा अधिवक्ता सभा के महासचिव बने जितेंद्र

हसनपुर, अमृत विचार : नगर निवासी अधिवक्ता जितेंद्र बिधूड़ी को सपा अधिवक्ता सभा का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया। इससे उनके समर्थकों में खुशी है।

नगर निवासी जितेंद्र बिधूड़ी समाजवादी पार्टी के पुराने कार्यकर्ता हैं। कांठ विधायक कमाल अख्तर के करीबियों में उनकी गिनती होती है। पूर्व में जिले से लेकर प्रदेश तक पर जिम्मेदारी निभा चुके हैं। उनकी निष्ठा को देखते हुए पार्टी हाई कमान ने उन्हें सपा अधिवक्ता सभा का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल उन्हें हिमाचल प्रदेश का प्रभारी एवं राजस्थान व हरियाणा प्रदेश का सह प्रभारी भी नियुक्त किया गया है। वह तीनों प्रदेशों में सपा अधिवक्ता सभा के कार्यों की समीक्षा और संगठन का विस्तार करने में भूमिका निभाएंगे। जितेंद्र बिधूड़ी ने जिम्मेदारी निभाते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं अपने नेता कमाल अख्तर के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही।

पुलिस कार्यालय का निरीक्षण करते डीआईजी मुनिराज जी साथ में एसपी व अन्य।

डीआईजी ने कोतवाली में देखे अभिलेख, सीसीटीवी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : कोतवाली में सोमवार को डीआईजी मुनिराज जी व एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने नियंत्रण कक्ष एवं डायल 112 का वार्षिक निरीक्षण किया। अभिलेखों के रखरखाव, जनपद के विभिन्न स्थानों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड को चेक किया। इसके बाद थाना अमरोहा नगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया।

थाना कार्यालय व परिसर में हवालात, भोजनालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, थाने की राजकीय सम्पत्ति व अभिलेख आदि को चेक किया। अपराधियों एवं गैर जमानती वारंटियों की गिरफ्तारी के अभियान की समीक्षा की। महिलाओं की शिकायतों, अपराधों का निस्तारण प्राथमिकता से करने कहा। इसके अलावा डीआईजी ने पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया। वाचक कार्यालय, आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, एलआईयू, डीसीआरबी, शिकायत प्रकोष्ठ, सोशल मीडिया एवं विशेष जांच प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत, मढौली विकास खण्ड चमरौआ, रामपुर

पत्रांक : मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन /2024-25 दिनांक : 24.06.2024

अल्पकालीन निविदा / कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मढौली वि.खं. चमरौआ जनपद रामपुर में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ +, मुख्यमंत्री पुरस्कार एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्यों के साथ ही RRC, मॉडल शॉप, SHG shed, अंत्येष्टिस्थल, गौशाला में निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 25.06.2024 से 02.07.2024 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा / कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 02.07.2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दिन के 02 बजे खोली जायेगी।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	सीमेंट	प्रति बैग	
2	बालू रेत, लोकल रेत	घन मी०	
3	बजरफुट	घन मी०	
4	20/40 एम.एम. बजरी	घन मी०	
5	ईट प्रथम श्रेणी एम-150, ईट बालदार एम-275	प्रति हजार	
6	सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. सफेद/रंगीन	प्रति नग (एक)	
7	दीवार टाइल्स, फर्श टाइल्स	प्रति वर्ग मीटर	
8	सरिया	प्रति कुंतल	
9	लोहे का जाल	प्रति कुंतल	
10	मिट्टी दूरी सहित	प्रति घनमीटर	
11	बाल पेंटिंग	प्रति वर्ग मीटर	
12	सेनेट्री सामग्री	प्रति नग	
13	बिजली उपकरण	प्रति नग	
14	आयरन एंगिल	प्रति किग्रा.	
15	फर्नीचर / बैंच	प्रति नग	
16	सी.सी. बैंच	प्रति नग	
17	डस्टबिन	प्रति नग	
18	स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट	प्रति नग	
19	फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट	प्रति नग	
20	पेंट	प्रति लीटर	
21	प्राइमर (लोहा, लकड़ी)	प्रति लीटर	
22	शौचालय सीट	प्रति नग	
23	हैंडपंप मरम्मत उपकरण	नग/फिट	
24	आर. सी. सी. पिलर	नग/ बैग	
25	बालपुट्टी	बैग	
26	पी.वी.सी. पाइप	मीटर	
27	वाटर स्टोरेज टैंक	प्रति नग 1000 ली.	
28	प्लाईबोर्ड	प्रतिफिट	
29	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति नग / फिट	
30	लोहे के गेट	प्रति कुंतल	
31	आयरन शीट	प्रति किलो	
32	माईका शीट	प्रति गज	
33	ई-रिक्शा	प्रति नग	

नियम व शर्तें:- स्वीकृत निविदा / कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी. डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

सचिव ग्राम प्रधान

कार्यालय ग्राम पंचायत, मेहन्दीनगर जनूवी विकास खण्ड चमरौआ, रामपुर

पत्रांक : मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन /2024-25 दिनांक : 24.06.2024

अल्पकालीन निविदा / कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मेहन्दीनगर जनूवी वि.खं. चमरौआ जनपद रामपुर में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ +, मुख्यमंत्री पुरस्कार एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्यों के साथ ही RRC, मॉडल शॉप, SHG shed, अंत्येष्टिस्थल, गौशाला में निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 25.06.2024 से 02.07.2024 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा / कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 02.07.2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दिन के 02 बजे खोली जायेगी।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	सीमेंट	प्रति बैग	
2	बालू रेत, लोकल रेत	घन मी०	
3	बजरफुट	घन मी०	
4	20/40 एम.एम. बजरी	घन मी०	
5	ईट प्रथम श्रेणी एम-150, ईट बालदार एम-275	प्रति हजार	
6	सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. सफेद/रंगीन	प्रति नग (एक)	
7	दीवार टाइल्स, फर्श टाइल्स	प्रति वर्ग मीटर	
8	सरिया	प्रति कुंतल	
9	लोहे का जाल	प्रति कुंतल	
10	मिट्टी दूरी सहित	प्रति घनमीटर	
11	बाल पेंटिंग	प्रति वर्ग मीटर	
12	सेनेट्री सामग्री	प्रति नग	
13	बिजली उपकरण	प्रति नग	
14	आयरन एंगिल	प्रति किग्रा.	
15	फर्नीचर / बैंच	प्रति नग	
16	सी.सी. बैंच	प्रति नग	
17	डस्टबिन	प्रति नग	
18	स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट	प्रति नग	
19	फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट	प्रति नग	
20	पेंट	प्रति लीटर	
21	प्राइमर (लोहा, लकड़ी)	प्रति लीटर	
22	शौचालय सीट	प्रति नग	
23	हैंडपंप मरम्मत उपकरण	नग/फिट	
24	आर. सी. सी. पिलर	नग/ बैग	
25	बालपुट्टी	बैग	
26	पी.वी.सी. पाइप	मीटर	
27	वाटर स्टोरेज टैंक	प्रति नग 1000 ली.	
28	प्लाईबोर्ड	प्रतिफिट	
29	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति नग / फिट	
30	लोहे के गेट	प्रति कुंतल	
31	आयरन शीट	प्रति किलो	
32	माईका शीट	प्रति गज	
33	ई-रिक्शा	प्रति नग	

नियम व शर्तें:- स्वीकृत निविदा / कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी. डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

सचिव ग्राम प्रधान

कार्यालय ग्राम पंचायत, पंजावनगर विकास खण्ड चमरौआ, रामपुर

पत्रांक : मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन /2024-25 दिनांक : 24.06.2024

अल्पकालीन निविदा / कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पंजावनगर वि.खं. चमरौआ जनपद रामपुर में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ +, मुख्यमंत्री पुरस्कार एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्यों के साथ ही RRC, मॉडल शॉप, SHG shed, अंत्येष्टिस्थल, गौशाला में निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 25.06.2024 से 02.07.2024 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा / कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 02.07.2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दिन के 02 बजे खोली जायेगी।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	सीमेंट	प्रति बैग	
2	बालू रेत, लोकल रेत	घन मी०	
3	बजरफुट	घन मी०	
4	20/40 एम.एम. बजरी	घन मी०	
5	ईट प्रथम श्रेणी एम-150, ईट बालदार एम-275	प्रति हजार	
6	सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. सफेद/रंगीन	प्रति नग (एक)	
7	दीवार टाइल्स, फर्श टाइल्स	प्रति वर्ग मीटर	
8	सरिया	प्रति कुंतल	
9	लोहे का जाल	प्रति कुंतल	
10	मिट्टी दूरी सहित	प्रति घनमीटर	
11	बाल पेंटिंग	प्रति वर्ग मीटर	
12	सेनेट्री सामग्री	प्रति नग	
13	बिजली उपकरण	प्रति नग	
14	आयरन एंगिल	प्रति किग्रा.	
15	फर्नीचर / बैंच	प्रति नग	
16	सी.सी. बैंच	प्रति नग	
17	डस्टबिन	प्रति नग	
18	स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट	प्रति नग	
19	फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट	प्रति नग	
20	पेंट	प्रति लीटर	
21	प्राइमर (लोहा, लकड़ी)	प्रति लीटर	
22	शौचालय सीट	प्रति नग	
23	हैंडपंप मरम्मत उपकरण	नग/फिट	
24	आर. सी. सी. पिलर	नग/ बैग	
25	बालपुट्टी	बैग	
26	पी.वी.सी. पाइप	मीटर	
27	वाटर स्टोरेज टैंक	प्रति नग 1000 ली.	
28	प्लाईबोर्ड	प्रतिफिट	
29	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति नग / फिट	
30	लोहे के गेट	प्रति कुंतल	
31	आयरन शीट	प्रति किलो	
32	माईका शीट	प्रति गज	
33	ई-रिक्शा	प्रति नग	

नियम व शर्तें:- स्वीकृत निविदा / कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी. डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

सचिव ग्राम प्रधान

कार्यालय ग्राम पंचायत, ठाकुरद्वारा विकास खण्ड चमरौआ, रामपुर

पत्रांक : मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन /2024-25 दिनांक : 24.06.2024

अल्पकालीन निविदा / कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ठाकुरद्वारा वि.खं. चमरौआ जनपद रामपुर में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ +, मुख्यमंत्री पुरस्कार एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्यों के साथ ही RRC, मॉडल शॉप, SHG shed, अंत्येष्टिस्थल, गौशाला में निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 25.06.2024 से 02.07.2024 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा / कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 02.07.2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दिन के 02 बजे खोली जायेगी।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	सीमेंट	प्रति बैग	
2	बालू रेत, लोकल रेत	घन मी०	
3	बजरफुट	घन मी०	
4	20/40 एम.एम. बजरी	घन मी०	
5	ईट प्रथम श्रेणी एम-150, ईट बालदार एम-275	प्रति हजार	
6	सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. सफेद/रंगीन	प्रति नग (एक)	
7	दीवार टाइल्स, फर्श टाइल्स	प्रति वर्ग मीटर	
8	सरिया	प्रति कुंतल	
9	लोहे का जाल	प्रति कुंतल	
10	मिट्टी दूरी सहित	प्रति घनमीटर	
11	बाल पेंटिंग	प्रति वर्ग मीटर	
12	सेनेट्री सामग्री	प्रति नग	
13	बिजली उपकरण	प्रति नग	
14	आयरन एंगिल	प्रति किग्रा.	
15	फर्नीचर / बैंच	प्रति नग	
16	सी.सी. बैंच	प्रति नग	
17	डस्टबिन	प्रति नग	
18	स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट	प्रति नग	
19	फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट	प्रति नग	
20	पेंट	प्रति लीटर	
21	प्राइमर (लोहा, लकड़ी)	प्रति लीटर	
22	शौचालय सीट	प्रति नग	
23	हैंडपंप मरम्मत उपकरण	नग/फिट	
24	आर. सी. सी. पिलर	नग/ बैग	
25	बालपुट्टी	बैग	
26	पी.वी.सी. पाइप	मीटर	
27	वाटर स्टोरेज टैंक	प्रति नग 1000 ली.	
28	प्लाईबोर्ड	प्रतिफिट	
29	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति नग / फिट	
30	लोहे के गेट	प्रति कुंतल	
31	आयरन शीट	प्रति किलो	
32	माईका शीट	प्रति गज	
33	ई-रिक्शा	प्रति नग	

नियम व शर्तें:- स्वीकृत निविदा / कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी. डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

सचिव ग्राम प्रधान

एक नजर

गाली गलौज के विरोध पर दंपति से मारपीट

संभल/जुनावई अमृत विचार : गाली गलौज का विरोध करने पर युवक ने दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। जुनावई थाना क्षेत्र के गांव कादराबाद नगरिया निवासी पुष्पेंद्र की पत्नी मिथिलेश ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका देवर ललतेश घर पर आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मिथिलेश को ललतेश लाठी डंडों से पीटने लगा। शोर मचाने पर जब मिथिलेश का पति पुष्पेंद्र पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

पर्यावरण बचाने को दायर की याचिका

संभल, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुमित रस्तोगी ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय नीदरलैंड जनहित याचिका दायर की है। उन्होंने बताया कि याचिका में विश्व के जनमानस, जीव जंतुओं को बचाने के लिए पर्यावरण को बचाना आवश्यक बताया गया। कहा कि जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते हुए तापमान को रोकने के लिए परितंत्र के साथ 193 देश को शामिल करके यह संदेश पहुंचाया जाए।

ग्रामीण पर बंदरों ने किया हमला, घायल

मनोटा, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में बंदरों के झुंड ने हमला कर व्यक्ति को घायल कर दिया। बरेली निवासी सूरज सिंह असमोली थाना क्षेत्र के गांव भैंसोड़ा में सत्यदेव के यहां ससुराल में आया। सोमवार को वह घर के बाहर सुसराल वालों के साथ बैठकर बात कर रहा था। अचानक बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। बंदरों ने सूरज सिंह को काटकर घायल कर दिया। घायल को निजी डॉक्टर के पास ले गए और उपचार कराया।

किशोरी युवक के साथ फरार, रिपोर्ट दर्ज

ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर 17 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कहा कि रविवार की रात किशोरी गांव में जागरण में गई थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं आई। जिसके बाद परिजन सोमवार की दोपहर तक किशोरी की तलाश करते रहे, लेकिन उसका पता नहीं चला। शाम सूचना मिलने पर व्यक्ति थाने पहुंचा और गांव वेला निवासी अमित उर्फ चुनमुन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

सांसद की कार की टक्कर से डॉक्टर की मौत

रिश्तेदारी से बाइक पर सवार होकर घर जा रहा डॉ. गौरव, पुलिस ने चालक को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर सांसद की स्कॉर्पियो कार की टक्कर से रविवार देर रात बाइक सवार निजी चिकित्सक की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

पुलिस ने स्कॉर्पियो कार कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया।

ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर निवासी डॉक्टर गौरव (28 वर्ष) रविवार की रात नखासा थाना क्षेत्र के गांव चमरौआ स्थित रिश्तेदारी से बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहा था।

नखासा पुलिस के कब्जे में कार जिससे दुर्घटना हुई।

- **सांसद जियाउर्रहमान बर्क की कार बता रही पुलिस,कार को कब्जे में लिया गया**
- **पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की**

डॉ. गौरव बाइक लेकर जैसे ही संभल हसनपुर मार्ग पर गांव सिंहपुरसानी के नजदीक लॉ कालेज के पास पहुंचा। सैदनगली की ओर से आ रही काले रंग की सांसद लिखी स्कार्पियों कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में डॉ. गौरव गंभीर रुप से घायल हो गया। टक्कर की आवाज को सुनकर मौके पर आसपास के लोग पहुंचे तो चालक स्कार्पियों कार को छोड़कर मौके से भाग गया।

हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्कार्पियों कार कब्जे में लेकर डॉ. गौरव को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रोते बिलखते जिला अस्पताल पहुंचे डॉ. गौरव के पिता समरपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

तहरीर मिलने पर पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि स्कार्पियों कार संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क की है। रिपोर्ट दर्ज कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दस दिन पहले हुआ था बेटा खुशी का था माहौल था

संभल,अमृत विचार : ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर निवासी समरपाल सिंह ने सोमवार को बताया कि पुत्र गौरव निजी क्लीनिक चलाता था और तीन भाइयों व एक बहन में दूसरे नंबर का था। दस दिन पहले डॉ. गौरव की पत्नी ने तीन बेटियों के बाद बेटे को जन्म दिया था। जिससे परिवार में खुशी का माहौल था और डॉ. गौरव भी 15 दिन बाद होने वाले बेटे के नामकरण की तैयारी कर रहा था।

मृतक के परिजनों ने लगाया मामला रफा-दफा करने का आरोप

संभल, अमृत विचार : सांसद जियाउर्रहमान बर्क की कार की टक्कर से डॉ. गौरव की मौत को लेकर परिजनों का कहना है कि पुलिस सख्त कार्रवाई करने की वजह मामले को रफा दफा करने का प्रयास कर रही है। गौरव के पिता का कहना है कि पुलिस उन्हें कुछ भी नहीं बता रही है। यह भी आरोप लगाया कि जिस समय हादसा हुआ उस समय सांसद कार में सवार थे। हालांकि आरोपी को लेकर प्रभारी निरीक्षक थाना नकाशा का कहना है कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद कर की चालक को गिरफ्तार कर लिया है। कार पुलिस के कब्जे में है। सांसद कार में सवार थे या नहीं थे यह जांच का विषय है।

हाईटेंशन लाइन के करंट से किशोरी झुलसी, बकरी मरी

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: बहजोई थाना क्षेत्र के जंगल से होकर गुजर रही जर्जर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर बकरी व किशोरी के ऊपर गिर गया। करंट लगने से किशोरी गंभीर रुप से झुलस गई और बकरी की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन फानन में उपचार के लिए किशोरी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

थाना क्षेत्र के गांव किरारी निवासी शफीक अहमद की 12 वर्षीय पुत्री अलफिजा सोमवार को अपने चचेरे भाई सहीर पुत्र अतीक के साथ जंगल में बकरी चराने गई थी। बकरी चराते समय खेत होकर गुजर रही जर्जर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर अलफिजा के ऊपर गिर गया। करंट लगने से अलफिजा गंभीर रुप से झुलस गई और करंट की चपेट में आकर एक बकरी की मौके पर ही मौत हो गई। करंट लगने से अलफिजा को तड़पता देखकर सहीर ने शोर मचा दिया। शोर को सुनकर खेतों में काम कर रहे आसपास के लोग मौके पर आ गए और हादसे की सूचना देकर बिजली कर्मचारियों से हाईटेंशन करंट को बंद कराया। परिजन अलफिजा को लेकर निजी अस्पताल आ गए और उपचार के लिए अलफिजा को अस्पताल में भर्ती कराया। गनीमत रही कि अलफिजा का चचेरा भाई सहीर करंट की चपेट में आने से बाल बाल बच गया। एसडीओ देहात अनिल कुमार सब डिवीजन पंवासा ने बताया कि किशोरी के करंट लगने का मामला संज्ञान में आया है। मौके पर बिजली कर्मचारियों को भेजकर मामले की जांच कराई जा रही है।

अस्पताल में भर्ती करंट से झुलसी किशोरी।

घर में चोरी करते युवक की पिटाई कर पुलिस को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में घर में चोरी के करते युवक को लोगों ने पकड़ लिया। लोगों ने युवक की पिटाई की और फिर पुलिस को सौंप दिया।

थाना क्षेत्र के गांव ओबरी निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र मास्टर जर्रार अहमद के यहां चाचा की बेटी की मंगनी का कार्यक्रम था। जिसमें मेहमान आए हुए थे। रविवार को रात मेहमान और परिजन घर के आंगन में सोए हुए थे। देर रात करीब 2.30 बजे एक युवक किसी तरह घर के मुख्य दरवाजे के ऊपर से चढ़कर घर में दाखिल हुआ। आरोप है कि युवक कमरे के घुस गया और चार्जिंग पर लगे चार मोबाइल और संदूक खोलकर अन्य सामान समेटने लगा। आहट की आवाज सुनकर जागे परिजनों ने कमरे की तरफ देखा। उन्हें कमरे में किसी के होने की आशंका हुई। जिसके बाद परिवार के लोगों ने युवक को पकड़ लिया।

दुकान में चोरी का प्रयास करते किशोर को पकड़ा

संभल/ओबरी, अमृत विचार : गांव गुमसानी में टांडा कोठी-रतनपुर कलां मार्ग पर बैंक के सामने गांव के ही बाबूराम पुत्र खेमपाल की किराना की दुकान है। बाबूराम का कहना है कि रविवार की देर रात करीब 12 बजे दो तीन युवक दुकान के ऊपर छत पर चढ़े और जीने से दुकान में आए। जिसके बाद दुकान में नकब लगाने लगे। आहट होने पर पड़ोसी मेडिकल स्टोर स्वामी सुखवीर सिंह ने बाबूराम को सूचना दी। बाबूराम ने दुकान का शटर खोलकर देखा तो गांव का नाबालिग निकला। पकड़े गए नाबालिग को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

बच्ची के अपहरण मामले में धरना और प्रदर्शन की चेतावनी

संभल, अमृत विचार : रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की मुहल्ला झझरान में हुई बैठक में भीकम सिंह भारती ने कहा कि 16 जून को 11 साल की बच्ची का अपहरण मां ने सौतेले बेटे से करा दिया। इस मामले में पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

कहा गया कि पीड़ित पक्ष के कहने पर आरोपी को पकड़ा लेकिन उसे थाने से छोड़ दिया। इसके बाद पुलिस मामले को रफा दफा करने में लगी हुई है। भीकम सिंह भारती ने कहा कि इस मामले में पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई तो मजबूर होकर थाना हयातनगर के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में मोहम्मद मोसीन खां, हेमलता वर्मा, रेखा गौतम, रामजीमल आजाद, हरपाल सिंह सागर, मोहम्मद तहसीन, हाजी जफर, अंसार आदि रहे। संचालन मोहम्मद जुबैर ने किया।

सामान खरीदने को लेकर दो समुदायों में मारपीट व पथराव

संवाददाता, बहजोई

- **दोनों ओर के आठ लोग घायल जिला अस्पताल रेफर**
- **मामला दो समुदाय का होने के कारण गांव में तनाव की स्थिति**

अमृत विचार: गांव की परचून की दुकान पर सामान खरीदने को लेकर दो समुदायों में विवाद के चलते मारपीट के बाद पथराव हुआ। झगड़े में दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हो गए। घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मामला दो समुदाय का होने के कारण गांव में तनाव है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक पक्ष की रिपोर्ट दर्ज की। जबकि दूसरे पक्ष की रिपोर्ट एसपी के निर्देश पर दर्ज की गई है।

कोतवाली बहजोई के गांव कमालपुर के निवासी रूपेश कुमार की परचून की दुकान पर गांव का ही उरमान सामान खरीदने आया था। समान खरीदने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। उन्होंने एक दूसरे पर जमकर पथराव किया। जिसमें एक पक्ष के उरमान, शमशाद, अशफाक और आलम घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के रूपेश, भूपेंद्र, राजेश और कुछ महिलाएं भी घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाद कर रहे लोगों को लाठी डंडे फटकार कर दौड़ाया। वहीं पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों का पुलिस ने मेडिकल नहीं कराया। वह भाजपा नेता के साथ एसपी कुलदीप सिंह गुनावत से मिले। एसपी के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया है। कोतवाल सत्येंद्र पवार ने बताया कि एक पक्ष के लोग ज्यादा गंभीर रूप से घायल हुए थे।

सार-संक्षेप

एक घंटे तक ठप रही कलेक्ट्रेट की विद्युत आपूर्ति

बहजोई, अमृत विचार : बहजोई कलेक्ट्रेट पर सोमवार को एक घंटे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही। जिससे विद्युत विभाग में हड़कंप मच गया। विभाग ने आनन फानन में फाल्ट को ठीक किया तब कहीं जाकर विद्युत आपूर्ति सुचारू हो पाई। जिला मुख्यालय होने के नाते कलेक्ट्रेट पर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के लिए अलग से फीडर बनाया गया है। लेकिन इसके बावजूद ओवरलोड के कारण बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर हांफ रहे हैं। जिसके कारण 11 बजे के लगभग ओवरलोड के चलते कलेक्ट्रेट की अचानक विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। विद्युत आपूर्ति ठीक होने के चलते कलेक्ट्रेट के पर स्थित दफ्तरों की विद्युत आपूर्ति डीएम कार्यालय सहित ठप हो गई। आनन फानन में विद्युत आपूर्ति को सुचारु करने के लिए विभाग के कर्मचारी लग गए। 12 तक विद्युत आपूर्ति ठीक हो पाई। अवर अभियंता रोहित कुमार वरुण ने बताया कि आंधी और बारिश के साथ-साथ 33 केवी बिजली घर से आपूर्ति नहीं होने के चलते अचानक समस्या आ गई। जिसके चलते कुछ देर के लिए विद्युत आपूर्ति ठप हुई थी।

संभल में पत्रकार वार्ता करते कांग्रेस नेता। ● अमृत विचार

कांग्रेसी बोले हो सकते हैं मध्यावधि चुनाव, बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार

संभल अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के आह्वान पर आलम सराय में स्थित कांग्रेस कार्यालय पर हुई प्रेसवार्ता में अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष आरिफ खान तनवीर ने कहा कि कभी भी मध्यावधि चुनाव हो सकते हैं। जिसमें केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। आरिफ खान तनवीर ने कहा कि सीएसडीएस और लोकनीति के पोस्ट पोल सर्वे से यह स्पष्ट हो गया है कि इंडिया गठबंधन को मुसलमानों का एकमुश्त वोट मिला है। वहीं पिछड़ों, अति पिछड़ों और दलितों का भी बड़ा हिस्सा इंडिया गठबंधन के साथ था। इसके लिए अल्पसंख्यक कांग्रेस इन वर्गों का विशेष आभार व्यक्त करती है। शहर अध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी कहा कि अल्पसंख्यक कांग्रेस सामाजिक न्याय, जातिगत जनगणना, आरक्षण पर लगे 50 प्रतिशत की पाबंदी को हटाने की राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के एजेंडे पर आगामी दिनों में अभियान चलायेगी।

व्यवस्था हो दुरुस्त वरना समाप्त की जाए बायोमेट्रिक हाजिरी

संभल, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सुधीर चौहान आदि ने बीडीओ पंवासा को संबोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत को सौंपा। कहा कि बायोमैट्रिक हाजिरी व्यवस्था एक दो ग्राम पंचायतों को छोड़कर बाकी में ठप है। कहीं सिस्टम खराब है तो कहीं बिजली की समस्या है। कनेक्टिविटी भी नहीं है। जिस कारण जून में बायोमैट्रिक हाजिरी नहीं लग पाई है। व्यवस्था को सुचारू कराया जाए अन्यथा बायोमैट्रिक हाजिरी व्यवस्था को समाप्त किया जाए। जून का किसी भी कर्मचारी का वेतन न काटने की मांग भी की। इस दौरान प्रवीन कुमार, अंजार हुसैन, शिवा, संदीप, जयपाल, विजयपाल, गायत्री, सुधीर, वसीम, सोनू कुमार, मोहम्मद अमजद, राजवीर, अकील, प्रेमपाल, सत्यभान आदि रहे।

बेटे को आवाज लगाई तो पिता के साथ की मारपीट

संभल, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव मोमिनपुर कढ़ेरा निवासी फरमूद की गांव के ही लोगों से पुरानी रंजिश चली आ रही है। रविवार की रात फरमूद के घर के बराबर में आयोजित शादी समारोह में डीजे बज रहा था। फरमूद का बेटा सुहेब डीजे पर डांस कर रहा था। गांव का ही युवक अपने चचेरे-तहेरे भाइयों के साथ रास्ते से गुजर रहा था। फरमूद ने जैसे ही दरवाजे पर खड़े होकर अपने बेटे को आवाज लगाई। पुरानी रंजिश को लेकर युवक ड़रकर पीछे की ओर भाग गया। इसी बात को लेकर युवक के चचेरे-तहेरे भाइयों ने फरमूद को पकड़ लिया और लात घूसों से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। जिसके बाद फरमूद थाने पहुंचा और तहरीर दी।

युवती को ले जाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : हयातनगर पुलिस ने सोमवार को ननिहाल में रह रही युवती को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने के आरोप में बिलारी थाना क्षेत्र निवासी युवक को गिरफ्तार कर लिया। मुरादाबाद जिले में बिलारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी उस्मान शनिवार को गांव की युवती की ननिहाल हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव आया था। यहां पहले से रह रही युवती को उस्मान बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। तहरीर मिलने पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने के बाद उस्मान की तलाश कर रही थी। सोमवार को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उस्मान को गिरफ्तार कर लिया।

हाईटेंशन करंट से चार पशुओं की मौत

मनोटा, अमृत विचार : ऐचोड़ा कंबोह बिजली घर से जुड़े गांव हैदरपुर उर्फ हाजीपुर में निवासी नफीस व सगे भाई जाहिद और शमशाद की सोमवार की दोपहर में घर के बाहर रास्ते के किनारे पशु बंधे हुए थे। नफीस, जाहिद व शमशाद के घर के पास से होकर गुजर रही हाईटेंशन लाइन में अचानक से फाल्ट हो गया और तार टूटकर जमीन पर गिर गया और बरसात की वजह से गीली हुई जमीन में करंट दौड़ने लगा। जिससे नफीस की गाय, जाहिद की 2 और शमशाद की 1 भैंस की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। हादसे की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस व फोन कर ऐचोड़ा कंबोह में तैनात अवर अभियंता मुनित कुमार को दी। सूचना मिलने पर पुलिस व अवर अभियंता मौके पर पहुंचे और नफीस, शमशाद व जाहिद को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

नालों में गंदगी देख भड़के जिलाधिकारी, लगाई फटकार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: जिलाधिकारी सोमवार की दोपहर 12 बजे नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। जहां स्वास्थ्य निरीक्षक व लिपिक का कार्य संतोषजनक नहीं मिलने पर फटकार लगाई। साथ ही चेतावनी देकर स्पष्टीकरण मांगा। इसके बाद डीएम ने शहर के नालों का निरीक्षण किया। जिसमें गंदगी देख नाराजगी जताई। शीघ्र ही नालों की तली झाड़ सफाई करने के निर्देश दिए। कहा कि अगर समय से कार्य नहीं कराया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

सोमवार की दोपहर 12 बजे जिलाधिकारी मनीष बंसल, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा स्टेशन रोड स्थित नगर पालिका के अस्थायी कार्यालय पहुंचे। कुछ देर बाद एसडीएम/ईओ नगर पालिका नीतू रानी भी पहुंच गई। यहां ईओ कार्यालय में डीएम ने स्वास्थ्य

ट्रैक्टर चालक से नाला सफाई की जानकारी लेते डीएम मनीष बंसल। ● अमृत विचार

- **नगर पालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक व लिपिक से मांगा स्पष्टीकरण**
- **शीघ्र तली झाड़ सफाई के दिए निर्देश,सफाई व्यवस्था को लेकर सभासदों ने दिया ज्ञापन**

निरीक्षक प्रियंका सिंह व स्वास्थ्य लिपिक नरेश कुमार के कार्य से संबंधित अभिलेख देखे। जिसमें खामियां मिलने पर दोनों कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। कहा कि अगर शीघ्र ही कार्य में सुधार नहीं मिला तो कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय मौजूद रही। इसके बाद डीएम ने एडीएम व पालिकाध्यक्ष के साथ घटलेश्वर गेट व मोहल्ला लोधियान के नालों का निरीक्षण किया। जहां नालों में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई तथा शीघ्र ही नालों की तली झाड़ सफाई कराने के निर्देश दिए। मोहल्ला लोधियान में नाले पर सफाई कर रहीं जेसीबी चलती मिली। बहरहाल डीएम नालों की सफाई की स्थिति से संतुष्ट नजर नहीं आए। उनका कहना है कि वर्षा ऋतु करीब है, समय रहते नालों की तली झाड़ सफाई होनी है, जिससे जलभराव की समस्या ना हो। नालों का निरीक्षण करने के बाद जिलाधिकारी पुनः नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने अन्य जानकारी भी ली।

मोहल्ला घटलेश्वर गेट स्थित गंदगी से पटा नाला। ● अमृत विचार

नाले के निरीक्षण में मिली खामियां

चन्दौसी, अमृत विचार : नालों के सफाई के निरीक्षण में डीएम ने जेसीबी चालक दिलशाद व मलबे ले जाने वाले ट्रैक्टर-ट्राली चालक देशराज से वार्ता की। इन दोनों कर्मचारियों के बयान स्वास्थ्य लिपिक नरेश कुमार से बिल्कुल अलग थे। इस दौरान स्वास्थ्य लिपिक बगले झांकते नजर आए। स्वास्थ्य लिपिक ने बताया कि मोहल्ला लोधियान से नाले की सफाई प्रारंभ की गई, जबकि जेसीबी व ट्रैक्टर चालकों ने बताया कि एनकेबीएमजी कॉलेज से नाले की सफाई आरंभ की गई। दोनों कर्मचारियों ने बताया कि वह सिर्फ स्वास्थ्य लिपिक से परिचित तथा स्वास्थ्य निरीक्षक को जानते तक नहीं। इस पर डीएम ने नाराजगी जताई और स्वास्थ्य लिपिक से शीघ्र ही नालों की तली झाड़ सफाई की बात कही।

सभासदों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

चन्दौसी, अमृत विचार : नालों का निरीक्षण करने आए जिलाधिकारी को सभासदों के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा है कि एक वर्ष का समय हो चुका है। पिछले काफी समय से पालिका की स्थिति अत्यंत दयनीय चल रही है। स्वास्थ्य, जलकल, निर्माण व अन्य विभागों में सभासदों के कहने से कोई कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। बल्कि उनके कार्यों की अनदेखी की जाती है। पालिका की सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। दवाई का छिड़काव नहीं कराया जा रहा। पिछड़ा वर्ग कर्मचारियों की स्थिति खराब है। कहने के बाद शहर में लगे वाटरकूलरों की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। पेयजल सप्लाई से जनता परेशान बनी है। रोजाना जगह-जगह सड़कों पर पेयजल पाइप दुरुस्त करने को गड्ढे खोदे जा रहे हैं। जिससे आवगमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन देने वालों में अमन कोली, नवकांत देव शर्मा, सचिन रस्तोगी, कपिल कुमार, तरुण कुमार नीरज, मनोज गुप्ता, अमित दिवाकर, मोहित दिवाकर, शिव कुमार सैनी आदि मौजूद रहे।

रामलीला मैदान में झूले लगवाने पर पालिका ने नाराजगी जताई

कार्यालय संवाददाता, संभल

- **शिकायत के बाद एसडीएम ने श्री रामलीला कमेटी के लोगों के साथ की बैठक**
- **नगर पालिका का कहना है कि एक करोड़ खर्च कर मैदान को संवारा गया है**

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में चंदौसी मार्ग पर रामलीला मैदान में कई बड़े झूले लगाने को लेकर नगर पालिका ने नाराजगी जताई है। नगर पालिका का कहना है कि एक करोड़ खर्च कर मैदान को संवारा गया है। इस तरह मैदान फिर से बेकार हो जायेगा। इस मामले को लेकर एसडीएम ने श्रीराम लीला कमेटी से जुड़े लोगों के साथ बैठक की।

चंदौसी मार्ग पर स्थित रामलीला मैदान पर पिछले कई दिनों से बड़े झूले लगे हैं। मामला नगर पालिका प्रशासन के संज्ञान में आया तो पालिका ने इसे लेकर नाराजगी जताई। नाराजगी की वजह यह कि एक साल पहले ही नगर पालिका ने इस मैदान की सूरत संवारने पर एक करोड़ रुपये का खर्च किया है। पालिका का कहना है कि मैदान पर दशहरा मेला का आयोजन होता है। इस तरह जमीन खोदकर झूले लगेंगे तो मैदान खराब हो जायेगा। ईओ आनंद कुमार कटारिया ने रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों को नोटिस भी जारी किये।

एसडीएम विनय कुमार मिश्र ने सोमवार को नगर हिंदू सभा व श्री रामलीला कमेटी से जुड़े संजय गुप्ता पोली, कमल कांत तिवारी आदि के साथ बैठक की। बैठक में ईओ आनंद कुमार कटारिया और तहसीलदार रवि सोनकर भी रहे। काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच वार्ता चली। ईओ आनंद कुमार कटारिया ने बताया कि मैदान की जमीन के बारे में स्थिति स्पष्ट कराने के लिए बात हुई है। अब प्रकरण में कमेटी की ओर से दिए जाने वाले दस्तावेज देखे जाएंगे।

रियलिटी चेक | डीएम ने जीपीएस लोकेशन व फोटोग्राफ के साथ कार्यालय में कराई निगरानी

जनसुनवाई करते मिले तीनों तहसीलों के एसडीएम

संवाददाता, बहजोई

- **पंचायत में सफाई कर्मियों की उपस्थिति का सत्यापन करेंगे लेखपाल**
- **शासन के निर्देश के बाद जिलाधिकारी हुए गंभीर**

अमृत विचार: कार्यालय में बैठकर सरकारी अधिकारी जनता की जनसुनवाई करें इसको लेकर जिलाधिकारी गंभीर हैं। डीएम मनीष बंसल ने इसका पालन हो रहा है या नहीं इसको लेकर रियलिटी चेक कराया तो तीनों तहसीलों के एसडीएम अपने कार्यालय में जनसुनवाई करते हुए पाए गए। डीएम ने ग्राम पंचायत में सफाई कर्मियों की हाजिरी को लेकर भी लेखपालों को सत्यापन की कमान सौंपी है।

शासन के निर्देश के बाद डीएम मनीष बंसल ने जनपद में सभी जिला स्तरीय तहसील स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अपने दफ्तर पर बैठकर 10 से 12 तक जनसुनवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस आदेश का गंभीरता से पालन हो और सरकारी दफ्तरों पर आने वाले आम जनमानस को सुनकर अधिकारी उनकी समस्याओं का समाधान करें। इसको लेकर डीएम ने सोमवार को जनपद की तीनों तहसील चंदौसी, संभल व गन्नौर का रियलिटी चेक कराया कि एसडीएम अपने दफ्तर में बैठकर जनसुनवाई कर रहे हैं या नहीं तो इस रियलिटी चेक में तीनों एसडीएम सही पाए गए। तीनों एसडीम अपने दफ्तर में बैठकर 10 से 12 बजे तक सुनवाई कर रहे थे।

> जनसुनवाई को लेकर ब्लॉक व तहसील पर अधिकारियों को समय से अपने दफ्तर पर बैठकर जैन समस्याएं सुनने के निर्देश दिए गए हैं। इसी को लेकर समय-समय पर रियलिटी चेक भी कराया जा रहा है। जो भी अनुपस्थित मिल रहे हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। वहीं अधिकारियों को बता दिया गया है कि वह जनसुनवाई के समय नहीं मिलेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> – मनीष बंसल, डीएम

ब्लॉक स्तर पर भी जल्द ही हो सकता है रियलिटी चेक

बहजोई, अमृत विचार : डीएम मनीष बंसल ने जहां जनपद की तीनों तहसीलों में सोमवार को रियलिटी चेक कराया तो अब बारी ब्लॉक स्तर पर रियलिटी चेक की है। किसी भी दिन डीएम अपनी टीम भेज कर विकास खंडों पर विकासखंड अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई करने का रियलिटी चेक करा सकते हैं। अगर रियलिटी चेक में अधिकारी सही पाए जाएंगे तो ठीक वरना नोटिस देकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पंचायत सफाई कर्मचारियों के सत्यापन की कमान लेखपालों को दी गई

बहजोई, अमृत विचार : जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत में सफाई करने पहुंच रहे सफाई कर्मियों की उपस्थिति को लेकर भी कड़ा रुख अपनाया है। अब इसकी कमान लेखपालों को दी गई है। लेखपाल सफाई कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति का सत्यापन करेंगे और वह अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंपेंगे। जो भी कर्मचारी सत्यापन के बाद गैर हाजिर पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

मारपीट के आरोप में पांच के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अकरौली में भूमि का बैनामा न करने व पीड़ित के साथ मारपीट के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। गांव अकरौली निवासी मेहंदी हसन पुत्र लतीफ ने थाने में तहरीर दी कि कुछ लोग जमीन का बैनामा करने में टाल मटोल कर रहे हैं तथा बैनामा कराने को कहने पर मारपीट करते हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने इशाक, शानू, आस मोहम्मद, उस्मान, नासिर निवासी गांव अकरौली के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

युवक से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव मऊ अस्सू के कब्रिस्तान के पास से पुलिस ने युवक को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। नरौली पुलिस क्षेत्र में पुलिस गश्त कर रही थी। तभी गांव मऊ अस्सू के पास कब्रिस्तान के पास से एक युवक गुजर रहा था। जो पुलिस के देखकर घबरा गया और तेज कदमों से चलना लगा। पुलिस ने युवक को रोक लिया। पुलिस पूछताछ के बाद युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। युवक के पास मिली कनस्तरी से पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। युवक ने अपना नाम अतुल उर्फ छुट्टन निवासी मऊ अस्सू बताया। पुलिस ने युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

हाईटेंशन करंट की चपेट में आकर पशु की मौत

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव आर्थल निवासी राजपाल के घर के पास से होकर हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। सोमवार को हाईटेंशन लाइन में फाल्ट होने से पोल को रोकने के लिए लगी सपोर्ट वायर से होकर करंट जमीन पर फैल गया। राजपाल भैंस को नहलाने के लिए घेर में लेकर जा रहे थे। जमीन पर फैल रहे करंट की चपेट में आकर भैंस की मौत हो गई। आनन फानन में बिजली कर्मचारियों को फोन कर हाईटेंशन करंट को बाधित कराकर राजपाल ने जमीन में गड्ढा खोदकर भैंस को दफना दिया। भैंस की मौत होने से राजपाल को पचास हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

बारिश से मौसम सुहाना, गर्मी से मिली राहत

भीषण गर्मी के बाद सोमवार को शुरू हुई बारिश, कुछ देर की बरसात से सड़क पर बहने लगा पानी

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : मौसम का मिजाज अचानक बदला तो बड़ी राहत मिली। पिछले दिनों 46 डिग्री सेल्सियस तक पारा पहुंचने पर उबले लोगों ने सोमवार को बारिश होने पर सुकून महसूस किया। संभल में झमाझम बारिश हुई तो मुख्य मार्ग पर भी पानी बहने लगा। बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे।

इस बार भीषण गर्मी के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। लोग ऊपरवाले से बारिश के लिए प्रार्थना करते रहे। जून महीने में बड़ी दिक्कतें झेलने के बाद सोमवार को राहत भी मिली। सुबह से ही मौसम का मिजाज नरम रहा।

इस बीच सुबह करीब 11 बजे आसमान में काले बादल घुमड़े और झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश में युवाओं और बच्चों ने नहाकर आनंद लिया तो लोगों ने सफर जारी रखा। कुछ ही देर की बारिश से

झमाझम बरसात के बीच सड़क से गुजरते बाइक सवार व अन्य लोग। ● अमृत विचार

संभल में बरसात के बाद सड़कों पर जलभराव के हालात। ● अमृत विचार

● बारिश होने से दोपहर के वक्त भी लोगों ने महसूस की राहत

संभल में बहजोई मार्ग पर मुहल्ला नाला पर जलभराव के हालात बन गए। जबकि दूसरे क्षेत्रों में भी नाले उफन आए तो पालिका की तलीझाड़ सफाई को लेकर भी सवाल खड़े हुए। बारिश रुकी तो लोग राहत महसूस करने लगे।

करीब एक घंटे बाद फिर भी आसमान में घनघोर घटा छा गई और फिर से रिमझिम बारिश हुई। आलम यह रहा कि शाम तक कई बार रिमझिम बारिश हुई। मौसम का मिजाज बदलने से लोगों को राहत मिली। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, गुन्नौर, बबराला, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में बारिश होने से लोगों के चेहरे खिल उठे।

बारिश से किसानों के चेहरे खिले

गुन्नौर, अमृत विचार : आखिरकार इंद्र देवता मेहरबान हो गए। दोपहर 12 बजे से शुरू हुई बारिश आधा घंटे तक हुई। इससे क्षेत्र के लोगों को गर्मी से निजात मिली तो किसानों के चेहरे भी खिल गए प्रचंड गर्मी से राहत के लिए लोग बारिश का इंतजार कर रहे थे तो किसान भी मक्का, बाजरा और गन्ना की फसल में पानी के लिए आसमान की तरफ ताक रहे थे। बिन बारिश के खेतों में खड़ी गन्ना, बाजरा और मक्का की फसलें सूखने लगी थी। वहीं, धान की पौध रोपाई में बिलंब हो रहा था। सोमवार की सुबह से उमस भरी गर्मी के बीच आसमान में काले घने बादल छा गए। दोपहर 12 बजे जोरदार बारिश शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक झमाझम बारिश से इलाके का मौसम खुशगवार हो गया।

स्टेशन रोड से बरसात में गुजरते वाहन व राहगीर। ● अमृत विचार

बारिश के चलते विद्युत आपूर्ति हुई बाधित, लोग रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: सोमवार की सुबह से रुक-रुक कर बरसात होने से जनमानस को गर्मी से राहत मिली। वहीं इसी के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जिससे लोगों को परेशानी का भी सामना करना पड़ा।

रविवार की दोपहर हुई बरसात के बाद उमस बढ़ गई। जिससे लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। लेकिन सोमवार सुबह से तेज हवाओं के बाद हल्की बरसात शुरु हो गई। जिसके बाद लोगों ने काफी राहत महसूस की। सुबह से रुक-रुक कर बरसात देर शाम तक होती रही। लोगों ने भी बरसात का आनंद उठाया। पिछले दो माह से भीषण गर्मी झेल रहे लोगों को हल्की बरसात से कुछ राहत तो मिल गई।

सड़कों पर भी चहल-पहल देखी गई। वहीं नगर क्षेत्र में हनुमान गढ़ी व मौलागढ़ फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे से 2.30 बजे तक बाधित रहीं। जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

करंट से भैंस की मौत के बाद प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

करंट की चपेट में आकर भैंस की मौत, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में ट्रांसफार्मर से बरसात के पानी से गीली हुई जमीन पर फैल रहे करंट की चपेट में आकर पशु की मौत हो गई। जिससे गुस्साए लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नरोत्तम सराय निवासी यूसुफ सोमवार दोपहर तीन बजे यूसुफ अपनी दो भैंसों को तालाब नहलाकर घर वापस लेकर आ रहा था। मुहल्ला में ही स्थित मस्जिद के पास जमीन पर बने चबूतरे के ऊपर लोगों के घरों में बिजली की आपूर्ति करने के लिए ट्रांसफार्मर से अर्थ के लिए जमीन में लोहे की दो पत्ती लगी हुई हैं। इन्हीं पत्तियों से होकर बारिश से गीली हुई जमीन पर करंट फैल रहा था। यहां पहुंचते ही एक भैंस करंट की चपेट में आई। करंट से भैंस को तड़पता देखकर यूसुफ ने बिजलीघर फोनकर करंट को बंद कराया, लेकिन तब तक भैंस की मौत हो गई। जिससे गुस्साए यूसुफ व मुहल्ला के लोगों ने लापरवाही का आरोप लगाकर बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।

शटडाउन के बाद भी लाइन में दौड़ा करंट, बिजली कर्मी झुलसा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

● पुरा बिजली घर पर हाईटेंशन लाइन के तार दुरुस्त करते समय हादसा

● झुलसने के बाद सेफ्टी बेल्ट के सहारे पोल पर लटका रहा संविदा लाइनमैन

अमृत विचार: बहजोई थाना क्षेत्र के पुरा बिजली घर पर कार्य करते समय संविदा लाइनमैन झुलस गया। जिसे गंभीर हालत में संभल के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां लाइन मैन की हालत नाजुक बताई जा रही है। कार्य करते समय शटडाउन लिया था। इसके बाद भी लाइन में करंट आ गया।

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव भरतरा निवासी यशपाल पुत्र इंद्रपाल मौलागढ़ फीडर पर संविदा लाइन मैन है। बहजोई थाना क्षेत्र के गांव पुरा बिजली घर पर हाईटेंशन लाइन के तार ढीले होने पर जेई अभिषेक लाइन मैन को लेकर पुरा पहुंचे। जहां सोमवार की सुबह 10.08 बजे शट-डाउन के बाद लाइन मैन सेफ्टी बेल्ट के सहारे डबल पोल पर तार दुरुस्त करने के लिए चढ़ गया। कुछ देर बाद अचानक लाइन में करंट आने से लाइन मैन झुलस गया और सेफ्टी बेल्ट के सहारे पोल लटका रहा। यह देख जेई अभिषेक ने अन्य कर्मचारियों की मदद से लाइन मैन को नीचे उतारा। लाइन मैन की हालत गंभीर होने पर जेई ने संभल के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी संभल पहुंच गए। बताया जा रहा है कि लाइन मैन की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका उपचार चल रहा है।

> घटना के समय जेई अभिषेक मौजूद थे। उनसे जानकारी की जा रही है। इसके बाद जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> –अजय कुमार शुक्ला, एसडीओ

निजी अस्पताल में भर्ती झुलसा लाइनमैन यशपाल। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

10 मिनट की बारिश से साप्ताहिक बाजार में जलभराव

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : करीब 10 मिनट की बारिश से रजपुरा की साप्ताहिक बाजार में जलभराव हो गया। दो फिट पानी भरने से सब्जी विक्रेताओं और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आलम यह रहा कि सब्जी और सामान पानी में बहने लगीं। सोमवार को रजपुरा में साप्ताहिक बाजार लगी तो तेज बारिश होने से व्यवस्था बिगड़ गई। अचानक बरसात से बाजार में अफरातफरी मच गई। दो-दो फिट पानी भर जाने के कारण लोगों और दुकानदारों को परेशानी हुई। हालात यह हुए कि दुकानदार सामान समेट पाते इससे पहले ही दुकान का सामान पानी में बहने लगा। सब्जियां पानी में बहने लगीं तो दुकानदार उन्हें इकटठा करने में जुटे रहे। जलभराव के कारण दुकानदारों को हजारों रुपये का नुकसान भी हुआ। दुकानदारों का कहना रहा कि बारिश होने पर पानी निकासी का समुचित इंतजाम होना चाहिए।

बारिश के बीच हुई नाले की सफाई

संभल अमृत विचार : संभल में सोमवार को नगर पालिका परिषद की ओर से बारिश के बीच ही एसडीएम कार्यालय के सामने नाले की सफाई का अभियान चलाया गया। जेसीबी ने नाले की गंदगी को वाहन में भरने का काम किया जबकि दूसरी तरफ भी नाले की सफाई कराई गई। नाला सफाई को लेकर कहा जाने लगा कि अब बरसात के समय में नगर पालिका सफाई अभियान चला रही है। अगर शहर के दूसरे नालों में भी गंदगी रही तो फिर तेज बारिश होने पर दिक्कत बढ़ना लाजमी है।

बारिश से ठप हो गई बिजली, लोग हुए परेशान

बबराला अमृत विचार : सोमवार को बारिश के दौरान बिजली आपूर्ति ठप हो गई। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई। खराब मौसम के बीच फाल्ट सही करने में कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।सोमवार को आसमान में सवेरे से काली घटाएं छा रही थीं। दोपहर में बारिश शुरू हो गई। बारिश के बीच बिजली फाल्ट की समस्या भी पैदा हो गई। नगर समेत आसपास ग्रामीण क्षेत्र में लोकल फाल्ट के चलते कई गांवों की बिजली ट्रिपिंग शुरू हो गई । जिस कारण उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

अतिक्रमण हटवाने के दौरान नोकझोंक

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : नगर का मुख्य बाजार रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने नगर पंचायत के सफाई मित्रों और पुलिस फोर्स की मदद से मुख्य बाजार में सड़क की पटरी से अवैध अतिक्रमण हटवा दिया।

अभियान के दौरान दुकानदारों का विरोध भी झेलना पड़ा। नगर में इंदिरा चौराहे से लेकर रेलवे स्टेशन तक दुकानदारों ने दुकानों के आगे पटरी पर तख्त आदि रख लिए हैं। जिससे आमजन को भारी परेशानी होती है।

ध्यान रहे कि अनूपशहर होकर बुलंदशहर, मेरठ, गाजियाबाद, दिल्ली की ओर जाने वाले सैकड़ों वाहन रोजाना मुख्य बाजार से ही निकलते हैं जिससे यहां अकसर जाम जैसे हालात बने रहते हैं। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि तहसील दिवस में अतिक्रमण की शिकायत आई थी। जिस पर बाजार में दुकानों के आगे से तख्त व रखा हुआ सामान हटवाया गया है। इधर, अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान इंदिरा चौराहे लोगों पर लगे फ्लेक्स हटाने पर कुछ लोगों ने नगर पंचायत के खिलाफ विरोध का स्वर मुखर किया है।

बबराला में पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटवाती नगर पंचायत की टीम।

● दुकानों के आगे पटरी पर रखे तख्त आदि से होती थी लोगों को परेशानी

योग शिविर में स्ट्रेचिंग की जानकारी दी गई

अमृत विचार, चन्दौसी: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित 10 दिवसीय योग शिविर में स्ट्रेचिंग के साथ डायट के बारे में जानकारी दी गई। घंटाघर लाठी बाजार पर जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति चन्दौसी द्वारा चल रहे श्री राज योग पीठ के सांतवें प्रशिक्षिका अनीता राज व ऐश्वर्या राज ने स्ट्रेचिंग के की पूर्ण जानकारी दी। साथ ही डायट बारे में सभी सदस्यों को समझाया जैसे अमला पाउडर, ब्रह्मी पाउडर, अश्वगंधा, अलसी के बीज आदि हमें किस समय कितनी मात्रा में किस लिए लेने चाहिए। ग्रुप के सभी सदस्यों ने अपनी-अपनी समस्याएं साझा की। प्रशिक्षिका ने सभी समस्याओं को सुनकर उचित सुझाव दिए। इस अवसर पर अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, सचिव अनुराधा ,यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल,रानी अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, नीलिमा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल,आरजू, अलका ,रीता आदि मौजूद रही।

नगर पंचायत अध्यक्ष के 6 भाइयों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

विवाद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

● शादी में आए व्यक्ति पर धारदार हथियारों से किया हमला

अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत नरौली में बरात से घर लौट रहे व्यक्ति को जमकर पीटा गया और धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। पीड़ित ने नगर पंचायत चेयरमैन के छह भाइयों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा निवासी शराफत पुत्र कुच्चन अपने रिश्तेदार की शादी में रविवार की रात थाना बनियाठेर क्षेत्र की नगर पंचायत नरौली में शामिल होने आए थे। शादी समारोह से वापस बाइक पर सवार होकर जब शराफत अपने परिचित याकूब थाना सिरसी के साथ जा रहे थे, तो कुछ दूर चलने पर नगर पंचायत के चेयरमैन विट्टन के भाई जीशान ने रोका और बाइक की चाबी निकाल ली। कुछ ही देर में जीशान के अन्य भाई भी आ गए। जिनके पास धारदार हथियार थे।

इसके बाद सभी भाइयों ने शराफत को खूब पीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी ले गए जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने डल्लू, गुफरान, जीशान, रिजवान, अरमान, फरमान पुत्रगण जलालुद्दीन के विरुद्ध बलवे सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

जिला सेवायोजन कार्यालय में साक्षात्कार लेते कंपनी के अधिकारी।

साक्षात्कार के बाद 18 अभ्यर्थियों का चयन

चन्दौसी, अमृत विचार : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जिला सेवायोजन कार्यालय के अंतर्गत एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली से आई औदज वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी पलक रस्तोगी, राहुल ओबराय ने अभ्यर्थियों का काउंसलिंग के माध्यम से चयन किया गया। मेला प्रभारी गौरव पूठिया ने बताया कि रोजगार मेले में 53 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें आईटीआई ट्रेनीज पदों पर कुल 18 अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। बताया कि आगामी 29 जून को होने वाले रोजगार मेले में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। इस दौरान मुकेश गौतम, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण का कार्य हुआ शुरू

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

● सेतु निगम की टीम ने पिलर लगाने को खोदे दो गड्ढे,

● बड़े वाहनों के प्रवेश पर लगी रोक, पैदल व बाइक सवार जा सकते हैं

अमृत विचार: मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने का कार्य सोमवार की सुबह आरंभ कर दिया गया। मंडी समिति के सामने पिलर बनाने के लिए दो गड्ढे भी खोद दिए गए। जिससे यातायात पुलिस द्वारा रेलवे फाटक से गुमथल चौराहा तक बड़े वाहन का प्रवेश बंद कर दिया गया। केवल पैदल व बाइक सवार को जाने की अनुमति दी गई है। जिससे आसपास के लोगों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने को कई दिन से सामग्री एकत्र की जा रही है। मगर कार्य आरंभ होने का इंतजार किया जा रहा था। व्यापार मंडल ने एसडीएम को ज्ञापन देकर ओवरब्रिज निर्माण आरंभ को लेकर ज्ञापन सौंपा था। सोमवार की सुबह रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने का कार्य आरंभ कर दिया गया। इससे पहले यातायात पुलिस द्वारा रेलवे फाटक से गुमथल चौराहा तक कार्य के चलते बड़े वाहनों का संचालन बंद कर दिया। केवल पैदल व बाइक सवारों को जाने दे रहे हैं। सेतु निगम की टीम की ओर से मंडी समिति के सामने पिलर लगाने के लिए मशीन से सड़क पर गड्ढे खोदने का कार्य किया गया। बारिश होने से कार्य प्रभावित बना रहा। जिससे केवल दो ही बड़े गड्ढे खोदे जा सके। फिलहाल एकाएक मार्ग बंद होने से आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब यह मार्ग लंबे समय तक बंद रहने की उम्मीद जताई जा रही है। मंगलवार के निर्माण कार्य में तेजी लाने की बात कही गई।

खेती

फसल का लागत मूल्य नहीं मिलने से मेंथा किसान चिंतित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: कम तेल निकलने पर मेंथा फसल उगाने वाले किसान चिंतित हैं। मेंथा किसानों की फसल का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। एक बीघा मेंथा की फसल में मात्र चार से पांच किलो तेल ही निकल रहा है।

चन्दौसी तहसील क्षेत्र में कई किसानों ने इस बार मेंथा की फसल उगाई है। तहसील कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में मेंथा की फसल कटने को तैयार है। किसान फसल को काटकर पेराई जुट गए हैं। मगर पेराई में मेंथा तेल कम निकल रहा है।

बताया कि मेंथा की फसल उगाने में लागत अधिक लगानी पड़ती है। समय-समय पर फसल की सिंचाई करनी होती है। पिछले कुछ माह से बरसात नहीं होने से फसल की सिंचाई करने पर आर्थिक बोझ पड़ा है। इस बार एक बीघा फसल में चार से पांच किलो मेंथा तेल निकल रहा है। जबकि बाजार में मेंथा तेल का भाव प्रति किलो 850 से 900 रुपये है। इस कारण अब किसान मेंथा की फसल की बजाए धान व अन्य फसल बोने का मन बनाने लगे हैं।

किसानों की माने तो दो वर्षो से मेंथा की फसल से किसानों को अधिक लाभ नहीं मिल पा रहा है। मेंथा के भाव में अधिक उछाल नहीं आ रहा है। वहीं मेंथा व्यापारी भी भाव न बढ़ने का कारण मांग का कमजोर होना बता रहे है।

ग्राम कुढफतेहगढ के खेत में खड़ी मेंथा की फसल। ● अमृत विचार

● बाजार में मेंथा तेल का भाव प्रति किलोग्राम 850 से 900 रुपये है

● कमजोर मांग के चलते नहीं बढ़ रहा तेल का दाम

> मैंने अपनी आठ बीघा भूमि में मेंथा की फसल की थी। जिसमें मात्र 45 किलो मेंथा तेल निकला है। जबकि फसल में लागत अधिक आई है। मगर पैदावार कम होने पर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।
>
> –कृपाल सिंह, जहांगीरपुर

> हमने छह बीघा भूमि में मेंथा फसल उगाई है। जिसमें कुल 26 किलो तेल निकल सका। जबकि बाजार में मेंथा तेल के भाव कम होने से किसान को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।
>
> –रामौतार राजपूत, मल्हपुर

ध्रुव चरित्र व प्रहलाद की भक्ति का किया मनोहारी वर्णन

चन्दौसी, अमृत विचार : श्री बारहसैनी सेवा सदन में श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा व्यास ने ध्रुव चरित्र व भक्त प्रहलाद की भक्ति का वर्णन किया। जिसे सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। सोमवार को सरस्वती पीठ वृंदावन के आचार्य नन्द नन्दन ठाकुर महाराज ने कथा का आरंभ भगवान श्री नारायण के अनन्य भक्त ध्रुव के पावन चरित्र से किया। साथ ही राक्षसराज हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रहलाद की हरि भक्ति का वर्णन करते हुये कहा कि प्रहलाद ने अपनी भक्ति की दृढ़ता से अपने साथ-साथ अपने पिता और कुल का भी उद्धार करवा लिया। कहा कि भगवान नारायण गज की करुण पुकार सुनकर दौड़े आये और अपने भक्त का कष्ट दूर किया। भक्त यदि सच्चे मन से प्रभु को पुकारते हैं तो करुणानिधान भक्तवत्सल भगवान को आना ही पड़ता है। कथा उपरान्त यजमानों ने सपत्नीक श्री राधा कृष्ण व भागवत जी की आरती कर प्रसाद का वितरण हुआ। कथा आरंभ से पूर्व मुख्य यजमान महेन्द्रपाल वार्ष्णेय 'शक्ति भोग', श्रीमति ऊषा रानी के अलावा आज के यजमान विवेक यादव, उपासना यादव ने पूजन सम्पन्न कराया। साहू खानचंद्र इंडस्ट्रीज के मौसम गुप्ता ने कथा व्यास का माल्यार्पण और शाल पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान अमित केएस, गोपाल वार्ष्णेय रियोनाई, अनुज वार्ष्णेय एमके, राजन वार्ष्णेय, अरुण कुमार सोनू, विमल किशोर आदि का विशेष सहयोग रहा।

श्री वार्ष्णेय सेवा सदन में कथा का श्रवण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

न ह्रश्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।
गंगो ह्रद इवाक्षोभ्यो य: स पंडित उच्यते।।

जो अपना आदर-सम्मान होने पर ख़ुशी से फूल नहीं उठता, और अनादर होने पर क्रोधित नहीं होता तथा गंगाजी के कुण्ड के समान जिसका मन अशांत नहीं होता, वह ज्ञानी कहलाता है।।

संपादकीय

विपक्ष की एकजुटता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अठारहवीं लोकसभा की पहली बैठक की शुरुआत में कामकाज को लेकर स्पष्ट कर दिया कि उनकी सरकार सहमति के साथ चलने का प्रयास करेगी। देश जिम्मेदार विपक्ष चाहता है और देश की जनता विपक्ष से नखरे, ड्रामा, नारेबाजी और व्यवधान की जगह ठोस काम और संसद की गरिमा बनाए रखने की उम्मीद करती है। वहीं 'इंडिया' गठबंधन के सांसदों ने एकजुटता दिखाकर साबित कर दिया कि विपक्ष इस बार लोकसभा में अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में है। विपक्षी गठबंधन के कई घटक दलों के नेता संविधान की प्रति लेकर सदन में पहुंचे। गौरतलब है कि आठ कार्य दिवसों के छोटे सत्र में पहले दो दिन नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाने, उसके बाद लोकसभाध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति द्वारा दोनों सदनों को संयुक्त संबोधन और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शामिल है। इस छोटे सत्र में प्रधानमंत्री मोदी पर अनेक मुद्दों को लेकर विपक्ष के हमले होने तय हैं। विपक्ष कितना आक्रामक हो सकता है, इसका इशारा राहुल गांधी ने यह कहकर दे दिया है कि कांग्रेस देश की जनता के समर्थन से किसी भी कीमत पर संविधान की रक्षा करेगी। साथ ही विपक्ष ने आपातकाल वाले बयान को लेकर प्रधानमंत्री पर निशाना साधा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 50 साल पहले के आपातकाल का जिक्र किया, लेकिन पिछले 10 वर्षों के उस अघोषित आपातकाल को भूल गए जिसका जनता ने इस लोकसभा चुनाव में अंत कर दिया है। भाजपा की संख्या अभी भी कांग्रेस से दोगुनी से अधिक है, लेकिन सत्तारूढ़ दल पूर्ण बहुमत से दूर है। इस बार दो दलों के समर्थन पर टिकी सरकार को जहां एक ओर बहुत मजबूत व संयुक्त विपक्ष (इंडिया) का सामना करना होगा, वहीं उनके अपने सहयोगी दलों का भी दबाव होगा।

नए सदन में कांग्रेस की शक्ति लगभग दोगुनी हो गई है। इंडिया की सदस्य संख्या भी इतनी है कि सरकार विपक्ष की उपेक्षा नहीं कर पाएगी। खासतौर पर संवेदनशील मसलों पर। 2014 के बाद पहली बार कांग्रेस आधिकारिक तौर पर नेता पद का दावा करने के लिए पात्र होगी। नई लोकसभा में सरकार का एजेंडा 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की साझा बैठक में स्पष्ट करेंगी। उसके बाद 1 जुलाई को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदन में चर्चा की जाएगी और 2 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण को लेकर अपना जवाब देंगे। नई लोकसभा में वह प्रधानमंत्री का पहला संबोधन होगा। जाहिर है अगर विपक्ष चुनाव पूर्व हुए गठबंधन को बरकरार रखने में कामयाब रहता है तो वह महत्वपूर्ण सवाल खड़े करने की स्थिति में होगा। यह संसदीय लोकतंत्र के लिए बेहतर होगा।

अतीत से बोझा नहीं जीवन की ऊर्जा लेनी है

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यक्ति है तो व्यक्ति हित भी अस्वाभाविक नहीं है। क्या इस मतभेद का कारण सत्ता का दखल, सत्ता का दबाव, प्रलोभन और पुरस्कार है? क्या यही कारण है कि सत्ता बदलती है तो सत्ता का इतिहास भी बदलने लगता है। सिंहासन बदला तो इतिहास भी बदलने लगता है? क्या इतिहास सत्ता का मुखापेक्षी है? क्या इतिहासकार सत्ताप्रार्थी है?

लोकजीवन में घटनाएं घटती हैं और अपने चिह्न सामूहिक-स्मृतियों में छोड़ जाती हैं, समष्टिस्मृति की वाचिक-परंपरा बहती रहती है। समय की गति के साथ स्मृतियों में अभिप्राय (मोटिफ) ढलते रहते हैं। समसामयिक इतिहास भी है, क्योंकि बीते हुए कल में से आज निकला है, आज में से आने वाला कल निकलेगा। यही जीवन की निरंतरता है। जीवन में स्मृतियों की भूमिका निर्णायक होती है। स्मृतियां जीवन के साथ चलती हैं, व्यक्ति से व्यक्ति मे, व्यक्ति से समूह में, एक समूह से दूसरे समूह में, एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में चलती रहती हैं। देश-काल में संक्रमण करती रहती हैं। श्रुति-स्मृति की परंपरा।

यह बात दूसरी है कि इस चला-चली में संदर्भ बदलते हैं, परिस्थितियां बदलती हैं और इस अदल बदल में अनेक विसंगतियां, विस्मृतियां, विकृतियां, प्रक्षेप और अन्य दोष भी आते रहते हैं जैसे एक व्यक्तित्व पर दूसरे व्यक्तित्व का अध्यारोप और चमत्कार। लोकमेधा यथावसर उनका परिहार और परिष्कार भी करती है। जगत सेठ रामजी दास गुड़वाले स्वतंत्रता-संग्राम के पहले शहीद थे। उन्हें अंग्रेजों ने धोखे से पकड़ा, उन पर शिकारी कुत्ते छुड़वाये और फिर चांदनी चौक की कोतवाली के सामने फांसी पर लटका दिया था यह कहानी दिल्ली की लोककथा ही तो है। यदि आपके इतिहास में यह कहानी नहीं है तो आपके इतिहास को अधूरा क्यों न कहा जाय? बुन्देले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी। लोकमन अपनी मान्यता और विश्वास के लिए कहानी गढ़ लेता है।

बादशाह अकबर ने तानसेन से पूछा-क्या तुमसे भी अच्छा गाने वाला कोई है? तानसेन बोला-जहांपनाह, मैं क्या हूं, जो मेरे गुरु स्वामी हरिदासजी हैं? उनको बुलवाओ, बादशाह ने कहा। जहांपनाह, वे तो अकिंचन हैं, उन्हें दरबार से क्या लेना? बादशाह तडप उठा, ठीक है, तो हम ही निधिवन चलेंगे। तानसेन बोला-बादशाह बन कर चलेंगे तो संगीत सुनने को नहीं मिलेगा। वे तो अपने आराध्य के रस में डूबे हैं। बादशाह आम आदमी बन कर तानसेन के पीछे-पीछे निधिवन पंहुचा। जब गायन सुन कर लौटा तो बोला-तानसेन, तुम ऐसा क्यों नहीं गा सकते? तानसेन ने कहा, मालिक। मैं आपको खुश करने को गाता हूं, मेरे मन में लालच है, वे क्षुद्र वासनाओं से ऊपर जा चुके हैं, वे बादशाहों के बादशाह के गायक हैं।

एक बात तो यह है कि वर्तमान से लोगों का ध्यान बहक कर इतिहास में चला जाता है, एक जाति, वर्ग, समुदाय यह समझने लग जाता है कि मेरे दु:खों का कारण दूसरी जाति, वर्ग या समुदाय है, इसे खत्म करो। वह इतिहास बदला लेने के लिए उकसाता है।

इतिहासकार घटनाओं की पूर्वापरता को महत्त्वपूर्ण बतलाते हैं और इसके लिए वे पुरातात्त्विक और लिखित -साक्ष्य को प्रामाणिक मानते हैं, यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण है और इसमें किसी का मतभेद नहीं हो सकता। परन्तु इस वैज्ञानिक तथ्य के बावजूद क्या कारण है कि किसी भी युग और सत्ता की प्रवृत्तियों को लेकर उन इतिहासकारों के परस्पर मतभेद हैं? शायद ही कुछ ऐतिहासिक तथ्य हों, जिनमें वे एकमत हों। क्या इसका कारण यह है कि इतिहास-लेखन व्यक्ति स्तर पर किया जाता है और यदि इतिहासकार सामूहिकता से ओतप्रोत नहीं है तो व्यक्तिहित का भाव अस्वाभाविक नहीं माना जा सकता। व्यक्ति है तो व्यक्ति हित भी अस्वाभाविक नहीं है। क्या इस मतभेद का कारण सत्ता का दखल, सत्ता का दबाव, प्रलोभन और पुरस्कार है? क्या यही कारण है कि सत्ता बदलती है तो सत्ता का इतिहास भी बदलने लगता है। सिंहासन बदला तो इतिहास भी बदलने लगता है? क्या इतिहास सत्ता का मुखापेक्षी है? क्या इतिहासकार सत्ताप्रार्थी है?

क्या यह सच नहीं है कि इतिहासकार पर परिवेश और सत्ता का दबाव होता है, उस दबाव से उसकी दृष्टि बनती है। हिटलर के जमाने में शारीरिक-मानव शास्त्रियों ने नस्ली- निर्णायकवाद का प्रतिपादन किया था कि मानव जीवन का निर्णायक तत्व नस्ल ही होता है। आग्रह-शून्य होना बहुत कठिन होता है। ममता का विसर्जन हो सके, दबावों को नकार सके, यह बहुत ही बलवान-चरित्र का लक्षण है। सवाल तो यह है कि वे इतिहासकार, जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं, सत्ता के गीत गाते हैं, उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? मुगल-दरबार के इतिहासकारों ने मुगलों का जयजयकार किया, ब्रिटिश-इतिहासकारों ने कहा कि आर्य बाहर से आए थे, यदि हम भी बाहर से आ गए तो इसमें नया क्या है? आर्य शब्द इतना पुराना है किन्तु प्रजाति के अर्थ में उसका प्रयोग कहीं नहीं है। उन्होंने मजहब के ऐसे पेच डाल दिए कि लड़ते रहो। जाति के आधार पर राजनीति करने वाले सत्ता में आए तब उनका जयजयकार करने- वाले इतिहासकारों ने कहा कि यहां तो जाति और वर्ण आपस में लड़ते-झगड़ते ही रहे है, सो प्रत्येक जाति और वर्ण एक दूसरे से घृणा करते रहो, लड़ों और बदला लो। भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है, जिसे पढ़ कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है, सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है, बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है, अलंकारों से सम्मानित करती है। सत्ता के हजार हाथ हैं जनता की एकता को तोड़ना, जनता को लड़वाना, घृणा और वैमनस्य का विस्तार करना, मिथ्या-सिद्धांतों के स्टैचू खड़े करने में यह इतिहास सत्ता के बहुत काम आता है।

एक बात तो यह है कि वर्तमान से लोगों का ध्यान बहक कर इतिहास में चला जाता है, एक जाति, वर्ग, समुदाय यह समझने लग जाता है कि मेरे दुःखों का कारण दूसरी जाति, वर्ग या समुदाय है, इसे खत्म करो। वह इतिहास बदला लेने के लिए उकसाता है। सत्ता की छत्रछाया में लिखा गया इतिहास जाल ही नहीं, जंजाल है,जैसे आतंकवादी अपने घर में अवैध अस्त्र और विस्फोटक बनाने का काम करते हैं, वैसे ही ये इतिहास भी अवैध अस्त्र और विस्फोटक का काम करता है। वर्तमान से ध्यान हटाने के लिए आज हम इतिहास में शत्रुताओं को खोज रहे हैं ताकि घृणा-विद्वेष का प्रसार किया जा सके। जातियों को जातियों से और मजहब को मजहब से लड़ाया जा सके। राजनैतिक-मतवाद की पुष्टि करने के लिए वे लोग इतिहास के खेत में जाति और धर्म-वैमनस्य के जहर की खेती कर रहे हैं, किन्तु क्या यहां सामंजस्य-समन्वय का अमृत था ही नहीं? देखें तो सही भारत के लोकजीवन में अन्तर्भुक्तियों का इतिहास कितना व्यापक है?

भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा, किसी ने वर्ण को खोजा, किसी ने वर्ग को खोजा, किसी ने युद्ध को खोजा, किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म को खोजा, सामान्य-मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? देश के भिन्न-भिन्न जन-समूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है, और आप ने फैसला भी सुना दिया?

जनता का इतिहास केवल द्वन्द्व का ही नहीं समायोजन, समन्वय और सामंजस्य का भी है, समायोजन, समन्वय और सामंजस्य न होता तो भारत को राष्ट्र कैसे कहा जाता? राष्ट्र का तात्पर्य है भारत की शत-सहस्र मानव-जातियों की एकता। समान सामूहिक-स्मृतियां, समान-आनुवंशिकता, सहिष्णुता, सह-अस्तित्व। समस्त इतिहास गवाही दे रहा है, आदमी और आदमी का संबंध अनंतानंत भौतिक-मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं का परिणाम है। भारत की धरती के कण-कण से, एक-एक पोखर-तालाब, नदी, सरोवर,पहाड़ से इस धरती के जन का जो तादात्म्य है, व ह किसी कानून के भय ने पैदा नहीं किया। वह लोकजीवन की उस अनादि परंपरा का संविधान है, जिसमें राजा-प्रजा एक घाट पर नहाते रहे हैं। कोई लोक को आधार बना सके,सामंजस्य-भाव को खोज सके,समष्टि-चेतना को खोज सके। क्या यहां युद्ध ही होते रहे? क्या सत्ता का ही इतिहास होता है? आम -आदमी के जीवन का निरंतर प्रवाह नहीं होता? क्या भलमनसाहत नहीं होती?क्या सर्वजनहित नहीं होता? क्या आप सर्वजन,समष्टिजन,सामान्यजन का इतिहास नहीं लिख सकते? जिन्होंने बृहत्तर-भारत के विशाल भूभाग से लोकगाथाएं एकत्र कीं, सामूहिक-राष्ट्रीय-स्मृतियां संजोयी, जीवन और प्रकृति के प्रति विकसित होने वाले दृष्टिकोण की व्याख्या की, सामाजिक-आंदोलनों का इतिहास लिखा। भारत के लोगों ने वे पुराण- गाथाएं धरती और अपने समूचे परिवेश में लिख दीं। देश के नाम (भारत) की बात हो या हमारे-आपके नाम हों, पर्व-त्योहार हों, वे गाथा और मिथक जीवित हैं, जीवित रहेंगे।

प्रसंगवश

ऑनलाइन गेम के चंगुल से क्या मुक्त होगा बचपन

आज के तकनीकी युग में नित्य नए मोबाइल धारकों की बढ़ती संख्या पर हमारी व्यवस्था भले ही इठला लें, कि 21 वीं सदी में हम अंगुलियों पर सब कुछ संभव बना रहे हैं, मगर शायद तकनीक में मशगूल होकर यह भूलते जा रहे हैं कि इससे हम अपनी अमिट पुरातन विरासत को तो क्षीण कर ही रहे हैं। साथ ही बालमन और युवावस्था को पथभ्रष्ट तथा उनकी ज़िंदगी को काल के गाल में भी धकेल रहे हैं।

आज के भौतिकवादी युग में अभिभावकों के पास समय का अभाव है, जिसके चलते वे जिस उम्र में बच्चे के हाथ में खिलौना एवं सिर पर माता-पिता का प्रेम होना चाहिए, उसमें वे उन्हें मोबाइल थमा देते हैं। यह वास्तव में बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

वस्तुतः ऑनलाइन गेम के प्रति युवाओं और बच्चों का बढ़ता झुकाव सिर्फ भारत की समस्या नहीं है। बीते कुछ वर्षों में दुनिया भर के बच्चों में इसे लेकर एक अलग प्रकार की दीवानगी पनपी है। जो कहीं न कहीं अब लत का रूप लेती जा रही है। लत किसी भी चीज़ की हो अगर उसकी अति हो जाए तो फिर उसका नुकसान भी भयानक होता है। अनेक अध्ययनों से पता चलता है कि बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर इस लत का काफी बुरा असर पड़ रहा है। इसके बावजूद भारत में इसकी स्थिति क्या है, यह हम सबसे छिपा हुआ नही है। हमारे देश में तो एक दो साल के बच्चे के हाथ में भी मोबाइल थमा दिया जाता है। और वह बड़े चाव से मोबाइल देखते-देखते बड़ा हो जाता है।

भारत इस मामले में कहां खड़ा है इसका आकलन हम इन आंकड़ों से कर सकते हैं कि वर्ष 2022 में भारत में आनलाइन गेमिंग का बाजार 1.5 बिलियन से अधिक का था। तो वहीं 2025 तक इसके 5 बिलियन तक हो जाने की उम्मीद है। वर्ष 2020 में जहां इसके उपयोगकर्ताओं की संख्या 40 फीसदी (80 मिलियन) थी तो वहीं 2021 में यह संख्या बढ़कर 50 फीसदी (95 मिलियन) हो गई। 'एफआईसीसीआई' की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 'ट्रांजेक्शन बेस्ड गेम्स' के राजस्व में 26 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। और यह संख्या आगे और भी ज्यादा बढ़ने की ओर अग्रसर है।

गौरतलब है कि वर्ष 2017 में ऑनलाइन गेमों की वजह से रूस में 130 से अधिक बच्चों की मौत हुई थी। तो वहीं भारत में करीब 100 बच्चों ने मौत को गले लगाया था। ऑनलाइन गेम्स को लेकर बच्चे इसके इतने आदि हो जाते हैं कि खाना-पीना तक छोड़ कर दिन-रात उसी में लगे रहते हैं। जिससे उनकी नींद भी प्रभावित होती है एवं उनमें चिड़चिड़ापन की समस्या भी बढ़ती है। एक अन्य आंकड़े के मुताबिक वर्तमान में भारत में करीब तीस करोड़ लोग ऑनलाइन गेम खेलते हैं। और 2028 तक यह संख्या बढ़कर 55 करोड़ हो जाने की संभावना है।

वहीं एक अन्य आंकड़े की बात करें तो वर्तमान में देश में ऑनलाइन गेमिंग का बाजार करीब सात से दस हजार करोड़ रुपए के बीच है। जिसके अगले एक साल में 29 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच जाने की उम्मीद है। इन आंकड़ों से ही स्थिति की भयावहता को समझा जा सकता है। लेकिन इसको लेकर न हमारी व्यवस्था सचेत नजर आती है और न ही परिजनों के पास इतना समय होता है कि वे हर पल बच्चों पर नजर रख सकें कि आखिर मोबाइल में उनका बच्चा क्या कर रहा है?

गौरतलब है कि 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' ने भी ऑनलाइन गेम खेलने की लत (जिसे गेमिंग डिसऑर्डर नाम दिया गया है) को मानसिक अस्वस्थता की स्थिति माना है। जब कोई बच्चा लगातार घंटों तक मोबाइल और कंप्यूटर गेम खेलता है तो उसकी आंखों और शरीर के अन्य अंगों पर उसके गंभीर दुष्प्रभाव भी पड़ते हैं। वैसे संयुक्त परिवार की जड़ों से हमारे समाज का कटना भी कई समस्याओं का कारण है। और इसके लिए हम सरकार को दोष नहीं दे सकते। फिर भी ऑनलाइन गेमों पर अंकुश आज की जरूरत है और इसे गंभीरता से लिया भी जाना चाहिए। देखा जाए तो मोबाइल जीवन में अब शायद सांस लेने जितना जरुरी हो गया है। जिसके बिना हम जी नहीं सकते। मगर इसने हमें काफी हद तक नुकसान भी पहुंचाया है।

कड़वाहटों को कब तक ढोते रहेंगे

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत आईजी पुलिस, उप्र.

प्रश्न यह है कि एक ही देश और स्थान में साथ-साथ रहते हुए हम कब तक धार्मिक कारणों से कट्टर दुश्मन बन कर एक दूसरे के खून के प्यासे बने रहें?

हर धर्म के मुख्य त्योहारों पर बधाई देना मेरी आदत में शुमार है। इस बकरीद में भी मैने बधाई दी, जिस पर कुछ भाइयों ने नाराजगी जाहिर की। प्रत्येक व्यक्ति की सोच अलग हो सकती है लेकिन किसी अन्य के त्योहार की बधाई देना घृणित कार्य कैसे हो गया,यह मेरे समझ से परे है। प्रतीत होता है कि यह विभिन्न राजनीतिक एवं धार्मिक संगठनों के द्वारा फैलाए जा रहे धार्मिक विद्वेष एवं घृणा का ही यह परिणाम है।

काम, क्रोध, लोभ, मोह की तरह घृणा भी मानव स्वभाव का ही अंग है। हम अपने परिवार के किसी सदस्य से या किसी पड़ोसी से किसी कारण वश घृणा करते हैं लेकिन यहां तो धर्म के आधार पर करोड़ों व्यक्तियों से घृणा की बात है। यह सत्य है कि मुसलमानों ने अतीत में हमारे देश पर आक्रमण कर हमें पराजित किया, कुछ लूटपाट कर वापस लौटे तथा कुछ ने यहां राज किया और हमारे धार्मिक स्थल तोड़े, हमें प्रताड़ित किया, गुलाम बनाया,धर्म परिवर्तित कराया। क्या इसलिए मुस्लिमों से घृणा की जाय? तो ऐसा ही कुछ कार्य पोर्तुगीज, डच, फ्रेंच और ब्रिटिश ने भी यहां आधिपत्य जमा कर किया। जलियांवाला बाग का सामूहिक नरसंहार तो 100 वर्ष ही पुराना है जबकि मुस्लिम राज्य तो कई शताब्दी पुराने है। इसाई तो अभी भी बड़े स्तर पर धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। उनसे ऐसी घृणा क्यों नहीं? ऐसा ही कार्य तो अतीत में सवर्ण हिंदुओं ने दलितों के साथ किया है। उन्हें अछूत माना, सामान्य नागरिक अधिकार तक नहीं दिया। तपस्या कर रहे शंबूक की हत्या की गई। मंदिरों में पूजा करने की कौन कहे, कितनी जातियों को मंदिर प्रवेश से वंचित किया गया। तो क्या ऐसी जातियां तथाकथित उच्च जातियों से अब घृणा करें,उनका बहिष्कार करे, उन्हें मतदान न करें? प्राचीन काल में हमारे देश के ही राजाओं में राज्य विस्तार, स्त्री, अहंकार या पुरानी शत्रुता के लिए युद्ध होते रहे हैं और विजयी राजा पराजित राज्य की प्रजा का उत्पीड़न भी किया करते थे, लेकिन सारी प्रजा हिंदू ही थी, इसलिए धर्म परिवर्तन की बात नहीं आई। मुस्लिमों ने भी विजयी होकर हमारा उत्पीड़न किया क्योंकि हम शत्रु प्रजा थे। उनकी दृष्टि में हम काफिर थे इसलिए धर्म के आधार पर भी उत्पीड़न हुआ। मुसलमानों की संख्या हमारी तुलना में कम थी, अपनी जनसंख्या बढ़ाने के लिए साम, दाम, दंड भेद का सहारा लेकर उन्होंने हमारा धर्म परिवर्तन भी कराया। अंग्रेज जाते जाते धर्म के आधार पर देश का विभाजन भी कर गए, इससे धार्मिक विद्वेष पुनः चरम पर पहुंच गया।

प्रश्न यह है कि एक ही देश और स्थान में साथ-साथ रहते हुए हम कब तक धार्मिक कारणों से कट्टर दुश्मन बन कर एक दूसरे के खून के प्यासे बने रहें? आज हम रोहिंग्या मुसलमान तथा अवैध रूप से रह रहे बंगलादेशी मुसलमानों को तो निकाल नहीं पा रहे हैं, 20 करोड़ वैध मुसलमान नागरिकों को कैसे निकालेंगे,कौन सा देश उन्हें स्वीकार करेगा? मुसलमानों को भी विचार करना होगा कि उनके पूर्वजों द्वारा किए गए अत्याचारों से हिंदू उनसे नाराज़ है,वे कोई ऐसा काम न करें जिससे यह कटूता बढ़े। दुष्टों की कमी दोनों संप्रदाय में नहीं है जो आपसी सौहार्द बिगाड़ने का भरसक प्रयास करें, ऐसे तत्वों का हम सामाजिक बहिष्कार करें तथा इनसे शासन, प्रशासन सख्ती से निपटे। राजनीतिक दल वोट के लिए तुष्टिकरण एवं घृणा का खेल बंद कर सामाजिक समरसता का प्रयास करते रहें। विभेद कारी शिक्षा दृढ़ता से बंद की जाय। पुरानी तल्खियों को कब तक हम ढोते रहेंगे?

यह देश हम सभी का है यदि साथ साथ हम न चले तो हम सब मिट जाएंगे। खालिस्तान की आग बहुत कुर्बानी के बाद बुझी लेकिन विदेशों में अभी भी धधक रही है। नागालैंड तो कुछ शांत हुआ लेकिन मणिपुर की हिंसा समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। मैंने उत्तर प्रदेश पुलिस में 1977 से 2013 तक सेवा की है और इस अवधि में छ दंगे झेले हैं। इन दंगों में सबसे बड़ा नुकसान होता है आपसी संबंधों का जिन्हें सामान्य होने में दशकों लग जाते हैं। इन दंगों से देश में जो हानि होती है,उससे कहीं अधिक हानि विदेशों में होती है। हमारी विरोधी लाबी इसका दुष्प्रचार करके हमें बदनाम करती है। अधिकांश मुस्लिम देश हमारे मित्र हैं। दंगों से उनसे हमारे संबंध खराब होते हैं और व्यापारिक क्षति पहुंचती है। विदेशों में रहकर पैसा कमाने वालों पर संकट आता है, उन्हें जीवन भय भी बना रहता है।

सोशल फोरम

पर्यावरण समस्या का दोषी मनुष्य

पर्यावरण की समस्या पृथ्वी में मौजूद जीवन के लिए सबसे बड़ा संकट बनकर खड़ी है। यह सृष्टि अनंत संयोगों से बनी है। इस पर जीवन भी अरबों साल में अनंत संयोगों से धीरे-धीरे विकसित हुआ है। अगर इन संयोगों में एक संयोग वैसा न होता, जैसा वह हुआ, तो संभव है हम मनुष्य इस धरा पर न विकसित होते! हम मनुष्य तो इस पृथ्वी पर अन्य जीवों की तुलना में बहुत बाद में विकसित हुए हैं।

अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

यह दुनिया अनंत काल में स्वतः बनी है। यह आत्मसंचालित और आत्मनियंत्रित है। अगर यह स्वतः विकसित न होती, तो इसके विकास में अनंत समय न लगता। इसी तरह मनुष्य भी कंदराओं, गुफाओं में रहते, आखेट करते, पत्थरकाल, आदि कालों से गुजरता हुआ न आगे बढ़ता, बल्कि पूर्ण विकसित सभ्यता-संस्कृति के साथ पैदा होता और दुनिया के सभी मनुष्यों की एक ही सभ्यता-संस्कृति होती। वास्तव में दुनिया के विभिन्न समाजों में ईश्वर संबंधी विचारों की भिन्नता इसलिए है, क्योंकि यह विचार मानव के मन की उपज है।

इस पृथ्वी को बचाने, संरक्षित करने और सुंदर बनाने का दायित्व मनुष्य का है, क्योंकि संयोगों द्वारा प्राप्त तथाकथित योग्यता के कारण हम मनुष्य इस पृथ्वी के उपभोक्ता बन बैठे हैं। इसकी हमने अपने हिसाब से मनुष्य को केंद्र में रखकर मनमानी व्याख्या की है। इसका हमने अंधाधुंध दोहन किया है। आज पर्यावरण को लेकर जो समस्या खड़ी है, उसका एकमात्र दोषी मनुष्य है। आज की परिस्थितियों में पेड़ काटना मानव वध से गंभीर अपराध है। इसलिए यह हम सभी मनुष्यों का दायित्व है कि हम प्रकृति को बचाने के लिए संकल्पित होकर काम करें। आवश्यकता से अधिक इसके संसाधनों का उपभोग करने से बचें। उपभोक्तावादी दृष्टिकोण को बदलें। अब बहानेबाज़ी, विलंब और हीलाहवाली करने का समय नहीं रहा। पहले ही इस मामले में बहुत देर हो चुकी है।

-फेसबुक वॉल से

जरुरी स्वास्थ्य या पैसा

नशीली चीजों और पदार्थों के निराकरण के लिए प्रत्येक 26 जून को अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में 7 दिसंबर 1987 से इसे मनाने का निर्णय किया था। आंकड़ों के अनुसार शराब पीने वालों की संख्या पूरी दुनिया में 230 करोड़ के लगभग है। इसमें सबसे सबसे ज्यादा अमेरिका, यूरोप,और पश्चिमी प्रशांत महासागरीय देशों के लोग है जबकि भारत में शराब पीने वाले करीब 16 करोड़ है। यह आश्चर्य की बात है कि देश में शराब की खपत लगातार बढ़ रही है। भारत में शराब की खपत के मामले में सबसे ऊपर छत्तीसगढ़ है। यहां कुल आबादी का 35.67 प्रतिशत लोग शराब पीते हैं। दूसरे स्थान पर त्रिपुरा का नाम है और जहां शराब पीने वालों की तादाद कुल जनसंख्या का 34.7 प्रतिशत है जबकि आंध्र प्रदेश 34.5 प्रतिशत के साथ तीसरे नंबर पर और 28.5 प्रतिशत के साथ पंजाब चौथे नंबर पर है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

वैश्विक बीमारी के बोझ का लगभग 5.1 प्रतित शराब के सेवन के कारण है और हर साल लगभग 3.3 मिलियन मौत का कारण यह बनता है। एक अन्य सर्वे के अनुसार हर 20 में से एक व्यक्ति को मौत का कारण शराब ही है। केवल भारत में हर साल शराब की वजह से 2.5 लाख मौतें हो जाती हैं जो काफी दुर्भाग्य पूर्ण है हर साल हजारों लोग जहरीली शराब से भी मरते है। इन सबके बाबजूद भारत में सरकारों के लिए शराब 'खराब' नहीं है। क्योंकि उनके राजस्व वसूली में से 10 से 15 प्रतिशत तक की हिस्सेदारी शराब की बिक्री से मिलने वाले टैक्स से होती है।

हमारे समाज में दिन प्रतिदिन मादक पदार्थों व द्रव्यों के सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिए सामाजिक न्याय विभाग द्वारा कार्यक्रम चलाए जाते हैं जिनका उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई मद्यपान तंबाकू, गुटखा, सिगरेट की लत और नशीली चीजों के समाज को अवगत कराना होता है ताकि मादक द्रव्यों और पदार्थों के सेवन से रोकथाम के लिए उचित वातावरण और चेतना का निर्माण हो सके।

शराब बंदी सही और ठोस उपाय नहीं है। जिन्हें पीनी होती है वो नकली पी कर भी जान गंवाते हैं। जिन प्रदेशों में बंदी है वहां स्मगलिंग के द्वारा पहुंचती है। इलेक्शन के दौरान जिन्हें पिलानी होती है वो पहले से ही इंतज़ाम करके रख लेते हैं। सामाजिक चेतना और लोगों को जागरूक बनाना जरूरी है।

ऐसी भी सरकारें हैं जो बढ़ावा देने के लिएएक पर एक फ्री की स्कीम चलाती हैं। ऐसे लोगों के लिए दंड व्यवस्था आवश्यक है, पंजाब में हर तरह के नशे को जीवन में घोल दिया गया है।

उन शहरों में जहां स्कूल कालेज के हब हैंटार्गेट बना कर पूरी पीढ़ियों को नशे की लत विदेशी एजेंसियों के द्वारा लगाई जा रही हैइन साजिशों को बेनकाब करना भी बहुत ज़रूरी है।

आमदनी बढ़ने के साथ ही मोबाइल, मोटरसाइकिल, कार खरीदने के साथ नशे की लत भी बढ़ रही है। इसलिए सामाजिक चेतना और स्वयं पर नियंत्रण ही सबसे प्रभावी कदम हो सकते हैं। इसके विपरित हाल में मुंबई के अंग्रेजी अखबार में छपी खबर के अनुसार एमएलसी पोल के दौरान 24, 25, और 26 जून को मुंबई में होने वाली शराब बंदी का विरोध किया जा रहा है। मुंबई के करीब 15000होटल और बार इस शराब बंदी का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि इससे 100 करोड़ का नुकसान होगा इसके लिए वो न्यायालय की शरण में भी गए हैं। अब माननीय न्यायालय को ही तय करना है की स्वास्थ्य और पैसे में क्या जरूरी है?

संकट की जड़

आज बहुत से तनाव, क्रोध, कुंठा मनोव्याधियों का एक स्रोत यह है कि 'स्मृतियों' की राजनीति मनुष्य को अतीत में धकेल रही है। लेकिन सृष्टि की गतिविधि ऐसी है कि कोई वापस अतीत में नहीं जा सकता। लेकिन स्मृतियां मन को अतीत में खींच ले जाती हैं। तन भविष्य की ओर जाता है और मन अतीत की ओर- इससे व्यक्तित्व विभाजित होता है। यही सारे संकट की जड़ है।

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

मन की रचना में समाज की परिस्थितियों और मनुष्य के संबंधों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा रहा है। लेकिन इन परिस्थितियों और संबंधों को बनाने में सोद्देश्य राजनीतिक कार्यकलाप महत्वपूर्ण होते हैं। मानव जीवन की प्रकृति ऐसी है कि उसमें एक तरफ रचना और दूसरी तरफ हिंसा एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह निहित रहते हैं। अपने आरंभिक विकासकाल से ही मनुष्य जहां औज़ार बनाता है और उनके सहारे जीवन के साधन निर्मित करता है, वहीं दूसरे प्राणियों और कबीलों से अपनी रक्षा के लिए लड़ता है। अब अगर हम मनुष्य की रचनात्मक वृत्तियों को चालित करने वाले विषयों को सामुहिक जीवन में उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना वैसी ही बनती है; ऐसे विषय हमेशा भविष्य की ओर उन्मुख होते हैं। अगर अगर हिंसक वृत्तियों को चलित करने वाले विषयों को उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना भय, घृणा, उत्तेजना से भर जाती है; ऐसे विषय हमेशा अतीत पर आधारित और काल्पनिक होते हैं।

पहली चीज़ समाज को आगे ले जाती है और दूसरी चीज़ पीछे ले जाती है। लेकिन यही बात जब व्यक्ति के स्तर पर घटित होती है तब मनुष्य भयानक तनाव झेलता है। तन आगे जाता है, मन पीछे जाता है तो व्यक्तित्व विघटित होता है। इसका समाधान हमें खुद मिल सकता है यदि हम सोचें कि बीते हुए एक पल पीछे जाकर भी अपने किए को बदल लें तो यह संभव नहीं है। इसलिए मन का तालमेल तन से बिठाना चाहिए।

एक नजर

चोरों ने ट्रांसफार्मर किया क्षतिग्रस्त, ले गए सामान

कांठ, अमृत विचार : क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ली रही है। थाना कांठ क्षेत्र के ग्राम खलीलपुर कदद्दीम निवासी किसान मदन गोपाल पुत्र अनूप सिंह व सरिता देवी पत्नी स्वर्गीय ओमकार सिंह के ट्यूबवेल से रविवार की रात्रि में किसी समय चोरों द्वारा ट्यूबवेल पर लगा ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त कर दिया और उसमें से तेल निकालकर ले गए। साथ ही केबिल व अन्य उपकरण निकाल कर ले गए। दोनों पीड़ित किसानों ने थाने में तहरीर देकर प्राथमिक दर्ज कराने के पश्चात एसडीओ कांठ को भी स्थिति की जानकारी दी। साथ उचित कार्रवाई की मांग की।

तमंचा व कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार

कुंदरकी, अमृत विचार : मैनाठेर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से एक तमंचा बरामद हुआ है। थाना क्षेत्र के जटपुरा गांव में सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक युवक वासुदेव पुत्र मंगली निवासी ग्राम जटपुरा को तमंचा और दो जिन्दा कारतूस के साथ पैठ बाजार के मैदान से गिरफ्तार कर लिया।

तहसील मुख्यालय पर अधिवक्ताओं ने दिया धरना

लेखपाल के निलंबन और एसडीएम के स्थानांतरण की मांग, न्यायिक कार्य से भी विरत रहे अधिवक्ता

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : अधिवक्ताओं ने राजस्व न्यायालयों के बहिष्कार के साथ सोमवार को तहसील मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। इसमें आरोपित लेखपाल के निलंबन और एसडीएम के स्थानांतरण की मांग की। मांग पूरी होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी।

तहसील कार्यालय में खतौनी संशोधन की आख्या रिपोर्ट लगवाने को लेकर 18 जून को लेखपाल मुनेश कुमार और अधिवक्ता योगेंद्र यादव के बीच विवाद हो गया था। इसमें लेखपाल ने योगेंद्र यादव और कुलवंत सिंह के खिलाफ मारपीट और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जबकि अधिवक्ता योगेंद्र यादव ने लेखपाल मुनेश कुमार, विनय अरोरा और त्रिलोकीनाथ के खिलाफ मारपीट और लूट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई थी। इस प्रकरण को लेकर सोमवार को ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन एवं सिविल बार एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया।

इसमें लेखपाल मुनेश यादव के निलंबन और एसडीएम अजय कुमार मिश्रा के स्थानांतरण की मांग की। इसके साथ ही तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले लेखपालों के लिए काम करने वाले अवैध मुंशियों को हटाने, खतौनियों में गड़बड़ी को प्राथमिकता के अधार पर सुधार करने की मांग की गई। इसमें अध्यक्ष प्रमोद कुमार, महासचिव शमीम कुरैशी, सतीश कुमार वत्सल, विशाल अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह, सलीम अहमद, रामवीर सिंह, मुजाहिद अली, उमेश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, दानवीर सिंह, मोहम्मद आलम आदि थे।

ठाकुरद्वारा में तहसील मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

बिलारी में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

अधिवक्ताओं के समर्थन में किया प्रदर्शन

बिलारी, अमृत विचार : ठाकुरद्वारा में अधिवक्ताओं पर लेखपालों द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे को लेकर अधिवक्ताओं ने रोष जताया। इसके बाद तहसील पर प्रदर्शन करके लेखपालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम बिलारी को ज्ञापन दिया। वहीं न्यायिक कार्य भी स्थगित रखा गया। सोमवार को तहसील बार एसोसिएशन की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें कहा गया कि तहसील ठाकुरद्वारा में वकीलों के खिलाफ लेखपालों की ओर से झूठे मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। उन्हें अविलंब वापस लिया जाए। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष भगवान शरण माथुर, चैतन्यपाल सिंह, चौधरी अजय पाल सिंह, आफाक हुसैन, प्रमोद कुमार शर्मा, अतुल शर्मा, चौधरी विजय वीर सिंह, महेश चंद शर्मा, शराफत हुसैन, केपी सिंह, मोहित सिंह, उपेंद्र यादव, मनोहर सिंह, चौधरी विनय कुमार सिंह, विक्रांत कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

सार संक्षेप

पूर्व सांसद की पत्नी ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह के निधन के बाद उनकी पत्नी साधना सिंह ने अपनी बहन इंदु लक्ष्मी सिंह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके लखनऊ स्थित निवास पर पहुंच कर शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री से लोकसभा चुनाव के परिणाम व क्षेत्र की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव के परिणाम की समीक्षा करने और जनसमस्याओं के शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करतीं पूर्व सांसद सर्वेश सिंह की पत्नी साधना सिंह।

ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

छजलैट, अमृत विचार : ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने एवं मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम रजपुरा निवासी अर्चना पत्नी सोमपाल ने थाना छजलैट में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी को पांच साल हो चुके हैं। उनका एक पुत्र भी है। शादी में उनके पिता ने अपनी हैसियत के हिसाब से दान दहेज भी दिया था। मगर उनके पति, सास, ससुर, जेठ एवं जेठानी द्वारा अतिरिक्त दहेज के लिए आए दिन प्रताड़ित किया जाता था। ससुराल पक्ष के लोग बाइक की मांग पूरी न करने पर मारपीट करते थे। आरोप लगाया कि 23 जून की रात्रि करीब 10:00 बजे पति ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकालने की धमकी दी। पीड़िता ने थाना छजलैट में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

कैमरे में कैद हुआ चोर, पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

कुंदरकी, अमृत विचार : बाइक चोरी होने की फुटेज देने के बाद भी पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस सिर्फ आश्वासन ही दे रही है। ग्राम पंचायत सीलपुर थाना कुंदरकी निवासी रिहासत पुत्र फिरासत के अनुसार वह अपनी ससुराल डींगरपुर गया था। वहां गेट पर बाइक खड़ी कर अंदर चला गया था। उसने बताया कि कुछ समय बाद बाहर आने पर देखा तो बाइक गायब थी। बाद में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी गई तो उसमें एक युवक बाइक को चुरा कर ले जाता हुआ दिखाई दिया। पीड़ित ने मैनाठेर पुलिस को तहरीर और सीसीटीवी फुटेज देते हुए कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। वहीं चौकी इंचार्ज कुलदीप ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच चल रही है। जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

बाइक को चुराता चोर।

बादल छाए रहने से मिली गर्मी से राहत

कांठ, अमृत विचार : सोमवार को सुबह हल्की बूंदाबांदी और पूरा दिन बादल छाए रहने से क्षेत्र के लोगों ने भीषण गर्मी से राहत महसूस की है। सुबह बूंदाबांदी से मौसम का मिजाज बदल गया। किसानों ने अभी अपने खेतों में कार्य शुरू कर दिया। पिछले करीब दो माह से भीषण गर्मी हो रही है। जून का महीना चिलचिलाती धूप से तप रहा है। ऐसे में लोग दोपहर में ज्यादातर अपने घरों में कैद होने को विवश हो गए हैं। भीषण गर्मी के कारण पशु-पक्षी और जंगली जानवर भी परेशान हैं। सोमवार सुबह हल्की बूंदाबांदी और आसमान में पूरा दिन बादल छाए रहने से मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। मौसम में बदलाव के कारण क्षेत्र वासियों ने थोड़ी राहत महसूस की है। किसानों का कहना है कि अभी तेज बारिश की आवश्यकता है। यदि अच्छी बारिश होती है तो फसलों को बड़ा लाभ पहुंचेगा।

धरना के लिए भाकियू अराजनैतिक ने किया जनसंपर्क

कांठ, अमृत विचार : जिला सहकारी बैंक कांठ रियासत गेट पर होने वाले धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने किसानों से संपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में धरना स्थल पर पहुंचने का आह्वान किया। जनसम्पर्क के दौरान कार्यकर्ताओं का कहना था कि जब तक किसानों की मांग पूरी नहीं होगी तब तक धरना जारी रहेगा। बताया कि पांच किसान भूख हड़ताल पर बैठेंगे। इस अवसर पर मंडल महासचिव जितेंद्र विश्नोई जीतू, जिला उपाध्यक्ष कुलवीर सिंह, तहसील अध्यक्ष हाजी इमरान, तहसील प्रभारी राजेंद्र सिंह भगत जी, मीडिया प्रभारी गुड्डू घोसी, युवा नेता नितिन विश्नोई, संदीप विश्नोई, संजय विश्नोई, अरविंद राणा, सचिन विश्नोई, जयप्रकाश प्रजापति, शिवकुमार प्रजापति, ब्रजपाल सिंह, डॉ. राजपाल सिंह, धर्मपाल सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैंक प्रबंधक का घेराव करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

प्रथमा बैंक चेयरमैन का घेराव कर बताई समस्याएं

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन ने प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक चेयरमैन को ज्ञापन देकर किसानों की समस्याओं की जानकारी दी। चेयरमैन ने किसानों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया है। भाकियू ने दिए गए ज्ञापन में बताया कि केसीसी का लोन किसानों को बिचौलियों एवं बिना सुविधा शुल्क के नहीं मिलता है। केसीसी लोन तीन लाख से अधिक का ब्याज दूसरे बैंक से अधिक है। नाबार्ड से किसान को ब्याज पर छूट तत्काल नहीं दी जाती है। किसानों को ट्रैक्टर लेने के लिए ब्याज दर 12.5 प्रतिशत और अन्य वाहन लेने के लिए 9-10 प्रतिशत देनी पड़ती है। साथ ही किसानों को बैंक में अन्य असुविधाओं का भी सामना करना पड़ता है। इस दौरान भाकियू जिला सचिव घनेंद्र शर्मा के साथ काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

युवक को हिरासत में लेने पर भड़के लोग

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने शरीफ नगर में हुए विवाद पर एक पक्षीय कार्रवाई का विरोध करते हुए कोतवाली पर देर रात हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने हिरासत में लिए युवक को रिहा कर दिया। शरीफ नगर में लगभग एक माह पहले दुर्योधन सिंह का विवाद हो गया था। इसमें दुर्योधन सिंह, शीला देवी, शीशपाल सिंह तथा जैकी को चोट आई थी। उनकी एनसीआर दर्ज है। आरोप है कि पुलिस ने रविवार शाम दुर्योधन पक्ष के निक्की को हिरासत में ले लिया। इसको लेकर शरीफ नगर के लोगों के साथ अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कार्यकर्ता कमालपुरी चौराहा पर एकत्र हुए। उन्होंने कोतवाली पहुंचकर हंगामा किया। साथ ही पुलिस पर एक पक्ष से हमसाज होकर कार्रवाई का आरोप लगाया। हिरासत में लिए युवक को रिहा करने की मांग की। पुलिस ने युवक को छोड़ दिया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष कामरेड वीर सिंह, प्रीतम सिंह, हर स्वरूप सिंह, बाबू सिंह, दुर्योधन सिंह, शीला देवी, शीशपाल सिंह, जैकी, सुरेश सिंह, राजपाल सिंह, नरेश सिंह, बलबीर सिंह, बलराम सिंह, अर्जुन सिंह, भारत सिंह, अमर सिंह, नंदकिशोर आदि मौजूद रहे।

भारतीय वायुसेना में चयन होने पर किया सम्मानित

छजलैट, अमृत विचार : थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम रमपुरा ऊर्फ रामनगर निवासी युवक का इंडियन एयर फोर्स में चयन होने पर थाना अध्यक्ष छजलैट ने सम्मानित किया। थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम रमपुरा ऊर्फ रामनगर विक्रांत ढाका पुत्र अनुज मुंशी के पुत्र का चयन भारतीय वायुसेना में चयन हो गया है। जिसमे ट्रेनिंग के दौरान छुट्टी पर आए विक्रांत ढाका का थानाध्यक्ष लखपत सिंह ने फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। साथ ही विक्रांत के माता-पिता को भी शुभकामनाएं दी हैं।

विक्रांत ढाका को सम्मानित करते थानाध्यक्ष।

अस्पताल की भूमि का मुद्दा गर्माया

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय की आवंटित भूमि का मुद्दा गर्मा गया है। इसको लेकर लोगों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। तहसील पहुंचे लोगों ने मामले को लेकर एसडीएम बिलारी को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को समाजसेवी राकेश रफीक के नेतृत्व में लोग तहसील पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदर्शन किया। वहीं एसडीएम बिलारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि 25 शैया के लिए आयुर्वेदिक अस्पताल बिलारी में स्वीकृत है। यह जमीन नगर पालिका परिषद ने आयुर्वेदिक अस्पताल के नाम की। मगर हाल ही में अदालत के एक आदेश के जरिए यह भूमि भूमाफियाओं के नाम हो गई। जिस पर अब निर्माण कार्य हो रहा है। ज्ञापन में कहा कि जमीन आबादी के बीच होने, आयुर्वेदिक विभाग को हैंडओवर होने के बाद भी रेवेन्यू कोर्ट में मुकदमा कैसे चलाया गया। रेवेन्यू कोर्ट में खेती के विवाद ही दायर किए जाते हैं। आरोप लगाया कि मुकदमे की अपील में आयुर्वेदिक विभाग को पक्षकार नहीं बनाया गया, वहीं अदालत के आदेश के विरुद्ध अपील निर्धारित समय पर नहीं की गई। मामले में एसडीएम से आयुर्वेदिक अस्पताल का निर्माण कराने व न्यायिक प्रक्रिया के लिए वकीलों का पैनल बनाकर मुकदमे की पैरवी कराने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में पूर्व पालिका अध्यक्ष साहू सुनील सहाय, नगर पालिका के अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, प्रेम कुमार, श्रीकांत गुप्ता, नरेश गुप्ता, मुन्ना श्रोत्रिय, आशीष शंकर पांडे, राकेश जैन, संजय जैन, निहाल सिंह, अभितोष चौधरी, शकील साबरी आदि के हस्ताक्षर थे।

एसडीएम को ज्ञापन देते समाजसेवी। ● अमृत विचार

● तहसील पहुंचकर लोगों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

बिजली चोरी पकड़ने पहुंची टीम पर हमला

संवाददाता, भोजपुर : सोमवार को बिजली चोरी पकड़ने गई विभाग की टीम पर लोगों ने ईंटों से हमला कर दिया। जिससे एक बिजली कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। कई बिजली कर्मी भागने में कामयाब रहे।

भोजपुर के मोहल्ला घास मंडी में सोमवार की दोपहर जेई ललित कुमार अपनी टीम के सूरज सिंह, रिजवान, मुनाजिर, शिव सिंह, सरकार अली, वेद प्रकाश, कमलजीत, अल हसन के साथ बिजली चोरी की चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान अजय पुत्र प्रेमपाल के घर विद्युत चोरी होती पाई गई। जिस पर टीम ने उनके घर का कनेक्शन काट दिया। इस पर अजय सिंह, उसकी पत्नी एवं दो अन्य लोगों ने विद्युत विभाग की टीम पर हमला बोल दिया। जिसमें एक विद्युत कर्मी सिर में ईंट लगने से घायल हो गया। घायल विद्युत कर्मी का नाम मुनाजिर बताया जा रहा है। जेई ललित कुमार ने थाने में तीन नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।

तेज रफ्तार डंपर ने चार वर्षीय बालिका को कुचला, मौत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● परिजनों में मचा कोहराम, ग्रामीणों ने डंपर चालक को पकड़ा

अमृत विचार : घर के दरवाजे के सामने खेल रही चार वर्षीय बालिका को तेज रफ्तार डंपर चालक ने रौंद दिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद भाग रहे डंपर व उसके चालक को ग्रामीणों ने घेरकर पकड़ लिया।

कोतवाली क्षेत्र के ठाकुरद्वारा-पिलकपुर अलीगंज मार्ग पर स्थित गांव फैजुल्लानगर उर्फ चमरा वाला में मोहम्मद शाकिर का घर सड़क के किनारे स्थित है। सोमवार को शाकिर की चार वर्षीय पुत्री आतिफा घर के दरवाजे से निकलकर सड़क किनारे खेल रही थी। इसी दौरान सड़क से गुजर रहे तेज रफ्तार डंपर ने बच्ची को बुरी तरह रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद भाग रहे डंपर चालक को ग्रामणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। बालिका की मौत की सूचना पर परिजनों व ग्रामीणों में कोहराम मच गया। उसके शव को परिजन घर ले आए। वहीं डंपर हाईवे निर्माण में सामग्री ढोने में लगा है। हाईवे निर्माण से जुड़े ठेकेदार भी ग्राम फैजुल्लानगर पहुंच गए। पूर्व प्रधान मोहब्बत अली ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच समझौता के लिए बात चल रही है।

ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया डंपर।

कक्षा केंद्र के एमडी को सम्मानित करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

जिगर मंच पर पहली बार कांठ के छात्रों ने दी प्रस्तुति

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : पंचायत भवन के जिगर मंच पर सोशल फाउंडेशन मुरादाबाद के तत्वाधान में कक्षा केंद्र के विद्यार्थियों द्वारा पराली न जलाओ की प्रस्तुति दी गई।

नगर के कक्षा केंद्र कोचिंग संस्थान के एमडी रजत प्रभाकर ने बताया कि जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी के संयोजन एवं निर्देशन में कक्षा केंद्र के विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी। जिसमें पराली न जलाने के पक्ष व विपक्ष में दलीलें दी गई। इस संवाद को जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने सुना और विद्यार्थियों की प्रस्तुति को सराहा। जिलाधिकारी ने सोशल फाउडेशन के डॉ. अनुज अग्रवाल, कक्षा केंद्र के एमडी रजत प्रभाकर, शुभम दिवाकर, पल्लवी गुप्ता, अनुष्का अग्रवाल सहित सभी उन सदस्यों को सम्मानित किया।

700 उपभोक्ता मीटर लगवाने को परेशान

कांठ, अमृत विचार : पुराने कनेक्शन बदलवाने व नए कनेक्शन के लिए करीब 700 लोग विद्युत विभाग कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। मगर अभी तक सुनवाई नहीं हुई।

क्षेत्र के अनेक लोगों ने विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन किए हैं। चार दर्जन से अधिक लोग पुराने खराब मीटर बदलवाने के लिए एसडीओ कार्यालय के लिए चक्कर लगा रहे हैं। एसडीओ ज्ञानेंद्र यादव ने बताया कि क्षेत्र में लगभग 700 नए विद्युत मीटर की आवश्यकता है जिसका एस्टीमेट प्रार्थना पत्र के आधार पर भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह विभाग उनके क्षेत्र में नहीं आता है। सहायक अभियंता विद्युत परीक्षण शाला की अधिशाषी अभियंता की पदोन्नति हो गई है लेकिन कार्यवाहक के रूप में वर्तमान में वह कार्यरत हैं। एसडीओ ने बताया कि विद्युत मीटर का अभाव चल रहा है। संबंधित अधिकारियों ने शीघ्र ही नए मीटर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

एसडीएम के आदेश लेखपालों के लिए बेमानी गांवों में जाकर नहीं कर रहे निरीक्षण, शिकायत

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : एसडीएम के निर्देश के बाद भी लेखपाल गांव में जाकर किसानों की भूमिधर जमीन में अंश निर्धारण में हुई त्रुटियों को ठीक नहीं कर रहे हैं। जिसको लेकर कई गांव के लोगों ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर अंश निर्धारण में हुई गलतियों का संशोधन करने की मांग की है।

ग्राम बीबीपुर निवासी नाजरीन पत्नी नफीस अहमद ने तहसील में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी जमीन के अंश निर्धारण में त्रुटि हो गई है। कई बार कहने के बाद भी लेखपाल द्वारा उसका संशोधन नहीं किया है। साथ ही ग्राम भैंसली जमालपुर निवासी गोविंद सिंह, शीशपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह आदि ने तहसील में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि फर्ज खतौनी में अंश गलत दर्ज हो गए हैं। कई बार लेखपाल से संपर्क किया परंतु लेखपाल द्वारा अंश निर्धारण की त्रुटि का संशोधन नहीं किया है। ग्राम लदावली निवासी प्रेम सिंह पुत्र होराम सिंह ने खतौनी में अंश सही करने के संबंध में लगातार दो बार प्रार्थना पत्र तहसील में दिया। हल्का लेखपाल को उप जिलाधिकारी द्वारा 2 दिन में समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए गए थे परंतु समस्या का समाधान आज तक नहीं किया गया है, जिससे लगता है कि लेखपाल किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है।

खलिहान की भूमि से कब्जा हटवाने के निर्देश

कांठ, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम रायपुर खुर्द में ग्राम समाज के खलिहान की भूमि पर गांव के ही कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। गांव के एक व्यक्ति की शिकायत पर एसडीएम ने तहसीलदार कांठ को खलिहान की भूमि से अवैध कब्जा हटवा कर उसे खाली कराए जाने के निर्देश दिए हैं। तहसील कांठ क्षेत्र के ग्राम रायपुर खुर्द में गाटा संख्या 360 खलिहान की भूमि के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि पर गांव के कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। इस संबंध में ग्रामीण हरपाल सिंह ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर खलिहान की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तहसीलदार कांठ आनंद कुमार नायक को खलिहान की भूमि से अवैध कब्जा हटवा कर उसे खाली करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने कहा कि ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बाग में किसान पर तेंदुए ने किया हमला

संवाददाता, भोजपुर

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के महेशपुर खेम गांव में आम के बाग में आराम कर रहे किसान पर तेंदुए ने हमला कर दिया। किसान के शोर मचाने पर मजदूरों के एकत्र होने से तेंदुआ भाग गया। घटना से लोगों में दहशत है। वहीं सूचना देने के बाद भी वन विभाग की टीम के न पहुंचने का लोगों ने आरोप लगाया।

थाना भगतपुर क्षेत्र के गांव महेशपुर खेम निवासी किसान मोहम्मद इरशाद ने बताया कि वह 10-12 मजदूरों के साथ भोजपुर के गांव गणेशपुर ढैला नदी किनारे के बराबर से आम के बगीचे में आराम कर रहा था। मजदूरों भी आसपास ही काम रहे थे। रात करीब नौ बजे सामने से आ रहे तेंदुए और उसके दो शावकों पर मेरी नजर पड़ी। जैसे ही तेंदुए ने उस पर हमला किया तभी उसने शोर मचा दिया। जिससे आसपास काम कर रहे मजदूरों ने लाठी-डंडों की मदद से तेंदुए को भगा दिया। किसान मोहम्मद इरशाद का कहना है कि सूचना के बाद भी वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची।

● मजदूरों के एकत्र होकर शोर मचाने पर भाग गया तेंदुआ
● सूचना के बाद भी वन विभाग की टीम के न पहुंचने से रोष

तेंदुए के हमले से घायल युवक की हालत बिगड़ी

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : तेंदुए के हमले मे घायल युवक की हालत बिगड़ने पर उत्तराखंड काशीपुर स्थित निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पीड़ित की पत्नी ने प्रशासकीय वन अधिकारी को शिकायती पत्र देकर पति के उपचार के लिए मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। कोतवाली क्षेत्र के गांव राघुवाला निवासी ऋषि ओम पुत्रओम प्रकाश सिंह की पत्नी आरती देवी ने वन विभाग के अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसका पति उत्तराखंड की एक फैक्ट्री में कार्य कर अपने घर परिवार का भरण पोषण करता है। रविवार को वह फैक्ट्री में कार्य करके बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान गोरा फॉर्म के निकट झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे उत्तराखंड के जयपुर स्थित राजकीय चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती कराया था। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर हल्द्वानी के लिए रेफर करने के लिए कहा। परिजन उसे पैसे के अभाव में घर ले आए। कुछ घंटे बाद पति की हालत बिगड़ने लगी। इस पर काशीपुर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। महिला ने वन विभाग से पति के उपचार के लिए मुआवजे की मांग की है।

ओवरब्रिज न होने से चौराहे पर लगा जाम

कांठ, अमृत विचार : नगर में थाना कांठ चौराहा स्थित रेल क्रॉसिंग 433/बी पर व्यवस्थाओं व अतिक्रमण के चलते मार्ग पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। पूरा दिन मार्ग पर वाहन जाम में फंसे नजर आए। जिससे जहां वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

कांठ में थाना चौराहे पर अमरोहा को जाने वाले मार्ग स्थित मुख्त्यारपुर नवादा रेलवे क्रॉसिंग संख्या 433/बी पर सोमवार को बार-बार ट्रेन के गुजरने के कारण अमरोहा, गाजियाबाद, दिल्ली, नोएडा, बिजनौर, मेरठ, मुजफ्फरनगर आदि शहरों को इस क्रॉसिंग से होकर जाने वाले वाहन जाम में फंस गए। इसके चलते मुरादाबाद-हरिद्वार मार्ग थाना रोड, कांठ अमरोहा मार्ग पर भी जाम की स्थिति रही। जिससे मार्गों पर अव्यवस्था उत्पन्न हो गई। वहीं मार्गों पर जाम में फंसे वाहनों को निकालने के लिए कोई भी इंतजाम दिखाई नहीं दिए।

थाना प्रभारी से वार्ता करते भाजपाई। ● अमृत विचार

राख की ट्रॉली और अवैध डंपरों पर रोक लगाने की मांग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पिछले कई दिनों से नगर और देहात क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे डंपर और राख की ट्रॉलियों को लेकर अधिकारियों से मिल रहे हैं। मगर कोई समाधान नहीं हुआ है।

सोमवार को भाजपा के मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल सिंह और भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवागत कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी से वार्ता की। उनको बताया कि अवैध रूप से चल रहे डंपरों और राख की टॉलियों से लोगों को परेशानी हो रही है। इसको लेकर कई बार शिकायत की गई। मगर पुलिस प्रशासन के अधिकारी राख की ट्रॉलियों और डंपरों पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कोतवाली प्रभारी से अवैध रूप से चल रहे डंपर और राख की ट्रॉली को रोकने की मांग की है। इस दौरान मुकेश चौधरी, नागेंद्र लंबा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

एक नजर

खेत पर सोने गए किसान का पानी की कुंडी में मिला शव

ओरछी, (बदायूं)अमृत विचार : थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव मुगर्रा निवासी जगन्नाथ (45) पुत्र आशाराम खाना खाकर अपने खेत में बने ट्यूबवेल पर सोने के लिए चले जाते थे। रविवार रात उन्होंने घर पर खाना खाया और रात लगभग 10 बजे सोने के लिए ट्यूबवेल पर चले गए थे। लगभग 11 बजे उनके छोटे भाई धर्मेश खेत पर पहुंचे। जगन्नाथ का शव ट्यूबवेल की कुंडी में मुंह के बल पड़ा था। पास में उनका अंगोछा पड़ा था। धर्मेश ने जगन्नाथ को हिलाया लेकिन उन्होंने कोई हरकत नहीं की तो धर्मेंद्र ने परिजनों को सूचना देकर बुलाया। परिजन शव गांव ले गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

बाइक की टक्कर से खेत से लौट रहे किसान की मौत

बदायूं, अमृत विचार :उसहैत थाना क्षेत्र के गांव टिकाई पुख्ता निवासी ऋषिपाल सिंह (65) रविवार शाम खेत पर फसल देखकर वापस लौट रहे थे। देर शाम लगभग साढ़े सात बजे गांव के मुख्य चौराहे से होकर पैदल गुजर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक सवार गांव रिछोला निवासी युवक ने उन्हें टक्कर मार दी। बाइक छोड़कर भाग गया। हादसे में ऋषिपाल सिंह की मौके पर मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों की ओर से बाइक सवार के खिलाफ तहरीर दी गई है।

यात्री कम होने पर टनकपुर-बरेली स्पेशल ट्रेन का संचालन बंद

बरेली, अमृत विचार : रेलवे ने यात्री कम मिलने की वजह से टनकपुर-बरेली पूर्णागिरी मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन मंगलवार से बंद करने का निर्णय लिया है।इज्जतनगर रेल मंडल ने 28 अप्रैल से 05307 टनकपुर-बरेली और 05308 बरेली-टनकपुर का संचालन शुरू किया था। जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि पूर्णागिरी का मेला खत्म हो चुका है, इसलिए अप व डाउन दोनों ही ट्रेनों की उपयोगिता नहीं रही। इसके अलावा ट्रेन को यात्री भी नहीं मिल रहे हैं और ट्रेन को चलाने से आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसलिए 05307 टनकपुर-बरेली का संचालन मंगलवार से और 05308 बरेली-टनकपुर ट्रेन का संचालन बुधवार से बंद कर दिया जाएगा।

आईआरसीटीसी एजेंट रेलवे टिकट की दलाली करते पकड़ा

गोरखपुर मुख्यालय से आईडी ट्रेस होने के बाद आरपीएफ ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली सिटी स्टेशन से आरपीएफ ने शीशगढ़ से एक टिकट दलाल को पकड़ा है। दलाल आईआरसीटीसी का अधिकृत एजेंट है। इसकी आड़ में वह निजी आईडी से टिकट बुक कर रहा था। गोरखपुर मुख्यालय से आईडी ट्रेस होने के बाद उसे दबोचा गया।

गोरखपुर मुख्यालय से आरपीएफ को आईआरसीटीसी की संदिग्ध पर्सनल यूजर आईडी और मोबाइल नंबर की जानकारी मिली थी। जिसके आधार पर बरेली सिटी स्टेशन आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार मीणा के नेतृत्व में टीम ने बिलासपुर रोड थाना शीशगढ़ स्थित अहमद जन सेवा केंद्र पर छापा मारा। जनसेवा केंद्र संचालक मुस्तफा निवासी मोहल्ला तकिया कस्बा शीशगढ़ से पूछताछ की गई तो उसके पास से आईआरसीटीसी की छह निजी आईडी मिलीं। आरपीएफ के मुताबिक जनसेवा केंद्र संचालक आईआरसीटीसी का अधिकृत एजेंट भी था। वह अलग-अलग निजी आईडी से ई-टिकट बुक कर यात्रियों से 200 से 300 रुपये अतिरिक्त वसूलता था। उसके पास के 29 ई-रेल टिकट बरामद हुए हैं, जिसमें 4075 रुपये के चार टिकट पर यात्रा की जानी बाकी थी। इसके अलावा 35350 रुपये के 25 तत्काल रेल ई- टिकट पर यात्रा कराई जा चुकी थी।

आला हजरत व पुरबिया एक्सप्रेस में डीसीएम ने की चेकिंग

बरेली, अमृत विचार : डीसीएम सिद्धार्थ वर्मा ने सोमवार को ट्रेनों में टिकट चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने आला हजरत, पुरबिया और सप्तक्रांति एक्सप्रेस में चेकिंग की और अनाधिकृत यात्रियों से 1.50 लाख रुपये का जुर्माना और किराया वसूला। रेलवे के पास यात्रियों की शिकायतें पहुंच रही हैं कि वेटिंग और जनरल टिकट वालों की वजह से आरक्षण कराने वाले यात्रियों को दिक्कत हो रही है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता के निर्देश पर डीसीएम सिद्धार्थ वर्मा के नेतृत्व में टीम ने 19270 मुजफ्फरपुर-पोरबंदर एक्सप्रेस, 14321 बरेली-भुज आला हजरत, 12558 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति और 15279 सहरसा-आनन्द विहार पुरबिया एक्सप्रेस में अभियान चलाया। जिसमें अनाधिकृत और बिना टिकट यात्रा करने वाले 270 यात्रियों को पकड़ा। इन लोगों से 83,010 रुपये किराया और 67,500 जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा डीसीएम सिद्धार्थ वर्मा ने 12558 आनंद विहार -मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति एक्सप्रेस में पेंट्रीकार को भी चेक किया।

बस की टक्कर से सड़क किनारे खड़े युवक की मौत

उसावां (बदायूं), अमृत विचार : कस्बा उसावां के वार्ड छह निवासी युवक अपने भतीजे और एक अन्य रिश्तेदार के साथ पटना देवकली के शिव मंदिर पर गया था। जहां प्रसाद चढ़ाने के बाद वह बाइक से वापस आ रहे थे। रास्ते में उन्होंने बाइक रोकी। भतीजा लघुशंका कर रहा था। इसी दौरान बस ने उन्हें टक्कर मार दी।

उसावां थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी सचिन मिश्रा (24) अपने 6 साल के भतीजे अंश मिश्रा और रिश्तेदार के साथ सोमवार सुबह बाइक से मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने गए थे। कुछ देर के बाद वह प्रसाद चढ़ाकर वापस लौट रहे थे। रास्ते में अंश मिश्रा ने कहा कि उसे लघुशंका लग रही है। सचिन मिश्रा ने मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर बाइक रोक ली। इसी दौरान उसावां की ओर से आई निजी बस ने उन दोनों को टक्कर मार दी। सचिन और रोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सचिन मिश्रा की रास्ते में मौत हो गई

भतीजे ने बुआ को दौड़ा कर मारी गोली, जबड़े में फंसी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

वारदात

- बारादरी क्षेत्र में संजयनगर में रविवार रात हुई घटना
- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को लिया हिरासत में

अमृत विचार : थाना बारादरी क्षेत्र के संजयनगर में दुर्गानगर मोड़ पर रविवार रात एक युवक ने बुआ को दौड़ाकर गोली मार दी। गोली महिला के जबड़े में फंस गई। पुलिस ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया है और आरोपी भतीजे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है।

पुष्कर ने बताया कि वह रविवार को अपनी पत्नी पायल, सास रूपवती, बच्चों और भाई मनोज के परिवार के साथ पीलीभीत के इलाबास में मेले में गए थे। वह रात में वापस आ रहे थे। आरोप है कि उनके ममेरे भाई रोहित की बहन ने अपने पिता से कहा कि इन लोगों को साथ क्यों लेकर आए। इस पर पायल की बड़ी बहन पिंकी ने जवाब दिया कि पैसा खर्च करके आते हैं। इसी बात पर रोहित ने पायल को थप्पड़ मार दिया। उस समय लोगों ने विवाद शांत करा दिया गया। देर रात जब रूपवती अपने परिवार के साथ बरेली पहुंचीं तो दुर्गानगर मोड़ पर पीछे से आए रोहित ने दौड़ा कर गोली चला दी जो रूपवती के जबड़े में लग गई। लोगों ने मौके से भाग रहे रोहित को पकड़ लिया। आरोपी रोहित को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सीओ तृतीय अनीता चौधरी और थाना प्रभारी अमित पांडे ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। आरोपी रोहित और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

अमृत विचार की खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें।

सम्मन वास्ते विनावर इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 से 5)
न्यायालय अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)
जिला अमरोहा
मुकदमा नम्बर D202313380000969
रामौतार बनाम अधिशासी अधिकारी न.पा.परि. अमरोहा
धारा- 30 उ.प्र.रा.सं.- 2006 भूमि स्थित
ग्राम अमरोहा खास बाहर चुंगी
गाटा सं. 3924/0.753 गाटा सं. 3925/0.053
गाटा सं. 3926/2.582

1. फिरोज अब्बास 2. सै. असम अब्बास जैदी 3. सै. मौ. कम्बर 4. सै. अजीम अब्बास 5. सै. अमीर अब्बास पुत्रगण सै. मुस्तफा 6. सै. मुस्तफा पुत्र सै. इर्तजा हसन नि० मौ. कटरा गुलाम 7. श्रीमती रूपवती पत्नी रामनाथ 8. महेन्द्र सिंह 9. राजकुमार पुत्रगण रामनाथ निवासी मौ. बेगमसराय कलां अमरोहा तह. व जिला अमरोहा 10. श्रीमती साबरीन पत्नी नफीस अब्बासी नि. ग्राम डिडौली तह. व जिला अमरोहा 11. शाकिर हुसैन पुत्र जहीर नि. ग्राम सैतली तह. व जिला अमरोहा 12. फुरकान पुत्र रमजानी नि. ग्राम श्यामपुर तह. व जिला अमरोहा 13. श्रीमती स्वाले हकीम जहां पत्नी युसूफ 14. तौफीक पुत्र हबीबुल्ला 15. सजील अहमद पुत्र छिददा 16. मतलूब पुत्र रूस्तम 17. श्रीमती सलमा पत्नी सजील अहमद 18. श्रीमती नन्ही पत्नी मतलूब 19. अतीक अहमद पुत्र हबीबुल्ला 20. वहाजुल अहमद पुत्र मसीता 21. श्रीमती रजिया पत्नी राशिद 22. राशिद शाह पुत्र छोटे 23. जाहिद पुत्र इनायततुल्ला 24. इशरत जहां पत्नी जाहिद निवासीगण ग्राम- मीरासराय तह. व जिला अमरोहा 25. श्रीमती अफरोज जहां पत्नी जुल्फेकार 26. जुल्फेकार अहमद पुत्र फकीर मौहम्मद निवासी ग्राम धनौरी अहीर तह. व जिला अमरोहा 27. श्रीमती हसेरून बेगम पत्नी जाहिद 28. शाहिद पुत्र अनवर अहमद नि. मकान नं. 171 गली नं. 16 चन्दरपुरी कैलाश नगर गांधी नगर पूर्वी, दिल्ली 29. इरशाद अली पुत्र अहसान अली 30. श्रीमती वकीला पत्नी कलवा 31. श्रीमती बेबी पत्नी वाजिद 32. श्रीमती खैरूल निशा पत्नी मौ. आरिफ 33. नासिर हुसैन पुत्र नूरूद्दीन 34. फिरासत हुसैन पुत्र रियासत 35. मुरादन खातून पत्नी अहमद हसन 36. श्रीमती फौजिया परवीन पत्नी मौ. कासिम उर्फ बब्बू 37. मौ. कासिम उर्फ बब्बू पुत्र शमशाद अली उर्फ कल्लू 38. तसलीम पुत्र इब्राहीम 39. लताफत हुसैन पुत्र लियाकत हुसैन 40. नजीमउद्दीन पुत्र मौ. जान 41. नईम अहमद पुत्र मौ. जान निवासीगण ग्राम काजीसराय उर्फ कांकर सराय तह. व जिला अमरोहा 42. रिज़वान पुत्र इंद्रीश नि. एच 17/232 संगम बिहार हमदर्द नगर दक्षिण दिल्ली 110062 43. शुबराती पुत्र मसीतुल्ला 44. मौ. इमरान पुत्र शुबराती 45. आसिफ पुत्र यामीन निवासी ग्राम मालीखेड़ा उर्फ शहबाजपुर तह. व जिला अमरोहा 46. श्रीमती तबसुम पत्नी अबरार हुसैन नि. ग्राम नरथों तह. व जिला अमरोहा 47. श्रीमती सलमा पत्नी नूरहसन नि. ग्राम अतरासी कलां तह. व जिला अमरोहा 48. बाबू पुत्र मदारी नि. ग्राम शेखूपुरा गुर्जर तह. व जिला अमरोहा 49. श्रीमती शाहीन पत्नी आस मौहम्मद नि. ग्राम पांयती कला तह. व जिला अमरोहा हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 02 माह 07 सन् 2024 बवक्त दस बजे दिन के असालतन के मार्फत अपने वकील जो मुकदमा के हालात से वाकिफ हो और जवाब देही करे आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते हैं। आपको इतिला दी जाती है। कि आप अगर बरोज मजकूर हाज़िर न होंगे। तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तखत मेरे अदालत में मौहर व तारीख 24 माह 06सन् 2024 ई. जारी किया गया।

वार्षिक परीक्षाओं का मूल्यांकन लगभग पूरा, परिणाम जल्द

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- इस बार समय पर सत्र पूरा करने के लिए भीषण गर्मी में भी कराई गई हैं परीक्षाएं

अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक और परास्नातक की वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम जल्द जारी हो सकते हैं। मूल्यांकन का काम लगभग पूरा हो गया है और कुछ कॉलेजों से प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक आना बाकी रह गए हैं। इसकी वजह से कुछ देरी हो रही है। इसके अलावा जिन परीक्षाओं का मूल्यांकन हो गया है, उनके भी परिणाम जल्द जारी कए जाएंगे।

विश्वविद्यालय की व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की वार्षिक परीक्षा 1 अप्रैल से 24 अप्रैल तक हुई थी। इसके परास्नातक की वार्षिक परीक्षा 9 अप्रैल से 2 मई तक हुई। इसक अलावा स्नातक की वार्षिक परीक्षा 19 मार्च से शुरू हुई थी और यह परीक्षा भी 18 जून को समाप्त हो गई। इसके अलावा स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा 10 मई से शुरू हुई और 1 जुलाई को समाप्त हो जाएंगी। वर्तमान में परास्नातक सम सेमेस्टर की वार्षिक परीक्षा 19 जून से शुरू हुई है और यह भी 6 जुलाई को समाप्त हो जाएगी। इसके अलावा विधि पाठ्यक्रमों समेत अन्य की भी वार्षिक व सम सेमेस्टर की परीक्षाएं हुई हैं। जो परीक्षाएं पूरी हो चुकी हैं, उनका मूल्यांकन लगभग पूरा हो चुका है। इसके अलावा जो चल रही हैं, उनका भी मूल्यांकन चल रहा है। अब विश्वविद्यालय जल्द परिणाम घोषित करने की तैयारी कर रहा है। जिन महाविद्यालयों की प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक किन्हीं कारणों से रह गए हैं, उन्हें भी जल्द से जल्द मांगे जा रहे हैं।

जॉब का झांसा देकर ठगे 3.30 लाख रुपये

काशीपुर, अमृत विचार: ऑनलाइन जॉब का झांसा देकर साइबर ठगो ने धोखाधड़ी से 3.30 लाख की रकम ठग ली।

पुलिस को दी तहरीर में कुंडेश्वरी निवासी काफिया पत्नी शोएब अली ने कहा कि 12 जून 2024 को वह अपने मोबाइल पर इंस्टाग्राम की वीडियो देख रही थी। उसमें घर बैठे जॉब कर रुपये कमाने का विज्ञापन दिखाई दिया। उसमें दिए व्हाट्सएप नम्बर पर संपर्क करने पर उसे विभिन्न टास्क के बारे में जानकारी दी गयी। उसके पीएनबी खाते में 320 रुपये की प्रोफिट राशि भी भेजी गई। साथ ही टेलीग्राम के माध्यम से टास्क पूरे करने पर लिंक भेजा गया। इसके बाद उसके खाते में कुछ और राशि भेजी गई। बाद में उन्होंने भरोसे में लेकर 13 जून 2024 से 16 जून 2024 तक अलग-अलग खातों में कुल 3,30,900 रुपये ट्रान्सफर कराये। बाद में अकाउंट फ्रीज होने की बात कहकर वो और धनराशि की मांग करने लगे।

युवक की शादी कराने के नाम पर 75 हजार लेकर भागे युवक

संवाददाता, दातागंज (बदायूं)

- शक होने पर युवक के परिजनों ने दो महिलाओं और एक युवक को पकड़ा

अमृत विचार : दो ठगों ने युवक की महिला से शादी कराने का झांसा देकर 75 हजार रुपये ले लिए। शादी के बाद महिला को अपने साथ ले जाने और बाद में ससुराल से विदा कराने की बात कही। युवक और उसके परिजनों को शक हुआ तो डायल 112 पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि शादी कराने वाले युवक भाग गए। पुलिस ने दो महिलाओं और एक युवक को पकड़ा। तीनों को थाने लाया गया और पीड़ित पक्ष को भी बुलाया गया। महिलाओं ने बताया कि वह शादी से खुश नहीं हैं। जिसके चलते दोनों पक्ष में समझौता हो गया।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव पापड़ हमजापुर निवासी संजू पुत्र पहलवान गिरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव बादाम नगर और लक्ष्मी नगर निवासी दो लोगों ने उनकी शादी कराने की बात कही थी। एक युवक ने अपनी ससुराल निवासी महिला रेखा को बुलाया और शादी कराने के लिए 75 हजार रुपये मांगे। संजू उनकी बातों में आ गए और करने को तैयार भी हो गए। शादी से पहले संजू ने उन्हें 75 हजार रुपये दे दिए। उन्होंने संजू की शादी उस महिला से करा दी। साथ ही शर्त रखी कि शादी के बाद वह लोग महिला को अपने साथ ले जाएंगे और फिर महिला को विदा पर अपने साथ ले जाना। जिसके चलते संजू और उनके परिजनों को दोनों युवकों पर शक हुआ।

परिजनों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दे दी। परिजनों ने सख्ती दिखाई तो दोनों युवकों ने वहां से भागने की कोशिश की। परिजनों ने उनके साथ आए एक युवक और दो महिलाओं को पकड़ा लिया जबकि दोनों युवक 75 हजार रुपये लेकर भाग गए।

सम्मन वास्ते विनावर इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 से 5)
न्यायालय अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)
जिला अमरोहा
मुकदमा नम्बर D202413380000323
धारा- 128 उ.प्र.रा.सं.- 2006
ग्राम सिहाली जागीर तह. हसनपुर
प्रोफेसर मौ. नवेद खान बनाम भू.प्र.स. आदि
भूमि स्थित
ग्राम सिहाली जागीर
गाटा सं. 59 मि./0.829 हेक्ट0

1. भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम सिहाली जागीर तह. हसनपुर जिला अमरोहा 2. जयपाल, रोहताश, इन्द्रपाल, देवेन्द्र पुत्रगण कलुआ नि. ग्राम सिहाली जागीर तह. हसनपुर 3. चूरा, रामप्रसाद, नन्हें, खजान पुत्रगण हरचन्द नि. सिसोबाली तह. धनौरा जिला अमरोहा 4. लालमन 5. खूबी पुत्रगण खचेडू निवासीगण ग्राम सिहाली जागीर तह. हसनपुर जिला अमरोहा 6. रघुवीर पुत्र अगेना 7. अगेना पुत्र छिद्दा 8. हरचन्द पुत्र सीता 9. तेजराम पुत्र हरचरन 10. अली पुत्र छिददा 11. सरजीत पुत्र बच्चन निवासीगण ग्राम सिहाली जागीर तह. हसनपुर जिला अमरोहा 12. कमरजीत सिंह पुत्र अजमेर सिंह नि. 96 कालन्दी कालौनी बागपत रोड मेरठ जनपद मेरठ हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 02 माह 07 सन् 2024 बवक्त दस बजे दिन के असालतन के मार्फत अपने वकील जो मुकदमा के हालात से वाकिफ हो और जवाब देही करे आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते हैं। आपको इतिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तखत व मोहर मेरे अदालत में तारीख 24 माह 06 सन् 2024 ई. जारी किया गया।

डेमू ट्रेन में सवार यात्री की हार्ट अटैक से मौत

लालकुआं, अमृत विचार : डेमू ट्रेन में सवार एक यात्री की हार्ट अटैक से मौत हो गई। इससे ट्रेन में सवार अन्य यात्रियों में हड़कंप मच गया। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। साथ ही मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। ट्रेन में शव मिलने की यह दूसरी घटना है।

लालकुआं से काशीपुर जाने वाली डेमू ट्रेन संख्या 05351 में पंतनगर रेलवे स्टेशन से सवार यात्री की लालकुआं-पंतनगर के बीच हार्ट अटैक से मौत हो गई।

यात्रियों की सूचना पर रेलवे पुलिस के सिपाही श्याम सिंह बोरा व दिनेश सिंह राणा ने शव को ट्रेन से प्लेटफार्म पर उतारा और लोगों से पहचान कराई। शव की शिनाख्त अनिल कुमार जोशी (61 वर्ष) पुत्र राजकुमार जोशी निवासी नंदपुर कोपा बाजपुर उधमसिंह नगर के रूप में हुई।

टनकपुर-चम्पावत हाईवे पर डेढ़ घंटे ठप रही आवाजाही

संवाददाता, टनकपुर

पूर्णागिरि मार्ग में किरोड़ा नाला उफान में आने से मार्ग में श्रद्धालु और ग्रामीण फंसे रहे।

- सूखीढांग में आया मलबा, चम्पावत जिले के अधिकांश हिस्सों में हो रही बारिश

अमृत विचार : टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को मलबा आने से करीब डेढ़ घंटे तक मार्ग बाधित रहा। जिस कारण पर्वतीय और मैदानी क्षेत्र को आने-जाने वाले यात्रियों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ी। सड़क बंद होने से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर सूखीढांग पर मलबा आ गया। सोमवार सुबह 7.33 बजे आए मलबे से डेढ़ घंटे से अधिक समय तक सड़क पर आवाजाही ठप रही। टनकपुर से चम्पावत और पहाड़ी क्षेत्रों तथा पहाड़ से मैदान को जाने वाले लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ा। मशीनों के जरिए मलबा हटाकर सुबह 9.06 बजे एनएच को आवाजाही के लिए सुचारू किया जा सका। वहीं बीते 24 घंटों में लोहाघाट में 6 मिलीमीटर बारिश हुई है। सोमवार सुबह जिले के अधिकांश हिस्सों में हल्की बारिश रही। वहीं जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में हुई यह बारिश किसानों की धान की रोपाई के लिए काफी लाभदायक बताई जा रही है। बरसात होने के बाद इन क्षेत्रों में कई किसानों ने धान की रोपाई भी शुरू कर दी है।

पूर्णागिरि मार्ग पर डेढ़ घंटे तक उफनाया नाला, फंसे श्रद्धालु और ग्रामीण

टनकपुर, अमृत विचार : पूर्णागिरि और निर्माणाधीन टनकपुर-जौलजीबी मार्ग पर दो स्थानों पर नालों के उफान पर आने से आवाजाही बंद रही। किरोड़ा से निकले इन नालों से डेढ़ घंटे तक वाहनों के आवागमन से लेकर आम राहगीरों की राह थमी रही। मां पूर्णागिरि धाम की तीर्थयात्रा पर भी इस दौरान असर पड़ा। चार दिन में दूसरी बार यह सड़क बंद रही। सोमवार सुबह करीब 8.30 बजे बाटनागाड़ और थ्वालखेड़ा के पास के नालों के उफान पर आने से टनकपुर-जौलजीबी सड़क बंद हो गई। इधर मानसून सत्र को देखते हुए मां पूर्णागिरि मंदिर समिति ने सोमवार से रात्रि 8 बजे से सुबह 5 : बजे तक मां पूर्णागिरि धाम में दर्शन के लिए रोक लगा दी है।

बनभूलपुरा हिंसा के 13 उपद्रवी सितारगंज सेंट्रल जेल भेजे गए

हल्द्वानी, अमृत विचार : उप कारागार हल्द्वानी में बंद बनभूलपुरा हिंसा के 13 आरोपियों को सितारगंज सेंट्रल जेल शिफ्ट कर दिया गया है। कैदियों व बंदियों से ओवरलोड जेल को उपद्रवियों से खतरा बताया गया था। सहायक महानिरीक्षक कारागार ने उपद्रव के आरोपियों को शिफ्ट करने के निर्देश दिए हैं।

बीती आठ फरवरी हुई बनभूलपुरा हिंसा में कुल 107 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। हिंसा की घटना उस वक्त हुई जब नगर निगम की टीम प्रशासन व पुलिस की सुरक्षा में बनभूलपुरा स्थित मलिक का बगीचा में अवैध अतिक्रमण ढहाने गई थी। उपद्रवियों ने पुलिस, प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों व कर्मियों पर पथराव किया, आगजनी और गोलीबारी करते हुए बनभूलपुरा थाने को आग लगा दी थी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

सीएचसी परिसर में गंदगी का अंबार पीने के पानी का भी नहीं है इंतजाम

संवाददाता, गुन्नौर

सीएचसी परिसर में खराब पड़ा वाटर कूलर और फैली गंदगी। ● अमृत विचार

- गंदगी में पनप रहे मच्छर और कीड़े, बीमारी फैलने का अंदेशा

अमृत विचार :सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों अव्यवस्था से जूझ रहा है। आलम यह है कि अस्पताल के मेन गेट पर ही जहां-तहां कूड़े- कचरे की ढेरियां लगी हैं। उनमें पनप रहे कीड़े-मकोड़े और मच्छर अस्पताल आने वाले लोगों को बीमारियों का न्योता दे रहे हैं। मरीज और तीमारदारों के लिए पानी का इंतजाम भी नहीं है। एक हैंडपंप लगा है लेकिन उसका पानी पीने योग्य नहीं है।

सीएचसी में रोजाना करीब दो हजार लोग पहुंचते हैं। ओपीडी से लेकर इमरजेंसी वार्ड तक में मरीजों की खासी भीड़ लगी रहती है। महिला अस्पताल में प्रसव के लिए महिलाओं का आना जाना लगा रहता है। गर्मी के मौसम में लोगों को सबसे बड़ी जरूरत पीने की पानी की होती है। बावजूद इसके अस्पताल में पेयजल के लिए लोगों को यहां वहां भटकना पड़ रहा है। लोग अस्पताल के बाहर दुकान से बोतल बंद पानी खरीदने को मजबूर हैं। अस्पताल में रजिस्ट्रेशन खिड़की के पास पीने के पानी के नाम पर एक नल लगा है, जिसका उपयोग सिर्फ हाथ पैर धोने के लिए होता है। क्योंकि इसका मटमैला पानी पीने लायक ही नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की संवेदनहीनता का इससे बड़ा उदाहरण क्या होगा कि अस्पताल के महिला विंग में भी पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। जिससे प्रसव के लिए आई महिलाओं के साथ आए तीमारदार पेयजल के लिए भटकते रहते हैं। अस्पताल भवन के चारों तरफ नालियों की सफाई नहीं होने से नालियों में गंदा पानी रूका हुआ है।

> अस्पताल कैंपस में पेयजल के लिए हैंडपंप लगा है। लोग पानी खरीद कर पीने के बजाय इस पानी का उपयोग कर सकते हैं। कहा कि रविवार को अस्पताल के पास बाजार लगता है। गंदगी उसी की रहती है जबकि नगर पंचायत सफाई नहीं कराती।
>
> -पवन कुमार सिंह, सीएचसी अधीक्षक।

कोल्ड ड्रिंक्स में नशीला पदार्थ मिलाकर युवती को बेहोश कर दुष्कर्म किया

मुरादाबाद, अमृत विचार: मझोला थाना क्षेत्र में छात्रा को युवक ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। सारे प्रकरण का वीडियो भी बना लिया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

थाना क्षेत्र के निवासी युवती का प्रेम प्रसंग शाहपुर तिगरी निवासी अमन से चल रहा था। अमन उसके स्कूल आते-जाते पीछा करता था। इसी दौरान आरोपी अमन घर पहुंच गया। आरोप है कि अमन ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर छात्रा को पिला दिया। जिसे पीने के बाद वह बेहोश हो गई। इसी दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से वीडियो बना ली। कुछ फोटो भी खींच लिए। छात्रा ने होश में आने पर विरोध किया। इसके बाद आरोपी ने उसे वीडियो दिखाई और धमकी दी कि अगर किसी से शिकायत करेगी तो वीडियो वायरल कर दूंगा। इसके बाद आरोपी ने छात्रा को ब्लैकमेल कर कई बार दुष्कर्म किया।

प्लॉट पर कब्जे के मामले में दूर-दूर तक जुड़ रहे हैं सत्ता से तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गिरधारी पप्पू, पप्पू भरतौल के बाद अब विवाद में राजस्थान के कृषि राज्यमंत्री भी कूदे
- मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, भूमाफिया और अपराधियों पर कार्रवाई की मांग

अमृत विचार : पीलीभीत बाईपास पर 15 करोड़ के प्लॉट पर कब्जे के लिए सड़क पर दो घंटे तक गोलीबारी और आगजनी की घटना के तार दूर-दूर तक सत्ता से जुड़ रहे हैं। उत्तराखंड की मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी पप्पू और पूर्व विधायक पप्पू भरतौल के बाद अब राजस्थान के कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने भी इस मामले में दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर प्लॉट पर अपराधियों के दम पर कब्जा करने की कोशिश करने के मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

राजस्थान के कृषि राज्यमंत्री के पत्र के साथ इस प्रकरण में एक नया नाम शुभ अजमेरा भी सामने आया है।

राज्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि शुभ उनके विधानसभा क्षेत्र किशनगढ़ के शिवाजीनगर का रहने वाला है और बरेली में मार्बल का कारोबार करता है। जमीन कब्जाने के लिए स्थानीय अपराधियों और माफिया ने 22 जून की सुबह उसके किराए पर लिए गोदाम में रखी मार्बल की थप्पियों और स्लैब में तोड़फोड़ कर करीब डेढ़ करोड़ का नुकसान किया है।

शुभ अजमेरा ने भी की शिकायत

बरेली, अमृत विचार : शुभ अजमेरा विवादित प्लॉट पर टाइल्स और मार्बल का कारोबार कर रहे आदित्य उपाध्याय का पार्टनर है। सोमवार को उसने भी एडीजी और एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। इसमें उसने राजीव राणा, केपी यादव समेत कई लोगों को नामजद करते हुए उसके मार्बल गोदाम में तोड़फोड़ कर डेढ़ करोड़ के नुकसान का आरोप लगाया है और कार्रवाई की मांग की है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलाजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अब जालसाजी से मुक्त होगी संपत्ति की खरीद-फरोख्त

नये फीचर्स के साथ जल्द ऑनलाइन उपलब्ध होंगे ई-स्टाम्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : अब संपत्ति की खरीद-फरोख्त अथवा एग्रीमेंट में स्टाम्प-पेपर की जालसाजी नहीं हो सकेगी। इतना ही नहीं स्टाम्प पेपर की कालाबाजारी और कमीशनखोरी पर भी अंकुश लगेगा। राज्य सरकार ई-स्टाम्प को और अधिक सुरक्षित बनाने जा रही है। इसके लिए स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग की तैयारियां पूरी हैं। शुरुआत में छोटी रकम के ई-स्टाम्प के जरिए इस सुविधा का लाभ जनता को देने की तैयारी है।

दरअसल, इन ई-स्टाम्प को आधार कार्ड के जरिए ऑनलाइन सत्यापित करने के बाद पर्सनलाइज्ड करके उसी आधार कार्ड धारक के द्वारा के प्रयोग के लिए प्राप्त किया जा सकेगा। इससे जाली स्टाम्प के डर से पूरी तरह से

मुक्ति मिल जाएगी। विभाग ई-स्टाम्प के नये प्रारूप की डिजाइन भी फाइनल कर चुका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर फिलहाल 100 रुपए से कम के ई-स्टाम्प को लेकर ये प्रयोग किया जाएगा। नये प्रारूप की रूपरेखा और ई-स्टाम्प को सुरक्षित रखने के लिए 9 प्रकार के विशेष नये सिक्योरिटी फीचर्स इस्तेमाल में लाए गये हैं। इसमें 1-डी बार कोड, स्टैटिक लाइन, स्टैटिक एसडी अमाउंट, टेक्स्ट थ्रेड, एएसवाईएम सर्टिफिकेट आईडी, खरीददार का नाम, सिंगल लेयर लोगो, टेक्स्ट थ्रेड डेट, टेक्स्ट

- **ई-स्टाम्प को ज्यादा सुरक्षित बनाएगी राज्य सरकार**

रिबन और बीजी का उपयोग किया गया है। इसके जरिए जाली स्टाम्प बनाना असंभव हो जाएगा। 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार 100 रुपए से अधिक मूल्य के 47 लाख से अधिक ई-स्टाम्प जारी किये गये, वहीं 100 रुपए से कम मूल्य के 2 करोड़ 56 लाख से अधिक ई-स्टाम्प पेपर जारी किये जा चुके हैं। माना जाता है कि छोटे मूल्य के स्टाम्प पर कमीशन कम होता है, अक्सर ऐसी शिकायतें भी मिलती हैं कि कुछ वेंडर छोटे मूल्य के स्टाम्प की किल्लत बताकर कालाबाजारी का भी प्रयास करते हैं। अब छोटे मूल्य के ई-स्टाम्प की उपलब्धता के बाद इस प्रकार की परेशानियों से भी छुटकारा मिलेगा।

बंद चार इकाइयां चालू, पर बिजली संकट बरकरार

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में बिजलीघरों की बंद चल रही छह इकाइयों में से चार इकाइयां चालू हो गईं, पर दो इकाइयां अभी भी ठप हैं। इस बीच ओबरा की एक इकाई ठप हो गई है। तीन इकाइयों के ठप होने के कारण प्रदेश में बिजली संकट बना हुआ है। साथ ही, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति के बाधित होने का सिलसिला जारी है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई है। इस इकाई को चालू करने के लिए प्रयास शुरू हो गए हैं। इसी तरह, पहले से बंद चल रही बारा की 660 मेगावाट व मेजा की 660 मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां अभी चालू नहीं हो पाई हैं। इन इकाइयों को भी चालू करने के लिए प्रयास जारी हैं। बिजली अभियंताओं ने सोमवार की देर रात तक इकाइयों के चालू होने की संभावना जताई।

राजस्व की प्राप्ति में फिसड्डी 30 जिलों को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **कम राजस्व पर बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मुरादाबाद समेत 29 जिलों को चेतावनी**

अमृत विचार : राजस्व प्राप्ति में फिसड्डी रहने पर महानिरीक्षक (आईजी) निबंधन डॉ. रुपेश कुमार ने लखनऊ, गोरखपुर व कानपुर समेत 30 जिलों के सहायक महानिरीक्षक (एआईजी) को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि और बरेली, मुरादाबाद समेत 29 जिलों के सहायक महानिरीक्षक को चेतावनी दी है।

महानिरीक्षक ने शिविर कार्यालय लखनऊ में 1 से 15 जून तक स्टाम्प और निबंधन शुल्क प्राप्ति की जिलों से ऑनलाइन रिपोर्ट तलब की। इन 15 दिवसीय कार्यों में 300 करोड़ से अधिक वार्षिक लक्ष्य वाले 25 में 10 जिलों लखनऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, फिरोजाबाद, जौनपुर, अलीगढ़ व देवरिया में सबसे कम राजस्व प्राप्ति पाई गई। इसी तरह वार्षिक लक्ष्य 200 से 300 करोड़ वाले 22 में 10 जिले अमरोहा, बहराइच, प्रतापगढ़. सीतापुर, हरदोई, इटावा, लखीमपुर खीरी, गाजीपुर, बलिया व रायबरेली सबसे पीछे रहे। इसके अलावा वार्षिक लक्ष्य 200 करोड़ वाले 28 में 10 जिलों कानपुर देहात, सोनभद्र कासगंज, अमेठी, फतेहपुर, चंदौली, एटा, फर्रुखाबाद, मैनपुरी व कन्नौज की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। इस पर सोमवार को महानिरीक्षक ने फिसड्डी इन 30 जिलों के सहायक महानिरीक्षक को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी। दूसरी ओर 43 फीसदी से कम राजस्व प्राप्ति होने पर बरेली, मुरादाबाद, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, चित्रकूट, बस्ती, संभल, झांसी, औरैया, बांदा, सुल्तानपुर, बलरामपुर, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, हमीरपुर, ललितपुर, श्रावस्ती, संत रविदास नगर, अंबेडकरनगर, संतकबीर नगर, हाथरस व मऊ आदि के इन जिलों के सहायक महानिरीक्षक को चेतावनी दी गई है।

सार-संक्षेप

कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने वाले मोनू शर्मा को मिली जमानत

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में हेराफेरी करने के मामले के आरोपी मोनू शर्मा उर्फ मोनू पंडित को जमानत दे दी है। मोनू शर्मा को इस वर्ष की शुरुआत में गिरफ्तार किया गया था। मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करते हुए कोर्ट ने पाया कि उसके पास कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई, साथ ही सह-आरोपी (मोनू कुमार और रजनीश रंजन), जिन्हें आवेदक के साथ पकड़ा गया, उन्हें हाईकोर्ट की समन्वय पीठ द्वारा पहले ही जमानत पर रिहा कर दिया गया है। हालांकि कोर्ट ने आवेदक के चार अन्य मामलों से जुड़े आपराधिक इतिहास पर विचार किया, लेकिन उन्होंने पाया कि उसे उन सभी मामलों में जमानत दे दी गई है। उपरोक्त आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ ने पारित किया। उत्तर प्रदेश कांस्टेबल भर्ती एवं प्रोन्नति परीक्षा (17 और 18 फरवरी 2024 को होने वाली) का प्रश्नपत्र परीक्षा आयोजित होने से पहले ही लीक करने के आरोप में याची के खिलाफ पुलिस स्टेशन नवाबाद, झांसी में मामला दर्ज किया गया था।

वैभव कृष्ण आजमगढ़ परिक्षेत्र के नए डीआईजी बने

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में स्थानान्तरण का दौर जारी है। सोमवार की देर रात दो आईपीएस अधिकारियों का स्थानान्तरण हुआ। इसके अलावा डीजीपी मुख्यालय ने दो पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले किये हैं। गृह विभाग के प्रवक्ता के अनुसार आजमगढ़ के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार को इसी पद पर ईओडब्लू लखनऊ में तैनाती दी गयी है, जबकि सुरक्षा में तैनात पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण को आजमगढ़ परिक्षेत्र का डीआईजी बनाया गया है। गौतमबुद्धनगर में एसएसपी के पद पर तैनात रहने के दौरान वैभव कृष्ण पर गंभीर आरोप लगे थे, जिसमें वह काफी समय तक निलंबित रहे। इसके अलावा पुलिस महानिदेशक मुख्यालय द्वारा किये गये पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले के क्रम में विकास श्रीवास्तव को सहायक आयुक्त वाराणसी से सुरक्षा मुख्यालय लखनऊ और एलआईयू गोरखपुर में तैनात पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक कुमार राहुल को सहायक पुलिस आयुक्त कानपुर नगर भेजा गया है।

शोहदों से परेशान, पुलिस से निराश किशोरी ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- **गांव के दो सगे भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज, एक गिरफ्तार**

अमृत विचार : शोहदों की छेड़छाड़ से परेशान और पुलिस के कार्रवाई न करने से आहत किशोरी ने 23 जून की शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि कई बार पुलिस से गुहार लगाई, तहरीर भी दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

आरोप है कि थाने पहुंचे मां-बाप से पुलिसकर्मियों ने मारपीट भी की। यह घटना मऊ थानांतर्गत एक गांव की है। यहां की निवासी महिला ने बताया कि उसकी 16 वर्षीया बेटी 10वीं की छात्रा थी। वह साइकिल से गांव से लगभग दस किमी दूर कॉलेज में पढ़ने जाती थी। गांव के सगे भाई रंगीलाल और मुन्नीलाल उसकी बेटी से छेड़खानी करते थे। उसने कई बार थाने में शिकायत भी की पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि पुलिस वालों ने शिकायत करने गए माता-पिता की पिटाई कर दी। इसके बाद शोहदे आए दिन उसे छेड़ने लगे। उसका घर से निकलना दूभर हो गया। इससे क्षुब्ध होकर 23 जून की शाम उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

परिणय सूत्र में बंधे पुरुष व महिला सिपाही, विवाद खत्म

उन्नाव, अमृत विचार : सदर कोतवाली में तैनात एक आरक्षी का सहकर्मी महिला आरक्षी से काफी अर्से से प्रेम-संबंध था। आरोप है कि बीते कुछ समय से पुरुष आरक्षी ने युवती से दूरी बना ली तो उसने कोतवाली में बीती 19 जून को रिपोर्ट दर्ज करा दी। जेल जाने की संभावना और बढ़ती मुसीबत देख आरक्षी शादी के लिए तैयार हो गया। युवती ने एफआर के लिए हलफनामा दे दिया था। सोमवार को मगरवारा चौकी इंचार्ज इंद्रदेव उपाध्याय व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ दोपहर दोनों गोकुल बाबा मंदिर पहुंचे। वहां आचार्य की मौजूदगी में मंत्रों के साथ अग्नि को साक्षी मान दोनों ने सात फेरे लिये और एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। इस दौरान पुरुष सिपाही के परिवार से तो उसके भाई और अन्य परिजन थे लेकिन महिला सिपाही के परिवार से दो तीन महिलाएं ही रहीं।

एक फीट जमीन के लिए बड़े भाई को मार डाला

संवाददाता, औरास (उन्नाव)

अमृत विचार : औरास थानांतर्गत प्रताप खेड़ा गांव में मात्र एक फीट जमीन के विवाद में सोमवार सुबह छोटे भाई ने अपने बेटे के साथ मिलकर बड़े भाई को डंडे व फावड़े से हमला कर मार डाला। बचाने आई उसकी पत्नी व सबसे छोटे भाई को भी घायल कर दिया। पुलिस ने हत्यारोपी पिता-पुत्र को हत्या की रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया।

मजरा प्रतापखेड़ा गांव निवासी गुरुचरण (57) का अपने छोटे भाई रामकिशोर से घर के अंदर सहन की एक फीट जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसकी शिकायत पुलिस के पास भी पहुंची थी। जिस पर दोनों को पाबंद किया गया था। सोमवार को इसी विवादित जगह मिट्टी डालने की बात पर दोनों में कहासुनी शुरू हुई और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। इस पर रामकिशोर के बेटे अखिलेश ने ताऊ गुरुचरण के सिर पर डंडा मार दिया। रामकिशोर ने भी फावड़े के बेंत से गुरुचरण के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए जिससे गुरुचरण की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद ग्रामीण इकट्ठा हो गए जिससे हत्यारोपी भाग नहीं सके।

तीन सिपाहियों को 10-10 साल की जेल

संवाददाता, सीतापुर

- **वर्ष 2003 में पुलिस कस्टडी में मौत का मामला**

अमृत विचार : पुलिस अभिरक्षा में युवक द्वारा फांसी लगाये जाने के मामले में आरोपी तीन आरक्षियों को एससी/एसटी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश मो. शफीक ने दोषी करार देते हुए तीनों आरक्षियों को 10-10 साल की सजा के साथ 21-21 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

वर्ष 2003 जुलाई के मामले में कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद दो रिटायर हो चुके सिपाहियों सहित एक तैनात आरक्षी को जेल भेजा है। मामले में सुनवाई के दौरान तीनों आरक्षीजमानतपर बाहर चल रहे थे। 7 जुलाई वर्ष 2003 को रामकोट थाना इलाके के ग्राम मोहद्दीनपुरनिवासी मृतक डालचंद्र (25) न्यायालय में अपने ऊपर चल रहे एक मुकदमे की पैरवी कर वापस घर जा रहा था। रास्ते में करीब 4 बजे कचनार चौकी पर तैनात आरक्षी केशरीनंदन पटेल और आरक्षी सुरेश ने हिरासत में लेकर उसे चौकी कचनार ले गये। चौकी पर उसे गुंडा एक्ट के एक वारंट में कमरे में बंद कर दिया गया था। जहां शाम 5 बजे मृतक डालचंद्र ने कुंडे से लटक कर पुलिस अभिरक्षा में आत्महत्या कर ली। आरोपी की पुलिस अभिरक्षा में मौत के बाद पुलिस ने मृतक के भाई मैना की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की तफ्तीश शुरू की गई। न्यायालय तीनों आरोपियों को जमानत पर रखकर मामले की सुनवाई कर रहा था।

दो आरक्षी सेवानिवृत एक पोस्टेड

युवक की मौत मामले में बाद तीनों आरक्षियों का अलग-अलग जनपदों में तबादला हो गया था। इन आरक्षियों में आरक्षीसुरेश सिंह और आरक्षीसियाराम यादव पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हो चुके हैं जबकि आरक्षी केसरी नंदन पटेल मौजूदा समय में जनपद बहराइच के कैसरगंज थाने में तैनात थे।

धर्म दर्शन

यज्ञोपवीत के प्रवर

यज्ञोपवीत में गांठ लगाने के पहले धागे के एक छोर से लूप बनाया जाता है और दूसरे छोर को तीन या पांच बार लपेटा जाता है। ये तीन या पांच लपेटन की संख्या प्रवरों की संख्या पर निर्णीत होती है। जिन गोत्रों के पांच प्रवर होते हैं वे पांच लपेटन देते हैं। तीन प्रवर वाले तीन लपेटन देते हैं। इसके बाद धागे को लूप से ले जाकर कसा जाता है और गांठें दी जाती हैं। प्रवर गोत्र के पूर्वज ऋषियों के नाम होते हैं। उदाहरण के लिए वत्स गोत्र वालों के पांच प्रवर हैं। वे ऋषि हैं- भार्गव, च्यवन, आप्नवान, और्व और जमदग्नि। ब्रह्मा के मानस पुत्रों में सर्वश्रेष्ठ भृगु ऋषि गोत्रोत्पन्न वत्स ऋषि से यह गोत्र स्थापित हुआ। मूल ऋषि भृगु रहे। इस वंश में पांच प्रवर-भार्गव, च्यवन, आप्नवान, और्व और जमदग्नि हुए। मूल ऋषि होने के कारण भृगु ही इनके गण हुए। परशुराम इसी वंश के थे, वह जमदग्नि के कनिष्ठ पुत्र थे।

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत प्रोफेसर

यज्ञोपवीत के ये पांच प्रवर हमें याद दिलाते हैं इन ऋषियों का। हमें यह भी जानना चाहिए कि उन ऋषियों ने क्या किया था। केवल यज्ञोपवीत धारण करना काफी नहीं है। केवल नाम जानना पर्याप्त नहीं है। कुछ लोगों का कहना है कि नाम पर्याप्त होता है। यह झूठ है। कहते हैं-उल्टा नाम जपत जग जाना/वाल्मीकि भये ब्रह्म समाना। लेकिन यह बेकार बात है। छांदोग्य उपनिषद (7.1-26) में बतलाया गया है कि नाम काफी नहीं होता। कहानी कुछ यूं हैः एक बार नारद ऋषि सनत्कुमार के पास गए और उनसे ज्ञान का मार्ग दिखाने तथा सर्वोच्च सत्य की शिक्षा देने का अनुरोध किया। सनत्कुमार ने नारद जी से कहा, "मुझे बताओ कि तुम क्या जानते हो, और फिर मैं तुम्हें उससे आगे की बातें सिखाऊंगा।" तब नारद ने उनसे विनम्रतापूर्वक कहा, "मैं चारों वेदों और महाकाव्यों को जानता हूं, मैंने व्याकरण, कर्मकांड, गणित, खगोल विज्ञान, दर्शन, मनोविज्ञान, ललित कला और विभिन्न अन्य धर्मनिरपेक्ष विषयों का अध्ययन किया है, लेकिन इस सारे ज्ञान ने मुझे आत्म को जानने में मदद नहीं की है। मैंने आप जैसे आध्यात्मिक गुरुओं से सुना है कि जो व्यक्ति आत्म को जान लेता है, वह दुःख से परे चला जाता है। मैं दुःख में खोया हुआ हूं। कृपया मुझे सिखाएं कि मैं कैसे परे जाऊं।" नारद और सनत्कुमार के बीच एक बहुत लंबा संवाद है जिसके माध्यम से सनत्कुमार नारद को बताते हैं कि नारद जो कुछ भी जानते हैं वह केवल नाम है। इससे परे जाने के लिए व्यक्ति को यह जानना होगा कि नाम से बड़ा क्या है। इस उपनिषद से हम सीखते हैं कि नाम काफी नहीं है। यह शुरुआत जरूर है, लेकिन केवल नाम जपते रहने से आपको कुछ नहीं मिलना है। ब्रह्मसमाना होने का भ्रम न पालिए। तो प्रवरों के नाम जानना पर्याप्त नहीं है। अपने प्रवर ऋषियों को जानिये। उनके कामों को जानिए। उनका अनुकरण कीजिए।

ऋग्वेद और अथर्ववेद

ऋग्वेद और अथर्ववेद में पादबद्ध मंत्र हैं और इनका गान होता है। उपनिषदों का कहना है कि वाणी और प्राण का जैसा संबंध है, वैसा ही संबंध ऋचा और साम का है। ऋचा शब्द का अर्थ है-चरण युक्त मंत्र। इन मंत्रों का षड्ज, मध्यम आदि स्वरों में आलाप होता है। वेदमंत्रों के गान को ही साम कहा गया है। केवल मंत्र पाठ को ही साम नहीं माना जा सकता है और न सिर्फ गान को ही, बल्कि इन दोनों के मिश्रण को ही साम कहा गया है। स्वर-आलाप ही साम की गति है। स्वर अथवा आलाप के बिना साम नहीं होता है। साम का स्वरूप आलाप है। अतः निश्चित है कि साम शब्द से हमें उन गानों को समझना चाहिए, जो भिन्न-भिन्न स्वरों में ऋचाओं पर गाये जाते हैं। जिन ऋचाओं के ऊपर ये साम गाये जाते हैं, उनको वैदिक लोग "साम -योनि" नाम से पुकारते हैं। यहां यह ध्यान रखना चाहिए कि जिसे सामवेद संहिता कहा गया है, वह इन्हीं सामयोनि ऋचाओं का संग्रह है। यही सामवेद के रूप मे पुस्तकाकार संकलित है। सामवेद के दो प्रधान भाग हैं-आर्चिक तथा गान। आर्चिक शब्द का अर्थ है ऋचासमूह। इसके दो भाग हैं पूर्वआर्चिक तथा उत्तरार्चिक। इसमें प्रमुखतः अग्नि, इन्द्र व सोमदेव विषयक ऋक् मंत्रों का समन्वय उपस्थित किया गया है। सोम विषयक ऋचाएं पूरी तरह से ऋग्वेद के नवम् मंडल से ली गई हैं। पहले से लेकर पांचवें अध्याय तक की ऋचाओं को तो ग्राम गान कहते हैं, लेकिन छठे अध्याय की ऋचाएं अरण्य में गेय होने के कारण "अरण्यगान" कही जाती हैं। पूर्व आर्चिक के मंत्रों की संख्या 650 है उत्तरार्चिक मे 1225 मंत्र हैं। इस प्रकार सामवेद में कुल 1875 ऋचाएं हैं। सामान्य तौर पर यह आम धारणा है कि सामवेद में उपलब्ध ऋचाएं ऋग्वेद से ही गान के लिए संगृहीत की गई है, लेकिन कहीं-कहीं सामवेद और ऋग्वेद की ऋचाओं में केवल आंशिक साम्य ही देखने को मिलता है। सामवेद में लगभग 450 ऐसे मंत्र है जिन पर कोई गान नहीं है। यदि सामवेद, ऋग्वेद के बाद की रचना है, तो ऋग्वेद में अनेक स्थानों पर 'साम' का उल्लेख नहीं मिलना चाहिए। ऋग्वेद के अनेक स्थलों पर साम का उल्लेख देखा जा सकता है। इतना ही नहीं यज्ञ की सफलता के लिए होता, अध्वर्यु तथा ब्रह्मा नामक व्यक्तियों के साथ उद्गाता का काम गायन ही तो है। तब साम को अर्वाचीन किस आधार पर माना जाए? इससे यह भी आभास मिलता है कि साम संहिता के मंत्र ऋग्वेद से उधार लिए नहीं प्रतीत होते। यह उतने ही स्वतंत्र और प्राचीन हैं, जितने कि ऋग्वेद के मंत्र। इस प्रकार साम संहिता की अपनी स्वतंत्र सत्ता की पुष्टि होती है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक

वर्ग पहेली-111

बाएं से दाएं

1.1. अनाज ओसाने की क्रिया या भाव 2. अनाज ओसाने का पारिश्रमिक।

4.1. विघटन करने वाला 2. बरबाद करने वाला 3. दूर करने वाला 4. कलह या बंटवारा कराने वाला।

5.1. लकड़ी

7. रूठे या मान किए हुए किसी आत्मीय या प्रेमी को मनाने के लिए की जाने वाली कोशिश, प्रणय में होने वाला रूठना-मनाना।

ऊपर से नीचे

2.1. ईमानदार होने की क्रिया

3.1. उकेरने या खोदकर बेलबूटे बनाने का कार्य 2. नक्काशी करने की क्रिया, (एनग्रेविंग)।

4.1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।

6. आदमी, मनुष्य, व्यक्ति।



वर्ग पहेली-110 का हल

1 म	ढ़ी		2 अ		3 क
ती			व		लां
	4 प	द	ना	मि	त
	र		य		र
	का		क		
	स				5 त
6 ई	ना	म		7 तो	ड़ी

सुडोकू-24

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		8			6			1
9			5		2	4		
	7			4		2		3
		4	9				6	
1		2				5		9
	3				5	8		
3		1		5			4	
		6	7		4			8
2			8			9		

सुडोकू-23 का हल

9	2	5	3	1	6	7	4	8
4	6	1	8	7	5	3	2	9
8	7	3	9	2	4	6	5	1
7	8	6	1	4	9	5	3	2
1	3	4	5	8	2	9	7	6
2	5	9	6	3	7	8	1	4
5	1	8	4	6	3	2	9	7
6	9	7	2	5	1	4	8	3
3	4	2	7	9	8	1	6	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 25 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 23.10 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 14.32 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

मेष आज भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। अचानक आये खर्चों में कमी आयेगी। आपका मन काफी शांत रहेगा। धन से जुड़ी समस्याएं सुलझ सकती है। कीमती वस्तुओं की खरीदारी का विचार बना सकते हैं। आय के नए विकल्पों पर आप काम कर सकते हैं।

वृष आज आप मानसिक रूप से अशांत महसूस कर सकते हैं। दूसरों से अपनी तुलना न करें। इससे आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। जीवनसाथी के करियर को लेकर समस्या दूर होगी।

मिथुन आज रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को कुछ परेशानी हो सकती है। आज आपको ऐसे कार्यों से बचना चाहिए, जो आपके सिद्धान्तों के अनुरूप न हों। विपरीत लिङ्ग के जातकों के प्रति आप आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधान होकर ही वक्तव्य देने चाहिए।

कर्क आज आप सभी कार्य सम्भलकर करेंगे। गृहस्थ जीवन काफी सुखी रहेगा। अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। व्यापार में सहकर्मियों पर निर्भरता बढ़ेगी।

सिंह आज आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं। बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियों बढ़ेंगी। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर विभिन्न जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ेगा।

कन्या आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। लापरवाही के कारण आपके कई काम बिगड़ सकते हैं। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों को लेकर थोड़े असहज हो सकते हैं। सेहत को लेकर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है।

तुला आज अधिकारी वर्ग के लोग आपके काम की प्रशन्सा करेंगे। नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन को लेकर परेशानियां सुलझ सकती हैं। रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए दिन शानदार है। आज आप कुछ नया करने का विचार बनायेंगे।

वृश्चिक आज कार्यक्षेत्र में आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन उत्साहित रहेगा। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा। एसिडिटी और सिरदर्द की समस्या बढ़ सकती है। अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाये रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे।

धनु आज कार्यक्षेत्र में प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आयेंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में रहेंगे। संतान को काफी अच्छी सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी को आप काफी अच्छा समय देंगे। खरीदारी के दौरान बिल आदि का पूरा ध्यान रखें।

मकर आज आप आराम के मूड में रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने में सफलता मिलेगी। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे।

कुंभ आज जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव हानि हो सकती है। विवादित मामलों पर प्रतिक्रिया देने से बचें। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। रिश्तेदारों से झगड़ा हो सकता है।

मीन आज परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। आज वेबसीरीज और मनोरञ्जन के सन्साधनों में समय बीत सकता है। तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। कार्यक्षेत्र में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
पृथ्वी
सुबह : 10.45
हम साथ साथ है
रात : 08.12
हसीना मान जाएगी
सुबह : 10.58
विवाह
रात : 07.30

&pictures
मैड मैक्स :फरी रोड
दोपहर : 12.03
2012
शाम : 06.19

SONY PIX
लगान
दोपहर : 03.24
पथु थल
रात : 08.00

ZEE CINEMA
देवदास
सुबह : 07.32
हनुमान
शाम : 05.58

colors CINEPLEX

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को मच्छर ने काटा तो वो उसे मारने के लिए रातभर कमरे में दौड़ता रहा।

सुबह हो गई मगर मच्छर नहीं मरा।

चिंटू बोला : चलो मार नहीं पाया तो क्या हुआ,

रातभर मैंने इसे सोने भी तो नहीं दिया।

पत्नी- देखो मौसम कितना हसीन है

तुम्हारा क्या प्लान है ?

पति- मेरा तो वही है 178 में 1 जीबी का 28 दिन के लिए।

पत्नी- घुस जाओ तुम मोबाइल में पहले...

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 900 फ्लैग-1055 बोल्ड- 1115 डीएमओ- 850
रामपुर : शिवालिक-925 फ्लैग-1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से 105 रुपये मूंग साबुत : 90 से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

श्रम संगठनों के साथ बजट से पहले चर्चा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सामने बैठक में श्रमिक संघों और श्रम संगठनों ने सुझाव रखे

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर श्रम संघों और श्रमिक संगठनों के साथ बजट-पूर्व चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि इस बैठक में श्रमिक संघों और श्रम संगठनों ने अपने सुझाव दिये और विचार रखे। वित्त मंत्री ने इस बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव, वित्तीय सेवाओं के सचिव के साथ ही श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए।

आम चुनाव में मद्देनजर इसबार फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था। आम चुनाव के बाद अब फिर से सीतारमण को वित्त मंत्रालय का कार्यभार मिला है और वे अब पूर्ण बजट की तैयारियां शुरू कर दी। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई तक चलेगा। ऐसी उम्मीद है कि संसद का यह सत्र दो चरणों में संपन्न हो सकता है। इसका दूसरा चरण 22 जुलाई से 9 अगस्त तक चल सकता है तथा इसी दौरान वित्त मंत्री बजट पेश करेंगी और इस पर चर्चा कर इसे पारित कराया जायेगा।

● वित्त और राजस्व सचिवों, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय व देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार बैठक में हुए शामिल

वित्त मंत्रालय की आज बैंक प्रमुखों के साथ बैठक

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने पीएम विश्वकर्मा, जन सुरक्षा और मुद्रा योजना सहित विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए मंगलवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) प्रमुखों की बैठक बुलाई है। अध्यक्षता वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी करेंगे। बैठक में पीएम विश्वकर्मा, स्टैंडअप इंडिया, पीएम स्वनिधि और अन्य कई प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में वित्तीय समावेशन से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल सितंबर में पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की थी। इसके तहत शिल्पकारों और कारीगरों को बिना गारंटी न्यूनतम ब्याज दर पर कर्ज दी जाती है। पांच साल के लिए 13,000 करोड़ के वित्तीय परिव्यय के साथ शुरू की गई इस योजना से बुनकर, सुनार, लोहार, कपड़े धोने वाले श्रमिक और नाई सहित पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के 30 लाख परिवारों को लाभ होगा।

इन योजनाओं की बैठक में होगी समीक्षा

पीएम जनधन योजना, पीएमजेडीवाई के तहत निष्क्रिय खातों और रुपे कार्ड जारी करने की स्थिति, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 18-50 वर्ष की आयु वर्ग के उन लोगों को, जिनके पास बैंक या डाकघर खाता है, किसी कारण से मृत्यु होने पर दो लाख का बीमा कवर प्रदान करती है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 18-70 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों को दुर्घटना मृत्यु या विकलांगता के लिए दो लाख और आंशिक विकलांगता के लिए एक लाख का बीमा कवर प्रदान करती है। बैंकों ने 7 साल में स्टैंडअप इंडिया योजना के तहत 1.80 लाख से अधिक को 40,700 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी दी है। इस योजना को अब बढ़ाकर 2025 तक कर दिया गया है।

मार्च तिमाही में चालू खाता 5.7 अरब डॉलर के अधिशेष में : आरबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के चालू खाते में इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में 5.7 अरब डॉलर के अधिशेष की स्थिति रही जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 0.6% है। आरबीआई ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आरबीआई ने भारत के भुगतान संतुलन में विकास पर कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में चालू खाता में 1.3 अरब डॉलर के घाटे की स्थिति थी जो जीडीपी का 0.2%थी। अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की तिमाही में 8.7 अरब डॉलर का घाटा रहा था जो जीडीपी का 1% था। मार्च तिमाही के आंकड़े के साथ ही 2023-24 के समूचे वित्त वर्ष में चालू खाते का घाटा 23.2 अरब डॉलर पर आ गया जो जीडीपी का 0.7% है। 2022-23 में चालू खाते का घाटा 67 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 2% था। पिछले वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में वस्तु व्यापार घाटा 50.9 अरब डॉलर रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि में 52.6 अरब डॉलर से कम है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि इस खंड में 4.1% वृद्धि होने से देश की शुद्ध सेवा प्राप्तियां 42.7 अरब डॉलर रहीं जो एक साल पहले के 39.1 अरब डॉलर से अधिक है। इससे चालू खाते को अधिशेष की स्थिति में लाने में मदद मिली। आरबीआई के मुताबिक, प्राथमिक आय खाते पर शुद्ध बर्हप्रवाह, जो मुख्य रूप से निवेश आय के भुगतान को दर्शाता है, एक साल पहले के 12.6 अरब डॉलर से बढ़कर 14.8 अरब डॉलर हो गया। विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा प्रेषित धन को दर्शाने वाली निजी हस्तांतरण प्राप्तियां 11.9% बढ़कर 32 अरब डॉलर हो गईं। में यह 3.6 अरब डॉलर थी। 2023-24 की में शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश दो अरब डॉलर था, जबकि एक साल पहले यह 6.4 अरब डॉलर था।



● 4.1% वृद्धि से शुद्ध सेवा प्राप्तियां 42.7 अरब डॉलर रहीं जो एक साल पहले 39.1 अरब डॉलर से अधिक है

पेटीएम ने हवाई यात्रा के लिए बुकिंग में 19% की वृद्धि दर्ज की

नई दिल्ली। वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में हवाई यात्रा के लिए बुकिंग में सालाना आधार पर 19% की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में यह जानकारी दी।

पेटीएम का यात्रा के लिए टिकट बुकिंग कारोबार विपणन सेवा खंड के तहत आता है। कंपनी के टिकट बुकिंग का राजस्व मार्च 2024 की तिमाही में सालाना आधार पर 1% बढ़कर 395 करोड़ हो गया है। कंपनी ने कहा कि 2023-24 की चौथी तिमाही में पेटीएम ने ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर के बीच बाजार हिस्सेदारी में बढ़ोतरी को कायम रखा है। कंपनी ने उड़ान बुकिंग में 19% की वृद्धि दर्ज की है जो उद्योग की 3% की वृद्धि से कहीं अधिक है। पेटीएम के विपणन सेवा कारोबार में मुख्य रूप से टिकट बुकिंग (यात्रा, फिल्म या किसी कार्यक्रम के टिकट), विज्ञापन, क्रेडिट कार्ड मार्केटिंग और गिफ्ट वाउचर आते हैं।

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	91150
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	73800
गिन्नी (प्रति नग)	55000-55200

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	72,550
सोना रवा	72,400
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	90,100
चांदी (999)	90,000
चांदी सिक्के (100 नग)	90,5000

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	72400
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71400
सिल्वर (पक्की)	888 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	72,675
चांदी आभूषण	90,100

एसएंडपी ने भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 6.8% पर रखा कायम

नई दिल्ली, एजेंसी

● ऊंची ब्याज दरों और कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में आएगी कमी

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.8% पर कायम रखते हुए कहा है कि ऊंची ब्याज दरों और कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में कमी आएगी।

एशिया प्रशांत के लिए सोमवार को जारी आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी आर्थिक वृद्धि के साथ हैरान कर रही है और 2023-24 में यह 8.2% की दर से बढ़ी है। एसएंडपी ने कहा df हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर घटकर 6.8% पर आ जाएगी। एसएंडपी का अनुमान है कि 2025-26 और 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था क्रमशः 6.9 और 7% की दर से बढ़ेगी। चालू वित्त वर्ष के लिए एसएंडपी का वृद्धि दर का अनुमान आरबीआई के अनुमान से कम है। इससे पहले इसी महीने केंद्रीय बैंक ने अनुमान लगाया था कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2%की दर से बढ़ेगी।

गेहूं भंडारण सीमा तय, आयात शुल्क घटाने पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने सोमवार को थोक और खुदरा विक्रेताओं के साथ प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं भंडार रखने की सीमा को तय कर दिया। इसका मकसद जमाखोरी रोकना और कीमतों को काबू में रखना है। गेहूं पर स्टॉक सीमा 31 मार्च, 2025 तक वैध रहेगी। केंद्र ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि खुदरा कीमतों को नियंत्रित के लिए खाद्यान्न पर आयात शुल्क में कमी पर विचार हो सकता है। वर्तमान में गेहूं पर 40% आयात शुल्क है।

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि देश में गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता है और बाजार में सट्टेबाजी और जमाखोरी रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है। चोपड़ा ने कहा कि हम चाहते हैं कि गेहूं की कीमतें स्थिर रहें। पिछले हफ्ते केंद्र ने कीमतों पर लगाम लगाने के लिए तुअर और चना दालों पर स्टॉक सीमा लगा दी थी। चोपड़ा ने कहा कि स्टॉक सीमा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं पर लागू होगी। उन्हें हर शुक्रवार को पोर्टल पर गेहूं के स्टॉक की घोषणा करनी होगी। यदि उनके पास मौजूद स्टॉक तय सीमा से अधिक है तो उन्हें अधिसूचना के जारी होने के 30 दिनों में इसे तय सीमा तक लाना होगा।

● कीमतों को नियंत्रित करने व जमाखोरी रोकने के लिए लिया गया निर्णय : केंद्रीय खाद्य सचिव

लाइसेंस आवश्यकताएं हटाना, स्टॉक सीमाएं और निर्दिष्ट खाद्य पदार्थों पर आवाजाही प्रतिबंधों को हटाना (संशोधन) आदेश 24 जून 2024 से प्रभाव में आ गया है। यह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 मार्च, 2025 तक लागू रहेगा। स्टॉक सीमा प्रत्येक इकाई पर व्यक्तिगत रूप से लागू होगी। जैसे व्यापारी/थोक व्यापारी- 3000 टन, बड़े खुदरा श्रृंखला विक्रेता- प्रत्येक बिक्रीकेन्द्र के लिए 10 टन तथा उनके सभी डिपो और प्रोसेसर के लिए 3000 टन है। इस महीने की शुरुआत में, केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने अपने तीसरे अनुमान में फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) के लिए गेहूं उत्पादन को संशोधित कर रिकॉर्ड 11 करोड़ 29.2 लाख टन कर दिया।

राष्ट्रीय

10 साल के अघोषित आपातकाल को भूल गए मोदी : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री आज ज्यादा बोले, इसे कहते हैं रस्सी जल गई, बल नहीं गया

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने 50 साल पहले के आपातकाल का जिक्र किया, लेकिन 10 वर्षों के उस अघोषित आपातकाल को भूल गए जिसका जनता ने इस लोकसभा चुनाव में अंत कर दिया है।

उन्होंने कहा कि देश को उम्मीद थी कि संसद सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नीट एवं अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलेंगे, लेकिन उन्होंने मौन साध लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने आपातकाल को लोकतंत्र पर लगा काला धब्बा करार देते हुए सोमवार को कहा कि इसकी 50वीं बरसी पर देशवासी यह संकल्प लें कि फिर कभी कोई ऐसा कदम उठाने की हिम्मत नहीं करे। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र पर संसद परिसर में प्रधानमंत्री ने यह बात कही। खरगे ने एक्स पर पोस्ट कर कहा किप्रधानमंत्री मोदी अपने रस्मी संबोधन में आज ज़रुरत से ज्यादा बोले। इसे कहते हैं, रस्सी जल गई, बल नहीं गया। उन्होंने कहा कि देश को आशा थी कि मोदी महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलेंगे। नीट व अन्य भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक के बारे में युवाओं के प्रति कुछ सहानुभूति दिखाएंगे, पर उन्होंने अपनी सरकार की धांधली व भ्रष्टाचार की कोई ज़िम्मेदारी नहीं ली। हाल ही में हुई पश्चिम बंगाल की रेल दुर्घटना के बारे में भी मोदी मौन रहे। मणिपुर 13 महीनों से हिंसा की चपेट में है पर मोदी न वहां गए और ना कोई चिंता व्यक्त की है। असम व पूर्वोत्तर में बाढ़ हो, महंगाई हो, रुपये का गिरना हो, एग्जिट पोल-स्टॉक बाजार घोटाला हो, जातिगत जनगणना पर भी मोदी बिलकुल चुप थे। उन्होंने कहा कि मोदी विपक्ष को नसीहत दे रहे हैं।

● प्रधानमंत्री मोदी ने नीट एवं अन्य परीक्षओं में पेपर लीक पर मौन साध लिया

इंडिया समूह ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू होते ही इंडिया समूह के नेताओं ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेताओं ने इसमें हिस्सा लिया। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हम लोकतंत्र के संरक्षक हैं। हम संविधान की रक्षा और उसे कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान अखिलेश यादव और डिंपल यादव समेत सपा के कई नेता भी संविधान की प्रति लेकर संसद पहुंचे। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब सोमवार और मंगलवार को नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाएंगे।

भाजपा को कोई समर्थन नहीं : पटनायक

भुवनेश्वर। बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने सोमवार को पार्टी के नौ राज्यसभा सदस्यों के साथ बैठक की और उनसे 27 जून से शुरू होने वाले संसद के ऊपरी सदन के सत्र के दौरान जीवंत और मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में पटनायक ने सांसदों से राज्य के हितों से संबंधित मुद्दों को उचित तरीके से उठाने को भी कहा। राज्यसभा में पार्टी के नेता सस्मित पात्रा ने कहा कि इस बार बीजद सांसद केवल मुद्दों पर बोलने तक सीमित नहीं रहेंगे, अगर ओडिशा के हितों की अनदेखी होती है तो वह आंदोलन करने के लिए दृढ़ हैं।

तमिलनाडु शराब हादसे पर खरगे को नड्डा ने लिखा पत्र, कांग्रेस की चुप्पी पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर तमिलनाडु में जहरीली शराब हादसे पर उनकी पार्टी की चुप्पी पर सवाल उठाया। नड्डा ने लिखे पत्र में कहा कि तमिलनाडु शराब त्रासदी मानव जनित आपदा है और अगर सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन की सरकार और माफिया के बीच सांठगांठ नहीं होती तो 56 लोगों की जान बचाई जा सकती थी।

नड्डा ने कहा कि शराब त्रासदी के बाद करुणापुरम गांव में जलती चिताओं की भयावह तस्वीरों ने देश को झकझोर दिया है। मैं हैरान हूं कि कांग्रेस ने इस पर चुप्पी साध रखी है। नड्डा ने खरगे से कहा कि वह सीबीआई जांच और राज्य के मद्य निषेध एवं आबकारी मंत्री एस मुथुसामी को उनके पद से तत्काल हटाने का अनुरोध करें।

शराब कांड की सीबीआई से कराएं जांच : भाजपा

चेन्नई। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई की अगुवाई में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्यपाल आरएन रवि से भेंटकर उनसे 53 लोगों की जान लेने वाली कल्लाकुरिचि अवैध शराब त्रासदी की सीबीआई जांच की मांग की। अन्नामलाई ने एक्स पर दावा किया कि इस त्रासदी से 60 लोगों की जान गयी है। उन्होंने मद्यनिषेध एवं आबकारी विभाग के मंत्री एस मुथुस्वामी को इस प्रकरण के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए रवि से मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने का निर्देश देने की भी अपील की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलसाई सौंदर्यराजन भी थीं।

शराब त्रासदी के खिलाफ अन्नाद्रमुक का प्रदर्शन

तमिलनाडु में प्रमुख विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने जहरीली शराब पीने से लोगों के मारे जाने के विरोध में सोमवार को राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने सीबीआई जांच और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से इस्तीफे की मांग की। विपक्ष के नेता और अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ काली शर्ट पहनकर कल्लाकुरिची में विशाल विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया।

एक नजर

टॉय ट्रेन का डिब्बा पलटने से बच्चे की मौत

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के मॉल में टॉय ट्रेन का डिब्बा पलट जाने से उसमें सवार 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना शनिवार रात एलांटे मॉल में हुई, जहां पंजाब के नवांशहर के बलाचौर से यह बच्चा परिवार के साथ घूमने आया था। घटना का फुटेज सोशल मीडिया पर सामने आया है। शहबाज आखिरी डिब्बे में बैठा था, जो टॉय ट्रेन के मुड़ने ये पलट गया, जिससे लड़के के सिर में चोटें आईं। उसको सेक्टर-32 स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

एक नक्सली गिरफ्तार

गया। बिहार में गया जिला पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के सदस्य गोरेलाल रवानी को गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने सोमवार को यहां बताया कि 14 जून को जिले के कोंच थाना क्षेत्र के कमल बिगहा गांव में पूर्व नक्सली की हत्या की गई थी। इसके बाद कोंच थाना में प्राथमिक भी दर्ज की गई थी। अनुसंधान के क्रम में गया पुलिस, औरंगाबाद पुलिस और एसटीएफ की टीम ने पूर्व में चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। गोरेलाल रवानी भी उक्त हत्याकांड में शामिल था, जो कुछ माह पहले ही जेल से छूटा था।

वीवीआईपी के लिए फुटपाथ खाली कराते हैं तो सबके लिए क्यों नहीं

मुंबई, एजेंसी

बंबई हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि जब प्रधानमंत्री और अन्य अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीवीआईपी) के लिए सड़कों और फुटपाथ को एक दिन के लिए खाली कराया जा सकता है तो सभी लोगों के लिए क्यों रोज ऐसा नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति एमएस सोनक और न्यायमूर्ति कमल खता की खंडपीठ ने कहा कि साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित स्थान हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और इसे मुहैया कराना राज्य प्राधिकरण का दायित्व है। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार के केवल यह सोचने भर से नहीं चलेगा कि शहर में फुटपाथों पर अतिक्रमण करने वाले अनाधिकृत फेरीवालों की समस्या के समाधान के लिए क्या किया जाए। उन्हें (राज्य सरकार) अब इस दिशा में कुछ कठोर कदम उठाने होंगे। कोर्ट ने पिछले वर्ष शहर में अनाधिकृत रेहड़ी और फेरीवालों के मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया था। पीठ ने सोमवार को कहा कि उसे पता है कि समस्या बड़ी है लेकिन राज्य और नगर निकाय सहित अन्य अधिकारी इसे ऐसे ही नहीं छोड़ सकते। पीठ ने इस मुद्दे पर कार्रवाई का आह्वान किया।

अदालत ने कहा, जब प्रधानमंत्री या वीवीआईपी आते हैं तो सड़कें और फुटपाथ साफ कर दिए जाते हैं और जब तक वे रहते हैं, तब तक ऐसा रहता है। तब यह कैसे हो जाता है? यह बाकी लोगों के लिए क्यों नहीं हो जा सकता? नागरिक कर देते हैं, उन्हें साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित जगह की जरूरत है जो मौलिक अधिकार है।

बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के वरिष्ठ वकील एसयू कामदार ने कहा कि ऐसे रेहड़ीवालों और फेरीवालों पर समय-समय पर कार्रवाई होती है लेकिन वे फिर वापस आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि बीएमसी भूमिगत बाजार के विकल्प पर भी विचार कर रही है। अदालत मामले पर अगली सुनवाई 22 जुलाई को करेगी।

● चलने के लिए सुरक्षित स्थान हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार: बंबई हाईकोर्ट

फैशन डिजाइनर को धमकियां मिलने पर मिली सुरक्षा

स्वर्ण मंदिर में योग

वडोदरा (गुजरात), एजेंसी

वडोदरा की फैशन डिजाइनर को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में योग करने के बाद जान से मारने की धमकियां मिलने पर पुलिस ने सुरक्षा मुहैया कराई है।

फैशन डिजाइनर और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर अर्चना मकवाना ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को स्वर्ण मंदिर में शीर्षासन किया और इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दीं। इसके बाद मकवाना को मारने की धमकियां भी मिलीं। मकवाना ने इसके लिए माफी मांगी और कहा कि उनका इरादा किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का नहीं था। पंजाब पुलिस ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की शिकायत पर रविवार को मकवाना के खिलाफ मामला दर्ज किया। शीर्ष गुरुद्वारा संस्था ने अपने तीन कर्मचारियों को लापरवाही पर निलंबित कर दिया है। वडोदरा पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मकवाना को रविवार से एक हफ्ते की अवधि के लिए पुलिस सुरक्षा दी गई है जिसे जरूरत पर बढ़ाया जा सकता है। सोशल मीडिया पर पोस्ट तस्वीरों को मकवाना हटा दिया और एक वीडियो पोस्ट कर माफी मांगी। मकवाना ने कहा कि उन्होंने एकता तथा फिटनेस का संदेश फैलाने के लिए पवित्र स्थल पर योग किया।

बिल्ली के बच्चे को ऊंची इमारत से फेंकने वाले के खिलाफ केस

कोलकाता। कोलकाता में ऊंची इमारत में अपने अपार्टमेंट से कथित रूप से बिल्ली के बच्चे को फेंककर उसे मारने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोलकाता के टांगरा पुलिस स्टेशन में आरोपी की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई है। पशुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था पीपल फोर एथिकल ट्रीटमेंट आफ एनीमल्स (पेटा) के बयान के अनुसार आरोपी की पत्नी फबीहा हाशमी ने दर्ज शिकायत में पुलिस को बताया है कि घरेलू झगड़े के दौरान गुस्से में आकर आरोपी ने बिल्ली के बच्चे को 13वीं मंजिल पर स्थित अपार्टमेंट की खिड़की से नीचे फेंक दिया, जिससे उसकी तत्काल मौत हो गई। हालांकि आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच जारी रहेगी।

असम के मोरीगांव में सरकारी भूमि से 1,500 परिवार बेदखल

मोरीगांव (असम), एजेंसी

● वन और रेलवे की जमीन पर अवैध रुप से बसे लोगों को खाली करने के लिए प्रशासन ने कहा

असम के मोरीगांव जिले में वन और रेलवे की जमीन पर अवैध रुप से बसे 1,500 परिवारों को यह क्षेत्र खाली करने के लिए कहा गया है। जिला आयुक्त देवाशीष शर्मा ने सोमवार को बताया कि 10,000 लोगों के ये परिवार जागीरोड के सिलभंगा गांव में सरकारी जमीन पर बस हैं। इस क्षेत्र के लोगों को 12 जून को नोटिस दिया गया था, जिसमें लोगों को 10 दिन में जमीन खाली करने के लिए कहा गया है। अधिकतर परिवारों ने इस आदेश का पालन किया है। देवाशीष शर्मा ने बताया कि इनमें से कुछ परिवार के बच्चे अलग-अलग परीक्षाओं में शामिल होने वाले हैं, जिसके लिए उन्होंने समय मांगा है। मानवीय व्यवहार के तौर पर हमने परीक्षा खत्म होने तक उनके रहने का इंतजाम करने का फैसला किया है।

जिला आयुक्त ने कहा कि प्रशासन इस जमीन को बल प्रयोग और ध्वस्त किए बगैर खाली कराने के लिए काम कर रही है। लोग ऐसा करने के लिए सहमत हैं। उनमें से 80 प्रतिशत लोगों ने पहले कब्जा की गई भूमि से अपना सामान हटा लिया है।

मार्च के दौरान दो दर्जन छात्र पुलिस हिरासत में

नीट-यूजी, यूजीसी-नेट

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट-यूजी में अनियमितताओं और यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने के खिलाफ सोमवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे दो दर्जन से अधिक छात्रों को हिरासत में लिया गया, जिनमें से कुछ कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई के थे। एनएसयूआई ने संसद तक जुलूस निकालने की योजना बनाई थी। छात्र तख्तियां और एनएसयूआई के झंडे लेकर जंतर-मंतर पर छात्र संसद घेराव के लिए एकत्र हुए। विरोध प्रदर्शन से पहले पुलिस ने छात्रों को जुलूस निकालने से रोकने के लिए इलाके में बैरिकेड लगा दिए। मौके पर अर्धसैनिक बलों सहित दिल्ली पुलिस तैनाती थी। प्रदर्शन के दृश्यों के अनुसार कुछ छात्रों ने बैरिकेड को पार करने की कोशिश की। एक अधिकारी ने बताया कि चूंकि मार्च के लिए अनुमति नहीं दी गई थी, इसलिए पुलिस उन्हें हिरासत में लेकर विभिन्न थानों में ले गई। इससे पहले पुलिस अधिकारियों ने कहा था कि इस तरह के जुलूस को निकालने की अनुमति नहीं दी गई है और ऐसा करने के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

परीक्षा रद करने वाली याचिका पर केंद्र से जवाब तलब

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट)-स्नातक में अनियमितताओं के बीच परीक्षा को रद करने संबंधी याचिकाओं पर सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। मामले की सुनवाई 10 जुलाई को होगी। उच्चतम न्यायालय में आठ जुलाई को नीट-स्नातक परीक्षा 2024 को रद करने और अदालत की निगरानी में जांच कराने का अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई होनी है, जिसके दो दिन बाद राजस्थान हाईकोर्ट इस पर सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति अशोक जैन ने एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ताओं के वकील रामप्रताप सैनी ने बताया कि अदालत ने मामले पर 10 जुलाई को सुनवाई निर्धारित की है। दिन के समय उच्च न्यायालय में चार याचिकाओं पर सुनवाई हुई।

वेस्टइंडीज को बाहर करके अफ्रीका सेमीफाइनल में

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

स्पिनर तबरेज शम्सी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित रोमांचक मैच में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस नियम से तीन विकेट से हराकर टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

इस मैच में हार से सह मेजबान वेस्टइंडीज टूर्नामेंट से बाहर हो गया। शम्सी ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्हें दो अन्य स्पिनरों केशव महाराज (24 रन देकर एक विकेट) और कप्तान एडन मार्करम (28 रन देकर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला जिससे दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट पर 135 रन ही बनाने दिए। वेस्टइंडीज की तरफ से रोस्टन चेज ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने जब दो विकेट पर 15 रन बनाए थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा था।

खेल दोबारा शुरू होने पर दक्षिण अफ्रीका के सामने डकवर्थ लुईस प्रणाली से 17 ओवर में 123 रन बनाने का नया लक्ष्य रखा गया। अफ्रीका ने 16.1 ओवर में सात विकेट पर 124 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। उसने सुपर-8 में अपने तीनों मैच जीते और ग्रुप 2 में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस ग्रुप से इंग्लैंड चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। अफ्रीका ने बारिश के कारण खेल रुकने से पहले अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों रीजा हेंडरिक्स (00) और क्विंटन डिकॉक (12) के विकेट गंवा दिए थे। बारिश थमने के बाद जब खेल शुरू हुआ तो मार्कराम (18), ट्रिस्टन स्टब्स (27 गेंदों में 29 रन) और हेनरिक क्लासेन (10 गेंदों में 22 रन) ने जिम्मेदारी संभाली।

चेज ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट लिए लेकिन उनका यह ऑलराउंड प्रदर्शन भी वेस्टइंडीज को जीत दिलाने में नाकाम रहा।

दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज तबरेज शम्सी विकेट लेने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

टी-20 वर्ल्ड कप
- **डकवर्थ लुईस के नियम से दक्षिण अफ्रीका ने विंडीज को तीन विकेट से हराया**

नयी टीम दबाव से पार पाना जानती है : शम्सी

नॉर्थ साउंड। लंबे समय से 'चोकर्स' का ठप्पा झेल रही दक्षिण अफ्रीका टीम के स्पिनर तबरेज शम्सी ने कहा कि 'नयी दक्षिण अफ्रीका' टीम ने इस टी-20 विश्व कप में दबाव का सामना बखूबी किया है। एडेन मार्क्रम की टीम टूर्नामेंट में अपराजेय रही है जबकि लगभग सभी मैचों में उसने करीबी जीत दर्ज की है। दक्षिण अफ्रीका ने नेपाल को एक रन से, बांग्लादेश को चार रन से और इंग्लैंड को सात रन से हराया। रविवार को उसने मेजबान वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। शम्सी ने मैच के बाद कहा कि कई मैच काफी करीबी रहे जो नहीं होने चाहिये थे। लेकिन खुशी की बात यह है कि यह नयी दक्षिण अफ्रीका टीम है जो दबाव के आगे घुटने नहीं टेकती।

03 विकेट लेकर 27 रन देने वाले तबरेज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया

22 रन की पारी तूफानी पारी खेली हेनरिक क्लासेन ने

06 अंकों के साथ अफ्रीका ग्रुप-2 में पहले नंबर पर

सुपर-8 अंक तालिका

ग्रुप-1

टीमें	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
भारत	3	3	0	6	2.017
ऑस्ट्रेलिया	3	1	2	2	-0.331
अफगानिस्तान	2	1	1	2	-0.650
बंगलादेश	2	0	2	0	-2.489

ग्रुप-2

टीमें	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
दक्षिण अफ्रीका	3	3	0	6	0.599
इंग्लैंड	3	2	1	4	1.992
वेस्टइंडीज	3	1	2	2	0.963
अमेरिका	3	0	3	0	-3.906

52 रन की पारी खेली वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज ने

81 रन की शानदार साझेदारी की वेस्टइंडीज के काइल मेयर्स और रोस्टन ने

खेल डायरी

अदिति व दीक्षा ने ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

नयी दिल्ली। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के टिकट हासिल कर लिया। दोनों महिला खिलाड़ियों से पहले शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर (पुरुष वर्ग) ने भी ओलंपिक के लिए टिकट पहले ही पक्का कर चुके हैं। इससे चार सदस्यीय भारतीय टीम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होने वाले खेलों में चुनौती पेश करेंगी। अदिति पहली भारतीय गोल्फर है जो तीसरी बार देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। दीक्षा दूसरी बार तो वहीं शुभंकर और भुल्लर पहली बार इन खेलों में चुनौती पेश करेंगे।

सिनर ने ग्रास कोर्ट पर पहला खिताब जीता

हाले (जर्मनी)। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में ह्यूबर्ट हुरकाज को सीधे सेटों में हराकर ग्रास कोर्ट पर अपना पहला खिताब जीता। इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी सिनर ने टाइब्रेकर तक खिंचे दोनों सेट में पोलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वी को 7-6(8), 7-6(2) से हराकर विंबलडन की अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम दिया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर ने कहा कि मैं जानता था कि मैं अच्छी सर्विस कर रहा हूं। मैं यह टूर्नामेंट जीत कर बहुत खुश हूं क्योंकि मैंने पहली बार ग्रास कोर्ट पर खिताब जीता है।

पेगुला ने पांच मैच प्वाइंट बचाकर खिताब जीता

बर्लिन। जेसिका पेगुला ने आखिर तक हार न मानने के अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश करते हुए पांच मैच प्वाइंट बचाकर बर्लिन लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने फाइनल में अन्ना कलिन्स्काया को 6-7(0), 6-4, 7-6(3) से हराया। पेगुला का इस वर्ष का यह पहला और करियर का पांचवा डब्ल्यूटीए खिताब है। ग्रास कोर्ट पर अपने करियर का पहला खिताब जीतने वाली पेगुला ने कहा कि मैंने इस सप्ताह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया तथा ग्रास कोर्ट पर अच्छा खेल दिखाने वाली खिलाड़ियों को हराया।

भारत की अगुआई करेगी त्रीशा और गायत्री की जोड़ी

फोर्ट वर्थ (अमेरिका)। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में मंगलवार से यहां शुरू हो रहे अमेरिकी ओपन बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में उपविजेता रही विश्व की 24वें नंबर की भारतीय जोड़ी त्रीशा और गायत्री को इस सुपर 300 टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता मिली है। त्रीशा और गायत्री को बाई के बाद सीधे प्री क्वार्टर फाइनल में जगह मिली है।

रोहित ने कंगारुओं को किया हिट

भारत ऑस्ट्रेलिया को 24 रन हराकर सेमीफाइनल में, शर्मा सबसे तेज रिकॉर्ड शतक लगाने से चूके

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

रोहित शर्मा की (92) रनों की कप्तानी पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम सोमवार को टी-20 विश्वकप में सुपर आठ ग्रुप-एक के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हरा कर सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 206 रनों का लक्ष्य दिया था। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था।

बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और जॉश हेजलवुड ने पहले ही ओवर में कोहली (0) को आउट कर दिया, लेकिन इससे कप्तान रोहित के तूफानी तेवर पर कोई फर्क नहीं पड़ा। उन्होंने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 19 गेंदों में अपने करियर का सबसे तेज अर्धशतक ठोक डाला। कोहली के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आये रिषभ पंत के साथ रोहित ने दूसरे विकेट के लिय 87 रन जोड़े। रिषभ पंत 14 गेंदों में (15) रन बनाकर आउट हुये, लेकिन इससे भी रोहित की बल्लेबाजी पर कोई फर्क नहीं पड़ा। बल्लेबाजी करने आये सूर्यकुमार यादव ने अपने हाथ अजमाते हुए मैदान के चारों ओर शानदार शॉट लगाये। उन्होंने 16 गेंदों में (31) रन बनाये। 12वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने रोहित को बोल्ड कर उन्हें विश्वकप में रिकॉर्ड शतक बनाने से रोक दिया। हालांकि तब रोहित अपनी टीम को मजबूत स्कोर की ओर अग्रसर कर चुके थे।

रोहित ने 41 गेंदों में सात चौके और आठ छक्के लगाते हुये (92) रनों की पारी खेली। शिवम दुबे ने 22 गेंदों में (28) रन बनाये। हार्दिक पांड्या 17 गेंदों में 27 रन बनाकर और रवींद्र जडेजा 5 गेंदों में नौ रन बनाकर नाबाद रहे।

भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 205 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क और मार्कस स्टॉयनिस ने दो-दो विकेट लिये। जॉश हेजलवुड ने एक बल्लेबाज को आउट किया। 206 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की भी शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में डेविड वॉर्नर (6) का विकेट गवां दिया।

टी-20 विश्वकप में रोहित का सर्वोच्च स्कोर

92 बनाम ऑस्ट्रेलिया	ग्रोस आइलेट (2024)
79* बनाम ऑस्ट्रेलिया	ब्रिजटाउन (2010)
74 बनाम अफगानिस्तान	अबु धाबी (2021)
62* बनाम वेस्टइंडीज	मीरपुर (2014)

टी-20 विश्व कप में भारत के लिए बड़ी पारी

101 सुरेश रैना बनाम साउथ अफ्रीका ग्रॉस, आइलेट (2010)	
92 रोहित शर्मा बनाम ऑस्ट्रेलिया ग्रॉस, आइलेट (2024)	
89* विराट कोहली बनाम वेस्टइंडीज, वानखेड़े (2016)	
82* विराट कोहली बनाम ऑस्ट्रेलिया, मोहाली (2022)	
82* विराट कोहली बनाम पाकिस्तान, मेलबर्न (2022)	

03 विकेट लिए अर्शदीप सिंह ने

02 विकेट लिए कुलदीप यादव ने

स्कोर बोर्ड

भारत			205/5 (20 ओवर)
	रन	गेंद	4/6
रोहित शर्मा बोल्ड मिचेल स्टार्क	92	41	7/8
विराट कोहली कैच डेविड बो जोश	0	5	0/0
ऋषभ पंत कैच जोश बो स्टोइनिस	15	14	1/1
सूर्यकुमार यादव कैच वेड बो स्टार्क	31	16	3/2
शिवम दुबे कैच वॉर्नर बो स्टोइनिस	28	22	2/1
हार्दिक पंड्या नाबाद	27	17	1/2
रवींद्र जडेजा नाबाद	9	5	0/1

अतिरिक्त -06 रन, विकेट पतन: 1-6, 2-93, 3-127, 4-159, 5-194,

गेंदबाज : मिचेल स्टार्क 4-0-45-2, जोश हेजलवुड 4-0-14-1, पैट कमिंस 4-0-48-0, एडम जम्पा 4-0-41-0, मार्कस स्टोइनिस 4-0-56-2।

ऑस्ट्रेलिया			181/7 (20ओवर)
	रन	गेंद	4/6
डेविड वॉर्नर कैच यादव बो. अर्शदीप	06	06	1/0
ट्रैविस हेड कैच रोहित बो. बुमराह	76	43	9/4
मिचेल मार्श कैच अक्षर बो. कुलदीप	37	28	3/2
ग्लेन मैक्सवेल बोल्ड कुलदीप यादव	20	12	2/1
मार्कस स्टोइनिस कैच पंड्या बो. अक्षर	04	04	0/0
टिम डेविड कैच बुमराह बो. अर्शदीप	15	11	1/1
मैथ्यू वेड कैच कुलदीप बो. अर्शदीप	01	02	0/0
पैट कमिंस नाबाद	11	07	0/1
मिचेल स्टार्क नाबाद	04	07	0/0

अतिरिक्त- 09 रन, विकेट पतन: 1-6, 2-87, 3-128,4-135, 5-150, 6-153, 7-166

गेंदबाज : अर्शदीप सिंह 4-0-37-3, जसप्रीत बुमराह 4-0-29-1, अक्षर पटेल 3-0-21-1, हार्दिक पंड्या 4-0-47-0, कुलदीप यादव 4-0-24-2, रवींद्र जडेजा 1-0-17-0।

बांग्लादेश रोक सकता है अफगान का सफर

किंग्सटाउन, एजेंसी

पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर उत्साह से ओतप्रोत अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में आत्ममुग्धता से बचना होगा। अफगानिस्तान ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की टीम को हराकर पहली बार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा।

बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले उसकी टीम हालांकि भारत की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के लिए दुआ करेगी। भारत की टीम इस ग्रुप से सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में सबसे आगे है क्योंकि उसका नेट रन रेट अन्य टीमों से बेहतर है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच का परिणाम कुछ भी हो, अफगानिस्तान की टीम बांग्लादेश के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। बांग्लादेश की टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है।

अफगानिस्तान ने दिखा दिया है कि उसकी टीम के पास बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने की मानसिकता और कौशल दोनों हैं तथा अब वह जीत के लिए केवल अपने गेंदबाजों पर ही निर्भर नहीं है।

टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित किया है और अफगानिस्तान इन दोनों से बांग्लादेश के खिलाफ भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।

टीमें : अफगानिस्तान : राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़, इब्राहिम ज़द्रन, अज़मतुल्लाह उमरज़ई, नजीबुल्लाह ज़दरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हज़रतुल्लाह ज़ज़ई, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फ़ज़लहक फ़ारूकी, फ़रीद अहमद मलिक।

बांग्लादेश : तनजीद हसन, लिटन दास, नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), शाकिब अल हसन, तौहीद हृदॉय, महमूदुल्लाह, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, तनजीम हसन साकिब, मुस्तफिजुर रहमान, जैकर अली, तनवीर इस्लाम, शोरफुल इस्लाम, सौम्या सरकार।

मैच भारतीय समयानुसार आज सुबह 6 बजे शुरू होगा।

सफलता की नई कहानी लिख रही अफगानी टीम

नयी दिल्ली, एजेंसी। युद्ध की तबाही, बुनियादी ढांचे की कमी और अपना कोई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम नहीं होने के बाद भी अफगानिस्तान की टीम वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व में सुपर आठ में जगह पक्की करने के बाद सेमीफाइनल की दावेदारी में बनी हुई है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड 1995 में अस्तित्व में आया था।

यह देश 2001 में आईसीसी का संबद्ध सदस्य बना और इसके एक दशक बाद उसे टेस्ट खेलने का दर्जा मिला। अफगान 2017 से आईसीसी का पूर्ण सदस्य है। टीम ने टी20 विश्व कप में टीम ने न्यूजीलैंड को बड़े अंतर से शिकस्त देकर सुपर आठ चरण में जगह पक्की की। सुपर आठ में उसने 2021 की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

जिम्बाब्वे दौरे के लिए गिल कप्तान

नयी दिल्ली, एजेंसी

युवा रियान पराग, अभिषेक शर्मा और नीतिश रेड्डी को आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण जिम्बाब्वे दौरे के लिये पहली बार भारतीय क्रिकेट टीम में जगह मिली है जबकि शुभमन गिल टीम के कप्तान होंगे। वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 विश्व कप खेल रहे सीनियर खिलाड़ियों कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, रविंद्र जडेजा और बुमराह को आराम दिया गया है।

जिम्बाब्वे दौरा छह जुलाई से शुरू होगा, जिसमें पांच टी-20 मैच खेले जायेंगे। पराग, अभिषेक और रेड्डी के अलावा तुषार देशपांडे, हर्षित राणा, आवेश खान और रिंकू सिंह को भी आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल किया गया है। टी-20 विश्व कप में शामिल संजू और यशस्वी को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली। गिल और आवेश टी-20 विश्व कप में रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें ग्रुप चरण के मैचों के बाद रिलीज कर दिया गया। नये खिलाड़ियों में अभिषेक और पराग ने आईपीएल के इस सत्र में अच्छी बल्लेबाजी की। पंजाब के बल्लेबाज अभिषेक ने आईपीएल में हैदराबाद के लिये खेलते हुए 484 रन बनाये जबकि राजस्थान के पराग ने 573 रन जोड़े।

टीम : शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, रूतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, नीतिश रेड्डी, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे।

भारत की पुरुष और महिला तीरंदाजी टीमें ओलंपिक में

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारत ने सोमवार को विश्व तीरंदाजी की नवीनतम रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए तीरंदाजी में पुरुष और महिला टीम कोटा हासिल कर लिया।

भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में क्वालिफिकेशन हासिल करने में नाकाम रहे देशों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर टीम कोटा पक्का किया। भारत इस तरह से पेरिस में सभी पांच पदक स्पर्धाओं (पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित श्रेणियों) में प्रतिस्पर्धा करने का पात्र होगा। पुरुष वर्ग में रैंकिंग के आधार पर भारत और चीन ने कोटा हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में भारत के अलावा इंडोनेशिया कोटा हासिल करने वाला दूसरा देश रहा।

ओलंपिक में 12 देश टीम स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगे जबकि मिश्रित प्रतियोगिताओं में पांच टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह पहली बार है जब तीन चरण के ओलंपिक क्वालीफायर के बाहर रहने वाले शीर्ष दो देशों को टीम कोटा प्रदान किया गया है।

भारतीय टीम :

पुरुष : तरुणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव।

महिला : दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भकत।

जर्मनी ने स्विट्जरलैंड को ड्रॉ पर रोका

फ्रैंकफर्ट (जर्मनी), एजेंसी। निकोलस फुलक्रग के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से जर्मनी ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के मैच में स्विट्जरलैंड को 1-1 से बराबरी पर रोक कर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

जर्मनी यूरोपीय चैंपियनशिप में स्विट्जरलैंड के खिलाफ पहली हार के करीब था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी फुलक्रग ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में खूबसूरत गोल किया जिससे जर्मन टीम के खिलाड़ियों ने ही नहीं दर्शकों ने भी राहत की सांस ली। फुलक्रग ने एक रक्षक और स्विट्जरलैंड के गोलकीपर यान सोमर को छकाकर गोल किया। इससे पहले स्विट्जरलैंड ने 28वें मिनट में डैन एनडोये के गोल की मदद से बढ़त हासिल की थी।

गोल करने के बाद जश्न मनाते जर्मनी के खिलाड़ी हुए। ● एजेंसी

डिनामो जगरेब की खिताबी जीत में भारतीय तिकड़ी की अहम भूमिका

नयी दिल्ली। ज्योति चौहान, एमके काशमीना और किरण पिस्दा की भारतीय तिकड़ी ने जेडएनके डिनामो जगरेब को क्रोएशियाई महिला फुटबॉल कप दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई। यह इस क्लब का क्रोएशिया के शीर्ष स्तर के महिला फुटबॉल का पहला बड़ा खिताब है। मणिपुर की 25 साल की कशमीना ने 19 बार की चैंपियन टीम ओसिजेक के खिलाफ फाइनल मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटने के बाद पेनल्टी शूट ऑफ के आखिरी मौके को गोल में बदल कर टीम को 5-4 से जीत दिलायी। डिनामो जगरेब ने पिछले दो सत्र में चार भारतीय खिलाड़ियों को मौका दिया है जिसमें ज्योति और सौम्या गुगुलोथ 2022 में इस टीम से जुड़ी थी जबकि किरण और कशमीना बाद भी यहां आयी।

उरुग्वे ने जीत से अपना अभियान शुरू किया

मियामी गार्डन्स, एजेंसी

कोपा कप
- **ग्रुप-सी में पनामा को 3-1 से दी करारी शिकस्त**
- **उरुग्वे की टीम लुईस सुआरेज के बिना उतरी थी मैदान पर**

उरुग्वे ने कोपा अमेरिका कप फुटबॉल का खिताब रिकॉर्ड 16वीं बार जीतने के लक्ष्य के साथ अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप-सी में पनामा पर 3-1 की जीत के साथ की। उरुग्वे की टीम इस मैच में देश के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले दिग्गज लुइस सुआरेज के बिना मैदान में उतरी थी।

मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 16वें मिनट में उरुग्वे का खाता खोला जबकि डार्विन नुनेज (85वें मिनट) और मैटियास विना (90+1 मिनट) ने आखिरी पलों में छह मिनट के अंदर दो गोल टीम की जीत को पक्का कर दिया। इस पूरे मैच में उरुग्वे का दबदबा रहे जो 20 बार पनामा की रक्षापंक्ति को भेदने में सफल रहा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की

दुबई, एजेंसी

- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी अल-नाहयान के साथ चर्चा की
- दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के विविध क्षेत्रों में हुई ठोस प्रगति पर खुशी जतायी

यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद के साथ विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ दोनों देशों के बीच बहुआयामी व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की और सहयोग बढ़ाने के लिए ऐसे नए क्षेत्रों पर चर्चा की, जिनमें अभी संभावनाओं को तलाशा नहीं गया है।

रविवार को संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर आए जयशंकर ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी अल-नाहयान के साथ चर्चा की। उन्होंने अल नाहयान से मुलाकात से पहले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लिया। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि दोनों विदेश मंत्रियों ने बहुआयामी भारत-संयुक्त अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की। एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने वाणिज्यिक व आर्थिक सहयोग, फिनटेक, शिक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच परस्पर संपर्क समेत द्विपक्षीय सहयोग के विविध क्षेत्रों में हुई ठोस प्रगति पर खुशी जतायी। दोनों मंत्रियों ने और सहयोग बढ़ाने के लिए ऐसे नए क्षेत्रों पर चर्चा कीए जिनमें अभी तक संभावनाएं तलाशी नहीं गयी हैं और उन्होंने क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर भी विचार साझा किए।

अमेरिका निर्मित मिसाइलों के इस्तेमाल पर राजदूत तलब

मास्को, एजेंसी

- रूसी विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राजदूत से विरोध दर्ज कराया

रूस के कब्जे वाले क्रीमिया पर यूक्रेन के हमले में अमेरिका निर्मित मिसाइलों के इस्तेमाल को लेकर रूसी विदेश मंत्रालय ने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए सोमवार को अमेरिकी राजदूत को तलब किया। इस हमले में चार लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

रूस के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अमेरिका, यूक्रेन के युद्ध में प्रभावी रूप से एक पक्ष बन गया है और निश्चित रूप से जवाबी कार्रवाई की जाएगी। क्रीमिया पर रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था। रूसी अधिकारियों ने कहा कि रविवार के हमले में मारे गए लोगों में दो बच्चे भी शामिल थे, जो क्रीमिया के बंदरगाह शहर सेवस्तोपोल के तटीय क्षेत्र में यूक्रेन द्वारा दागी गईं मिसाइलों के मलबे की चपेट में आ गए। रूसी अधिकारियों ने कहा कि हमलों में क्लस्टर हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया जिसके बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि लड़ाकों की तुलना में आम नागरिकों को इससे ज्यादा नुकसान होता है। रूस ने कहा कि ये मिसाइलें अमेरिका में बनी एटीएसीएमएस थीं, जो लंबी दूरी की निर्देशित मिसाइल है। रूस ने अमेरिकी राजदूत लिन ट्रेसी को विदेश मंत्रालय में तलब किया।

द.कोरिया में लिथियम बैटरी बनाने वाली फैक्ट्री में आग, 16 की मौत

सियोल, एजेंसी

फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लगी भीषण आग।

दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के समीप लिथियम बैटरी बनाने वाली फैक्ट्री में सोमवार को आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गयी, सात घायल हो गए तथा छह लोग लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय दमकल अधिकारी किम जिन-यंग ने बताया कि बचाव कर्मियों ने सियोल के दक्षिणी क्षेत्र ह्वासियोंग शहर में फैक्ट्री की तलाशी के बाद शव बरामद किए। किम ने पहले बताया था कि ज्यादातर लापता लोग विदेशी हैं, जिनमें चीनी नागरिक शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि लापता लोगों के मोबाइल फोन के सिग्नल फैक्ट्री की दूसरी मंजिल से आने का पता चला है। उन्होंने कहा कि एक प्रत्यक्षदर्शी ने प्राधिकारियों को बताया कि जब कर्मचारी बैटरियों की जांच और उन्हें पैक कर रहे थे तो उनमें विस्फोट हो गया, जिससे आग लग गयी लेकिन आग लगने की असली वजह की अभी जांच की जाएगी। किम ने बताया कि आग लगने के समय फैक्ट्री में कुल 102 लोग काम कर रहे थे।

एक नजर

अमेरिका में रैपर चार्ल्स की गोली मारकर हत्या

वाशिंगटन। अमेरिका के रैपर चार्ल्स जोन्स की गोली मारकर हत्या कर दिये जाने की घटना सामने आयी है। जोन्स के वकील ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रैपर की 26वें जन्मदिन के दो दिन बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई। एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को टाम्पा शहर के एक होटल में रविवार को गोलीबारी की सूचना मिली।घटनास्थल पर पहुंचने पर उन्हें पार्किंग में गोलियों से छलनी दो गाड़ियां मिलीं। पुलिस के अनुसार गोलीबारी में जोन्स की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

राजकुमारी एनी को मामूली चोट लगी

लंदन। गैटकोम्ब पार्क एस्टेट में रविवार को हुई एक घटना में राजकुमारी एनी को मामूली चोट और सिर में चोट आयी है। यह जानकारी बकिंघम पैलेस ने दी। ब्रिटेन के महाराज चार्ल्स तृतीय की 73 वर्षीय बहन एनी को एहतियात के तौर पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनके पूरी तरह ठीक होने की उम्मीद है। बकिंघम पैलेस ने सोमवार को एक बयान में कहा, चार्ल्स को पूरी जानकारी दी गई है और उन्होंने पूरे शाही परिवार के साथ मिलकर राजकुमारी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। बयान में कोई अन्य विवरण नहीं दिया गया है।

उ. कोरिया ने सियोल की ओर फिर से गुब्बारे छोड़े

सियोल। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की ओर फिर से गुब्बारे छोड़े हैं, जिन पर संभवत: कचरा रखा हुआ है। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि गुब्बारे दक्षिण (कोरिया) की ओर बढ़ रहे हैं। बयान में, दक्षिण कोरिया के लोगों से इन गुब्बारों को न छूने की अपील की गई है तथा इस बारे में सेना और पुलिस अधिकारियों को सूचित करने को कहा गया है।

पश्चिमी जापान में भूस्खलन की चेतावनी

टोक्यो। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने सोमवार को कहा कि मंगलवार तक पश्चिमी जापान में गरज के साथ अतिवृष्टि होने का आसार है, जिससे भूस्खलन के लिए सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। मौसम एजेंसी ने कहा कि गर्म और नम हवाएं पश्चिमी जापान में मौसमी बारिश की संभावनाएं बना रही हैं, जिसने इस क्षेत्र में वायुमंडलीय स्थितियां बहुत अस्थिर बना दी हैं।

रूस आतंकवादी हमले में 15 पुलिस अधिकारी समेत 19 लोगों की मौत

रविवार शाम बंदूकधारियों ने डर्बेंट और माखचकाला शहरों में गोलीबारी की थी

मॉस्को, एजेंसी

- आतंकवादी हमलों में शामिल पांच बंदूकधारियों को पुलिसकर्मियों ने मार गिराया
- राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी समिति ने कहा कि बंदूकधारियों की पहचान कर ली गई है

रूस के दागेस्तान में आतंकवादी हमले में 19 लोगों की मौत हो गयी है। मरने वालों में 15 पुलिस अधिकारी और एक पादरी और चार नागरिक हैं। आतंकवादी हमलों में शामिल पांच बंदूकधारियों को पुलिस ने मार गिराया है। रूस की जांच समिति ने सोमवार को यह जानकारी दी।

रविवार शाम को अज्ञात बंदूकधारियों ने डर्बेंट और माखचकाला शहरों में दो चर्चों, एक आराधनालय और एक यातायात थाना पर गोलीबारी की जिससे अधिकारियों को आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू करना पड़ा। इससे पहले दिन में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी समिति ने कहा कि ऑपरेशन पूरा हो गया है। समिति ने एक बयान में कहा, प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, 15 पुलिस अधिकारी मारे गए। साथ ही एक रूढ़िवादी पादरी सहित चार नागरिक मारे गए। इसके अतिरिक्त, आतंकवादी हमलों में शामिल पांच बंदूकधारियों को मार गिराया गया है। बयान में कहा गया है कि उनकी पहचान कर ली गई है।

हमलों की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। अधिकारियों ने एक आतंकवादी अधिनियम के आरोप में एक आपराधिक जांच शुरू की। इससे पहले देर रात आई विदेशी मीडिया की शुरुआती खबर में इसे आतंकी हमला बताया गया। वहीं हमलावरों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के दौरान रूस के सुरक्षाबलों ने कई हमलावरों को मार गिराया।

खबर के मुताबिक आतंकी हमले के बाद यहूदियों के धर्मस्थल की एक मंजिल पर बनी खिड़कियों से आग की बड़ी-बड़ी लपटें निकलती देखी गईं। धुएं का गुबार भी देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को तीन जगहों पर हमले किए गए। माखचकाला शहर में पुलिस यातायात स्टॉप पर हमले की खबरें मिली हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हमलों में 12 कानून प्रवर्तन अधिकारी घायल भी हुए हैं।

अधिकारियों के मुताबिक तीनों जगहों पर हमले के तरीके और समय को देखते हुए ऐसा लगता है कि हमलावरों ने संगठित तरीके से हमले किए। जिस समय डर्बेंट शहर में हमला हुआ उसी समय यहां से करीब 120 किलोमीटर दूर माखचकाला में पुलिस यातायात चौकी पर भी गोलीबारी की गई। इस हमले में एक पुलिसकर्मी के घायल होने की भी खबर है। दागेस्तान रूस और पुतिन के लिए किसी दुखती रग की तरह है। पहले भी यहां हमले होते रहे हैं। इस बार हमला यहूदियों के उपासना स्थल सिनेगॉग, दो चर्च और एक पुलिस पोस्ट पर हुआ। ये आतंकी हमला पुतिन के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है।

हमास के वरिष्ठ हथियार विशेषज्ञ को मार गिराने का दावा

यरुशलम। इजरायल की सेना ने सोमवार को दावा किया कि उसने गाजा पट्टी में हमास के एक वरिष्ठ हथियार विशेषज्ञ को मार दिया है और वह राफा शहर में आक्रमण जारी रखेगा। इजरायली सेना ने ताजा बयान में कहा कि हमास में हथियार बनाने वाले मुख्यालय में वह परियोजना और विकास प्रभारी के रूप में हथियार विशेषज्ञ के तौर पर काम करता था। वह रणनीतिक हथियार बनाने की एक परियोजना का हिस्सा था और उसने हथियार बनाने के काम करने वाले कई दस्तों की कमान संभाल रखी थी।

युद्ध समाप्ति के समझौते पर सहमत नहीं होंगे : नेतन्याहू

तेल अवीव, एजेंसी

- टिप्पणी से बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश

गाजा में आठ महीने से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव की व्यवहारिकता पर सोमवार को उस समय संदेह के बादल छा गए, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वे केवल आंशिक युद्धविराम के समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार होंगे, जिससे युद्ध समाप्त नहीं होगा। नेतन्याहू की इस टिप्पणी से हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश फैल गया।

रविवार देर रात इजराइली चैनल 14 पर प्रसारित एक साक्षात्कार में नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में अब भी बंधक बनाए गए लगभग 120 लोगों का जिक्र करते हुए कहा कि वह आंशिक समझौता करने के लिए तैयार हैं और यह कोई रहस्य नहीं है, जिससे हमें कुछ लोग वापस मिल जाएंगे।

आतंकवाद की अनदेखी न हो: उच्चायुक्त

ओटावा, एजेंसी

- कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर कहा कि आतंकवाद की कोई सीमा या राष्ट्रीयता नहीं होती

भारत ने कनाडा में आतंकवाद का महिमामंडन करने वाले कृत्यों को निंदनीय करार देते हुए कहा है कि विश्व में किसी भी देश की सरकार को अपनी धरती से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के खतरे की अनदेखी राजनीतिक फायदे के लिए नहीं करनी चाहिए। भारतीय उच्चायोग ने 1985 में हुए कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर एक बयान में कहा कि आतंकवाद की कोई सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल नहीं होती।

मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एअर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या-182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया था, जिससे विमान में सवार 86 बच्चों समेत सभी 329 लोग मारे गए थे। इनमें से ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे। माना जाता है कि 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाए गए ऑपरेशन ब्लूस्टार के प्रतिशोध में सिख आतंकवादियों ने कनिष्क बम विस्फोट को अंजाम दिया था। ओटावा में भारतीय उच्चायोग और टोरंटो तथा वैंकूवर में भारत के वाणिज्य दूतावासों ने, 1985 में आतंकवाद के घृणित कृत्य में मारे गए लोगों की याद में रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया था।

हिजबुल्लाह ने बेरूत हवाई अड्डे पर जमा किए हथियार

बेरूत, एजेंसी

- कर्मचारियों ने हिजबुल कमांडरों और ईरान से लाए जाने वाले असामान्य बड़े बक्से देखे
- लेबनान के श्रम और परिवहन मंत्री अली हमीह ने रिपोर्ट को गलत और भ्रामक बताया

लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने बेरूत के हवाई अड्डे पर मिसाइलों और विस्फोटकों सहित भारी मात्रा में ईरानी हथियार जमा कर रखे हैं। द टेलीग्राफ अखबार ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक हवाई अड्डे पर वहां के कर्मचारियों ने हिजबुल कमांडरों और ईरान से लाये जाने वाले असामान्य बड़े बक्से देखे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हवाईअड्डे के कर्मचारियों ने भी चिंता व्यक्त की कि हवाईअड्डा प्राथमिक सैन्य लक्ष्य बन सकता है। दूसरी तरफ लेबनान के श्रम और परिवहन मंत्री अली हमीह ने रिपोर्ट को गलत और भ्रामक बताते हुए सभी मीडिया आउटलेट्स और राजदूतों या उनके प्रतिनिधियों को हवाई अड्डे का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि वहां कोई हथियार नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री से संपर्क किया है। हम झूठे आरोपों और बेरूत हवाई अड्डे की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए द टेलीग्राफ अखबार के खिलाफ मुकदमा दायर करेंगे।

चीन के उप विदेश मंत्री नेपाल पहुंचे

काठमांडू। चीन के उप विदेश मंत्री सुन विदोंग तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को काठमांडू पहुंचे। अपनी यात्रा के दौरान वह देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और नेपाल-चीन राजनयिक परामर्श तंत्र की 16वीं बैठक में भाग लेंगे।

विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव कृष्ण प्रसाद ढकाल ने यहां त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने पर चीनी उप विदेश मंत्री का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नेपाल-चीन राजनयिक परामर्श तंत्र की 16वीं बैठक मंगलवार को राजधानी काठमांडू में होगी। काठमांडू में होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों और द्विपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी।

सिंधु जल संधि: पाकिस्तानी डेलिगेशन निरीक्षण के लिए जम्मू-कश्मीर पहुंचा

जम्मू, एजेंसी

- चिनाब घाटी में किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं का निरीक्षण होगा

सिंधु जल संधि के तहत जम्मू-कश्मीर में दो पनबिजली परियोजनाओं का निरीक्षण करने के लिए एक पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल तटस्थ विशेषज्ञों के साथ रविवार शाम यहां पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। साल 1960 की संधि के विवाद निपटान तंत्र के तहत पांच साल से अधिक समय में किसी पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की यह पहली जम्मू-कश्मीर यात्रा है।

भारत और पाकिस्तान ने नौ साल की बातचीत के बाद सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें विश्व बैंक भी हस्ताक्षरकर्ता के रूप में शामिल हुआ था। यह संधि सीमा के दोनों ओर की नदियों के पानी के उपयोग पर समन्वय एवं सूचनाओं के आदान प्रदान का प्रावधान करती है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। जनवरी 2019 में तीन सदस्यीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने आखिरी बार आईडब्ल्यूटी के प्रावधानों के तहत पाकल दुल और लोअर कलनाई जलविद्युत परियोजनाओं का निरीक्षण किया था। अधिकारियों ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल केंद्र शासित प्रदेश में चिनाब घाटी में किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं का निरीक्षण करेगा।

तोशाखाना मामले की जल्द सुनवाई को अपील

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय से तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में निर्वाचन आयोग द्वारा उन्हें अयोग्य ठहराये जाने के खिलाफ उनकी अपील पर जल्द सुनवाई का अनुरोध किया। पिछले साल दिसंबर में, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान ने तोशाखाना के उपहारों की जानकारी सार्वजनिक रूप से घोषित नहीं करने के मामले में उन्हें दोषी ठहराते हुए पांच साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य करार देने के आयोग के फैसले को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। अपील में दलील दी गई है कि खान को पार्टी प्रमुख के रूप में काम करने पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

अमेरिका के टेक्सास में गोलीबारी में भारतीय नागरिक की मौत

नई दिल्ली। अमेरिका के टेक्सास प्रांत में डकैती की घटना के दौरान गोलीबारी में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। ह्यूस्टन स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी है। वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर अपनी पोस्ट में बताया कि टेक्सास प्रांत के डलास में प्लेज़ेंट ग्रोव में एक डकैती के दौरान गोलीबारी की घटना में भारतीय नागरिक गोपी कृष्ण दासारी के दुखद निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। दूतावास ने कहा, हम मृतक के परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। भारतीय वाणिज्य दूतावास दासारी के स्थानीय परिजनों के संपर्क में है और अपने स्तर पर एवं विभिन्न भारतीय संगठनों के माध्यम से हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

बॉलीवुड हलचल

गदर 3 में काम करना चाहती हैं अमीषा पटेल

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री अमीषा पटेल गदर 3 में काम करना चाहती हैं। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर : एक प्रेम कथा वर्ष 2001 में प्रदर्शित हुयी थी। इस फिल्म में सन्नी देओल और अमीषा पटेल ने मुख्य भूमिका निभायी। पिछले वर्ष गदर : एक प्रेम कथा की सीक्वल गदर 2 प्रदर्शित हुयी। अब अनिल शर्मा गदर 3 बना रहे हैं। अमीषा पटेल ने हाल ही में एक आस्क मी एनीथिंग सेशन ट्विटर यानी एक्स पर किया। अमीषा ने यहां अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में बातें की। अमीषा पटेल ने कहा कि वह गदर-3 में काम करना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि निर्देशक अनिल शर्मा उनके लिए फैमिली के जैसे ही हैं। उन्होंने कहा, हमारे रचनात्मक मतभेद फिल्म की बेहतरी के लिए हैं, लेकिन एक-दूसरे के प्रति हमारा सम्मान और लगाव इन सबसे कहीं अधिक गहरा है, इसलिए हां, यदि हम एक ही पृष्ठ पर हैं तो निश्चित रूप से गदर 3 में खुशी से काम करेंगे। अमीषा पटेल ने अपनी हिट फिल्म हमराज के बारे में कहा कि यह अभी पाइपलाइन में हैं। अब्बास मस्तान इसकी स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं।

अक्षय कुमार की सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी रिलीज हो गया है। अपनी आगामी फिल्म सरफिरा के ट्रेलर रिलीज के बाद जंगली म्यूजिक और फिल्म के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला ट्रैक मार उड़ी रिलीज किया है। यदु कृष्णन, सुगंध शेकर, हेस्टन रोड्रिग्स और अभिजीत राव द्वारा स्वरबद्ध किया गया और मनोज मुंतशिर शुक्ला द्वारा लिखित, मार उड़ी साहस की भावना का प्रतीक है। गाने में जी.वी. प्रकाश कुमार का कम्पोजीशन है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधा कोंगारा द्वारा निर्देशित सरफिरा एक मनोरंजक कहानी है जो स्टार्ट-अप और विमानन की दुनिया पर प्रकाश डालती है। सच्ची कहानियों और कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित यह फिल्म धैर्य और दृढ़ता की एक जबरदस्त तस्वीर पेश करती है।

सोल्जर का सीक्वल बनायेंगे रमेश तौरानी!

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार रमेश तौरानी सुपरहिट फिल्म सोल्जर का सीक्वल बनाने की तैयारी कर रहे हैं। वर्ष 1998 में प्रदर्शित रमेश तौरानी निर्मित और अब्बास-मस्तान निर्देशित सुपरहिट फिल्म सोल्जर में बॉबी देओल, प्रीति जिंटा, राखी, सुरेश ओबेराय, दिलीप ताहिल ने मुख्य भूमिका निभायी थी।इस फिल्म को दर्शकों ने बेहद पसंद किया था। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट बनने वाला है। रमेश तौरानी सोल्जर का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। उन्होंने बताया है कि 'सोल्जर' के सीक्वल पर काम चल रहा है। जल्द ही इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट की जायेगी।

खगोल विज्ञान पृथ्वी से 5,300 प्रकाश वर्ष की दूरी पर पप्पीस तारामंडल में स्थित है यह तारों की नर्सरी

निहारिका में जन्म लेते शिशु तारों की हुई खोज

संवाददाता, नैनीताल

- तारों की दुनिया के विकास को लेकर यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही

निहारिका आरसीडब्ल्यू 7।

अमृत विचार : हबल ने निहारिका में जन्म लेते शिशु तारों को खोज की है। इस निहारिका का नाम आरसीडब्ल्यू 7 है, जो पृथ्वी से 5,300 प्रकाश वर्ष की दूरी पर पप्पीस तारामंडल में स्थित है। तारों की दुनिया के विकास को लेकर यह महत्वपूर्ण खोज मानी जा रही है। निहारिकाएं नए तारे बनाने के लिए आवश्यक कच्चे माल से समृद्ध नर्सरी होती है। जिसमें तारों के निर्माण के साथ गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की विस्तृत जानकारी हासिल की जा सकती है। इनमें आणविक बादलों के कुछ हिस्से नष्ट होने के साथ ही बादलों के विकासशील तारों में परिवर्तित होने की जानकारी भी मिलती है। इन तारों को प्रोटोस्टार कहा जाता है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि आरसीडब्ल्यू 7 में बनने वाले प्रोटोस्टार विशेष रूप से विशाल हैं, जो जोरदार आयनकारी विकिरण और भयंकर तारकीय हवाएं छोड़ते हैं। तारों के निर्माण क्षेत्र में हाइड्रोजन आयन को सामान्य हाइड्रोजन परमाणु में संदर्भित करने की सटीक जानकारी मिल पाती है। कुल मिलाकर तारों के निर्माण की प्रक्रिया की सही जानकारी मिल पाती है। यह निहारिका आणविक बादल के अंत की शुरुआत का प्रतीक है। जिसमें कुछ मिलियन वर्षों के भीतर विशाल तारों से निकलने वाला विकिरण और हवाएं धीरे-धीरे नीहारिका की गैस को तितर-बितर कर देंगी। विशाल तारे सुपरनोवा विस्फोटों में अपने जीवन के अंत तक पहुंच जाते हैं। इस निहारिका में नए तारे निहारिका की गैस का केवल एक अंश ही शामिल करेंगे, शेष पूरी आकाशगंगा में फैल जाएगा और अंततः नए आणविक बादल बनेंगे।

निहारिकाओं के बारे में सीमित है जानकारी

नैनीताल : निहारिकाओं के बारे में हमारी जानकारी बहुत अधिक नहीं है, जबकि निहारिका ब्रह्मांड का वह क्षेत्र है, जहां न केवल तारों के अंत की विस्तृत जानकारी हासिल की जा सकती है, बल्कि तारों की उत्पत्ति व ग्रहों के विकास के साथ कई अन्य जानकारी हासिल की जा सकती है।